हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

www.naisochlive.com | पटना, शुक्रवार, 12 जून 2026, वर्ष- 09, अंक- 108, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

पेज : 12

अफगानिस्तान के खिलाफ पहले एकदिवसीय में उतरते ही रोहित शर्मा बनायेंगे रिकार्ड



# केंद्र और राज्य मिलकर दे सकते हैं 'विकसित भारत' के साझा लक्ष्य को गति : प्रधानमंत्री



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र और राज्य विकास के साझेदार के रूप में मिलकर कार्य करें तो भारत 'विकसित भारत' के साझा लक्ष्य की दिशा में और अधिक तेजी से आगे बढ़ सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। नीति आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ने बैठक में कहा कि दुनिया इस समय अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, लेकिन भारत आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी विकास यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए सभी की सामूहिक जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्यों के बीच सहयोग, संवाद और अनुभवों का आदान-प्रदान विकास का आधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नीति आयोग राज्यों के बीच समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देने वाला एक प्रभावी मंच बन सकता है। राज्य एक-दूसरे के अनुभवों से सीखते हुए विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में मिलकर कार्य कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिनसे विकास और निर्यात के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि ये समझौते सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए भी वैश्विक बाजारों में प्रवेश का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। इसके लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत की जनसांख्यिकीय शक्ति एक ऐतिहासिक अवसर है। इसे खोया नहीं जा सकता। युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मांग आधारित कौशल विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। सशक्त युवा विकसित भारत की यात्रा के प्रमुख प्रेरक बनेंगे। उन्होंने कहा कि महिला नेतृत्व वाला विकास विकसित भारत की परिकल्पना का महत्वपूर्ण आधार है। कृषि, स्टार्टअप, विज्ञान और नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। राज्यों को महिलाओं की शिक्षा, कौशल विकास, सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि उनकी पूरी क्षमता का उपयोग देश के विकास में हो सके।

## प्रधानमंत्री मोदी ने विदेशी नेताओं की शुभकामनाओं पर जताया आभार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के लिए मिली शुभकामनाओं को लेकर गुरुवार को न्यूजीलैंड, जापान, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड सहित विश्व के अनेक नेताओं का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कई पोस्ट के जरिए इन नेताओं को धन्यवाद दिया। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की शुभकामनाओं के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों देशों की साझेदारी को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि वह इस सकारात्मक गति को आगे बढ़ाते हुए द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए उत्सुक हैं। इससे पहले लक्सन ने एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी को भारत का सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर बधाई देते हुए कहा था कि भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने में उनके साथ काम करना सुखद रहा और आने वाले वर्षों में दोनों देशों के सहयोग की व्यापक संभावनाओं को लेकर वह आशान्वित हैं। जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा के संदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें जापान-इंडिया एसोसिएशन का अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि किशिदा के नेतृत्व में यह संगठन भारत और जापान के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। किशिदा ने अपने संदेश में प्रधानमंत्री मोदी को 4,000 दिनों से अधिक समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने के लिए बधाई देते हुए उनके भावी प्रयासों की सफलता की कामना की थी। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री मैल्कम टर्नबुल की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह उनकी मित्रता और भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को मजबूत बनाने के प्रति उनके निरंतर समर्थन को अत्यंत महत्व देते हैं।

## देश में कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस की सप्लाई स्थिर : सरकार

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट के बादजूद देश में कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस की सप्लाई स्थिर बनी हुई है। सरकार ने कहा कि रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में अंतर-मंत्रालयी प्रेसवार्ता में कहा कि कुछ रिटेल आउटलेट्स पर मांग बढ़ने की खबर मिली है। फिर भी ऑयल मार्केटिंग कंपनियां पूरे नेटवर्क में सप्लाई को सुचारू और बिना किसी रुकावट के बनाए रखने के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों में घरेल रसोई गैस (कुकिंग) एलपीजी सिलेंडर की 1.40 करोड़ बुकिंग मिलीं है, जिनके मुकाबले 1.49 करोड़ डिलीवरी पूरी की गई है। उन्होंने बताया कि इसी दौरान लगभग 22,340 टन कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर बेची गई, जबकि 5 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की करीब 1.91 लाख यूनिट्स की भी सप्लाई की गई है। सुजाता शर्मा ने कहा कि कुछ रिटेल आउटलेट्स पर अभी भी काफी बिक्री हो रही है, लेकिन हम सरकारी तेल मार्केटिंग कंपनियों में सप्लाई सुचारू रूप से बनाए रखने की




कोशिश कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में पश्चिम एशिया में भारतीय नाविकों से जुड़ी कई घटनाएं सामने आई हैं। सरकार नाविक समुदाय की भलाई और सुरक्षा को बहुत महत्व देती है। उन्होंने कहा कि कल हमने ओमान के तट के पास एक जहाज पर हुए हमले की निंदा की, जिसमें दुर्भाग्य से तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। जायसवाल ने कहा कि हमने अपना कड़ा विरोध दर्ज कराने के लिए यूएस के चार्ज डी'अफेयर्स किया था। इस क्षेत्र में जहाजों पर लगातार हो रहे हमले बेहद चिंताजनक हैं और ये क्षेत्र में चल रहे संघर्ष का सीधा नतीजा हैं। इन हमलों को रोका जाना चाहिए। हम क्षेत्र में शांति और स्थिरता की जल्द बहाली सुनिश्चित करने के लिए बातचीत और कूटनीति का भी आह्वान करते हैं। विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम आर महाजन ने कहा कि हमारा पूरा ध्यान इस क्षेत्र में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने पर है। उन्होंने कहा कि जानकारी साझा करने और ज़रूरी कदम उठाने के लिए हम राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगातार संपर्क में हैं। महाजन ने कहा कि भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास समुदाय की सक्रिय रूप से मदद कर रहे हैं। वे 24x7 हेल्पलाइन चला रहे हैं, स्थानीय अधिकारियों के साथ करीबी संपर्क बनाए हुए हैं और यात्रा, नियमों, कांसुलर सेवाओं तथा कल्याणकारी उपायों के बारे में नियमित रूप से एडवाइज़री जारी कर रहे हैं। इसके अलावा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस. शर्मा ने बताया कि देश में उर्वरक का कुल स्टॉक अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा कि स्टॉक की स्थिति को देखते हुए पूरे देश में इसकी उपलब्धता पहले से ही 51 फीसदी है। इसमें कच्चा माल और तैयार उर्वरक की सप्लाई पक्की करने के लिए लंबे समय के आपूर्ति समझौते ने बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हमारे कई संयुक्त उद्यम हैं और विदेशों में अपने मिशन के जरिए हम स्ट्रेट ऑफ होर्मुज (एसओएच) के बाहर के देशों के साथ कच्चा माल और तैयार उर्वरक की सप्लाई के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिक्री हमेशा की तरह जोरों पर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट: गृहणियां अब राष्ट्र निर्माता, मासिक मूल्य 30,000 तय

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गृहणियों के संबंध में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है, जिसमें उन्हें केवल



होममेकर नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माता (नेशन बिल्डर) बताया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि घर और परिवार की देखभाल में उनके योगदान का महत्वपूर्ण आर्थिक मूल्य है, जिसे अनदेखा नहीं कर सकते है। इस योगदान को मान्यता देकर सर्वोच्च न्यायालय ने गृहणियों की मासिक आय 30,000 निर्धारित की है। जस्टिस संजय करोल और कोटिस्वर सिंह की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा, घरेलू महिलाएं घर में योगदान देती हैं। वे राष्ट्र निर्माता हैं। वे राष्ट्र का निर्माण करती हैं। इतना ही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने होममेकर शब्द को अब नेशन बिल्डर की पहचान भी मिलने की उम्मीद जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि मुआवजे की गणना करते समय घरेलू देखभाल सेवाओं के नुकसान को एक अलग मद के रूप में शामिल किया जाए, और इसके लिए गृहणी की काल्पनिक मासिक आय 30,000 रुपये तय की गई। यह फैसला गृहणियों के अमूल्य श्रम को कानूनी और आर्थिक मान्यता प्रदान करता है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कि देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश इस विषय की निगरानी करने , ताकि गृहणियों के योगदान को उचित और न्यायसंगत कानूनी मान्यता मिल सके। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि गृहिणियों का घरेलू श्रम और परिवार की देखभाल में दिया गया समय समाज और अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इस अब मुआवजे के निर्धारण में स्पष्ट रूप से मान्यता दी जाएगी।

### इजराइली सेना ने अल-अक्सा मस्जिद परिसर में चार इमारतों के ताले तोड़े



**यरुशलम।** यरुशलम की अल-अक्सा मस्जिद जो इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल है, एक बार फिर विवादों में आ गई है। फिलिस्तीनी निगरानी संगठन अल-कुद्स इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशन ने आरोप लगाया है कि इजराइल ने मस्जिद परिसर में मौजूद चार अहम इमारतों को खाली करा दिया है। ये सभी इमारतें जॉर्डन समर्थित इस्लामिक वक्फ के प्रशासनिक और धार्मिक कामों के लिए इस्तेमाल की जाती थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संगठन का कहना है कि इजराइली अधिकारियों ने सुरक्षा खतरे का हवाला देकर इन इमारतों को निशाना बनाया। आरोप है कि पिछले कुछ महीनों में इजराइली सेना ने इन परिसरों पर छापे मारे, उनके ताले तोड़ दिए और नए ताले लगाने की इजाजत भी नहीं दी। इसके बाद इन इमारतों को खुला छोड़ दिया गया और किसी भी व्यक्ति को अंदर जाने से रोका गया। खाली कराए गए चार परिसरों में इमाम अल-गजाली गुम्बद, दार अल-हदीस अल-शरीफ, कुब्बत सुलेमान और कुब्बत मूसा शामिल हैं। खास बात यह है कि ये चारों इमारतें अल-अक्सा परिसर के चार अलग-अलग कोनों में स्थित हैं। इसी वजह से फिलिस्तीनी संगठन इसे कोई संयोग नहीं बल्कि सुनियोजित कदम मान रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अल-कुद्स इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशन का दावा है कि इन परिसरों को खाली कराने का मकसद भविष्य में इजराइली पुलिस और प्रशासन के लिए वहां स्थायी नियंत्रण स्थापित करने का रास्ता तैयार करना है।

## विदिशा में 14 जून को रखी जाएगी कृषि विज्ञान केंद्र की आधारशिला

**एजेंसी। नई दिल्ली**



मध्यप्रदेश के विदिशा में 14 जून को कृषि विज्ञान केंद्र की आधारशिला रखी जाएगी। यह केंद्र कृषि क्षेत्र में एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा । इस केंद्र के बनने से यहां के किसानों को वैज्ञानिक रूप से खेती के लिए सलाह और सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा लाभ मिल सकेगा। गुरुवार को वीडियो सन्देश जारी कर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 14 जून विदिशा संसदीय क्षेत्र की खेती और किसानों के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा। 14 जून को सुबह 10 बजे विदिशा के बेरखेड़ी जट्टू में कृषि विज्ञान केंद्र का शिलान्यास किया जाएगा, यह कृषि विज्ञान केंद्र भारत का एक मॉडल कृषि विज्ञान केंद्र होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विदिशा, रायसेन, सीहोर और देवास जिले का हमने जो वैज्ञानिक कृषि रोडमैप बनाया है, उसको क्रियान्वित करने का काम प्रारंभ किया जाएगा। चौहान ने कहा कि 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत भी किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। नकली खाद को कैसे पहचानें, उससे कैसे बचें, आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से फसलों की बुआई, आधुनिक कृषि पद्धतियों का प्रदर्शन, मशीनों का प्रदर्शन, स्टॉल और सीखने के लिए बहुत कुछ होगा। उन्होंने आग्रह किया कि किसान खेती को समयानुकूल बनाने के लिए इस कार्यक्रम में आकर परामर्श लें।

## कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन, महंगाई, पेपर लीक के मुद्दे पर देशव्यापी आंदोलन का किया ऐलान

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**

कांग्रेस प्रश्नपत्र लीक, पेट्रोलियम पदार्थों की महंगाई, मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन खारिज किए जाने और देश की आर्थिक स्थिति को लेकर अगले दो से तीन महीने में राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करेगी। आंदोलन ब्लॉक स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक आयोजित किया जाएगा। इसकी विस्तृत रूपरेखा अगले कुछ दिनों में पार्टी जारी करेगी। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को यहां पार्टी महासचिवों, प्रदेश प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों



की करीब तीन घंटे चली बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। वेणुगोपाल ने मध्य प्रदेश में मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन खारिज किए जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उनके खिलाफ न तो कोई आपराधिक मामला था, न एफआईआर और न ही कोई आरोपपत्र। इसके बावजूद उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरी ओर झारखंड में भाजपा समर्थित एक कॉरपोरेट उम्मीदवार के नामांकन पत्र में कई विसंगतियां होने के बावजूद उसे स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र की दयनीय स्थिति को दर्शाता है। वोट चोरी के बाद अब सीट चोरी की जा रही है। कांग्रेस इस मामले को कानूनी और राजनीतिक दोनों स्तरों पर लड़ेगी। वेणुगोपाल ने कहा कि बैठक में देश की वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक स्थिति पर भी चर्चा हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम जनता परेशान है, लेकिन सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी चरम पर है और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

### अमेरिकी हमले में भारतीयों की मौत पर भारत ने जताया कड़ा विरोध

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिपिंग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुरुवार को बताया कि ओमान की खाड़ी में एक टैंकर पर



अमेरिकी हमले में लापता तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई है। ओमान के पास टैंकर पर अमेरिकी सेना द्वारा किए गए हमले के बाद ये नाविक लापता बताए जा रहे थे। अमेरिका के मुताबिक निर्देशों का पालन न करने पर उसकी सेना ने जहाज पर सटीक हमला किया। अमेरिका ने यह भी कहा कि टैंकर ईरान से तेल ले जा रहा था। इस बीच जानलेवा हमले के बाद नई दिल्ली ने अमेरिकी डिप्टी चीफ़ ऑफ़ मिशन को तलब किया और हमले का कड़ा विरोध किया। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव नागराज नायडू ने टैंकर सेटेबेल्लो पर हमले के बाद अमेरिका के चार्ज डीअफेयर्स जेसन मीक्स को तलब किया। इस घटना के बाद भारत ने हमले की कड़ी निंदा की और जहाज पर मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि हम आज ओमान के तट के पास कमर्शियल जहाज सेटेबेल्लो पर हुए हमले की निंदा करते हैं।

## राष्ट्रपति शुक्रवार से उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 12 जून से उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह 13 जून को भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी और पासिंग आउट परेड की सलामी लेंगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से गुरुवार को जारी जानकारी के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मु 13 जून को देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में 158वें रेगुलर कोर्स और 141वें टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स की पासिंग आउट परेड की समीक्षा करेंगी। इस अवसर पर राष्ट्रपति भावी सैन्य अधिकारियों की परेड का निरीक्षण करेंगी तथा प्रशिक्षण पूरा करने वाले कैडेटों की उपलब्धियों का अवलोकन करेंगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय सैन्य अकादमी की पासिंग आउट परेड भारतीय सेना के लिए नए अधिकारियों के औपचारिक रूप से सेना में शामिल होने का महत्वपूर्ण अवसर होती है।

## विधानसभा चुनावों और टीएमसी में चल रही फूट को लेकर कांग्रेस की अहम बैठक

**बैठक में राहुल गांधी, वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, जयराम रमेश और कई नेता रहे मौजूद**

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में गुरुवार को एआईसीसी मुख्यालय में पार्टी के महासचिवों, प्रभारियों और पीसीसी अध्यक्षों की अहम बैठक हुई। बैठक में राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, जयराम रमेश और कई अन्य नेता मौजूद थे। कांग्रेस नेताओं की यह अहम बैठक हालिया विधानसभा चुनावों और टीएमसी में चल रही फूट के बीच हुई। इस बैठक से एक दिन पहले वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए कहा था कि वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा के लिए यह आपात बैठक बुलाई गई है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को हुई बैठक में मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों के अलावा बीजेपी द्वारा केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के प्रचार अभियान और पीएम नरेंद्र मोदी के जवाहरलाल नेहरू का सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड तोड़ने से जुड़े राजनीतिक विमर्श का जवाब देने की रणनीति पर चर्चा की। पार्टी नेतृत्व दल-बदल की बढ़ती घटनाओं और विपक्षी दलों के बीच समन्वय को मजबूत करने के मुद्दे पर भी विचार किया गया। राज्यों में संभावित सहयोगी दलों के साथ तालमेल बढ़ाने और विपक्षी गठबंधन के विस्तार को लेकर मंथन हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक कहा जा रहा है कि इस बैठक में टीएमसी के कुछ सांसदों के लोकसभा में अलग समूह के रूप में बैठने और बीजेपी नीत सरकार की प्राथमिकताओं के साथ जाने की अटकलों के बीच कांग्रेस विपक्षी एकजुटता बनाए रखने के उपायों पर चर्चा की गई।

## ईरान, बहरीन, कुवैत पर ड्रोन और मिसाइलों की बौछार, होर्मुज बंद, अमेरिका की चेतावनी-अब सिर्फ बमों से होगी बात

**तेहरान/वाशिंगटन/ कुवैत सिटी/ मनामा**

अमेरिका ने ईरान को दिन में तारे दिखा दिए हैं। अमेरिका की सेना इस समय भी ईरान पर मिसाइल और ड्रोन से से हमले कर रही है। ईरान ने भी होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करते हुए अमेरिका के साथी देशों बहरीन और कुवैत पर हमले शुरू कर दिए हैं। इससे समूचे मध्य पूर्व में सैन्य तनाव चरम पर पहुंच गया है। गल्फ न्यूज, अल जजीरा और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने ईरान पर फिर हमले किए हैं। तेहरान का कहना है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ( आईआरजीसी) ने गुरुवार सुबह कहा कि अमेरिकी हमलों के बाद उसने कुवैत और बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर हमला किया। अमेरिकी मध्य कमान का कहना है कि आत्मरक्षा के लिए हमले जारी रहेंगे। सेंटकॉम



ने कहा कि अमेरिका ने रात भर पूरे ईरान पर ताजा हमले किए। इससे तीन महीने से चल रहे संघर्ष को खत्म करने की कोशिशें रुक गईं। तेहरान ने चेतावनी दी कि अब कोई जहाज होर्मुज से गुजर कर दिखाए। तेहरान ने कहा कि बहरीन और कुवैत में जहाजों और अमेरिकी संपत्तियों पर हमला किया गया है। वाशिंगटन ने कहा कि इस रणनीतिक जलमार्ग को बंद करने का दावा झूठा है। कमर्शियल टैंकर गुजर रहे हैं। कुवैत की सेना ने कहा कि देश पर लगातार हमले हो रहे हैं। वायु रक्षा प्रणाली ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों का सामना कर रही है। आईआरजीसी ने कहा कि बहरीन पर भी हमला किया गया है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, अली और अहमद एयर फोर्स बेस पर अमेरिकी सेना के 18 महत्वपूर्ण ठिकानों को निशाना बनाया गया। शेख ईसा एयर बेस को उड़ा दिया गया है। बहरीन के गृह मंत्रालय गुरुवार सुबह कहा कि देश पर ईरान ने ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है। उल्लेखनीय है कि बहरीन में अमेरिकी नौसेना का पांचवां बेड़ा तैनात है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हमने कल भी ईरान पर हमला किया था, आज उससे भी बड़ा हमला होगा। अमेरिका किसी को भी नहीं डरता। जिस दिन चाहेगा, नेतृत्व का झंडा उठाने वालों का हश्र सर्वोच्च नेता खामेनेई जैसा करेगा। ट्रंप के इस बयान के बाद अमेरिकी सेना ने ईरान के बंदर अब्बास पर हमला किया है। इसके अलावा केशम द्वीप और दक्षिण के शहर सिरिक और मिनाब में जोरदार धमाके हुए हैं।

### 13 जून तक दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में ओले व बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** उत्तर और मध्य भारत में भीषण गर्मी और लू का सामना कर रहे लोगों राहत मिल सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर-पश्चिम भारत के मौसम में बड़ा बदलाव आने वाला है। 13 जून तक दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में तेज आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली कड़कने, ओलावृष्टि और व्यापक रूप से बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि मौसम की सबसे ज्यादा हलचल 11 और 12 जून को देखने को मिलेगी, जिससे बढ़ते पारे से बड़ी राहत मिल सकती है। इस दौरान देश के कई हिस्सों में जिसमें दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और उत्तर भारत के आस-पास के इलाके शामिल हैं बिजली कड़कने, तेज़ हवाओं और ओले गिरने के साथ आंधी-तूफान आ सकता है। पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल में अगले पांच से सात दिनों में कुछ जगहों पर 7 सेमी से 20 सेमी तक बारिश हो सकती है। दक्षिण के राज्यों केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में भी भारी बारिश का अनुमान है। पिछले 24 घंटों में हिमालयी क्षेत्र, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के कुछ इलाकों में 12 सेमी से 20 सेमी के बीच बारिश दर्ज की गई।

### बांग्लादेश ने घुसपैठियों को लेने से किया इनकार, सीमा पर बवाल

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के राज्य मेघालय से लगती भारत और बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बुधवार को अचानक भारी बवाल और घमासान शुरू हो गया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा कथित रूप से एक बांग्लादेशी घुसपैठिए को वापस भेजने (पुशबैक) की कूटनीतिक और सुरक्षात्मक कार्रवाई के बाद दोनों देशों की संवेदनशील सीमा पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद दोनों ओर से भीषण पथराव की घटनाएं सामने आई हैं। यह पूरी घटना मेघालय के दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स जिले के महेंद्रगंज क्षेत्र में स्थित नंदिर चार सीमा इलाके की बताई जा रही है। इस घटना के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तनाव चरम पर पहुंच गया है, जिसे नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त जवानों को मुस्तैद किया गया है। स्थानीय सूत्रों और सीमावर्ती सुरक्षा रिपोर्टों के अनुसार, संबंधित व्यक्ति ने कथित तौर पर अवैध रूप से सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया था। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा मुस्तैदी दिखाते हुए उसे हिरासत में लिया गया, जिसके बाद कानूनी और सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत बीएसएफ ने उसे बांग्लादेश की ओर वापस भेजने की निर्धारित प्रक्रिया शुरू की।

हर खबर पर पैनी नज़र
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम सम्राट चौधरी ने लालू यादव को दी जन्मदिन की बधाई



**पटना**। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव 11 जून को अपना 78वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस अवसर पर बिहार के मौजूदा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लालू यादव को जन्मदिन की बधाई दी है। सीएम सम्राट ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री लालू प्रसाद यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रभु से आपके स्वस्थ, दीर्घ एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना करता हूं।"

### लालू प्रसाद को जन्मदिन पर सभापति अवधेश नारायण सिंह ने दी शुभकामनाएं

**पटना**। बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने दूरभाष पर बातचीत कर लालू प्रसाद के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। सभापति ने कहा कि लालू प्रसाद यादव लंबे समय से बिहार की राजनीति के प्रमुख हस्ताक्षर रहे हैं। उन्होंने उनके स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन की मंगलकामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे आगे भी समाज और बिहार के विकास में अपना योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर अवधेश नारायण सिंह ने लालू प्रसाद यादव के सुखद, स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की।

### सरकार कल्याणकारी योजना का लाभ हर बिहारवासी तक पहुँचा रही हैः- मंत्री श्रवण कुमार

**बिहारशरीफ**।गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने आपदा अनुग्रह अनुदान व पारिवारिक लाभ के तहत लाभार्थियों के बीच पांच लाख चालीस हजार का चेक वितरण किया।आपदा अनुग्रह अनुदान के तहत लाभार्थी गोडीहा निवासी हरे राम पंडित,कांता देवी व बघाड़ गांव निवासी आशा देवी को मंत्री श्रवण कुमार ने चार चार लाख का चेक दिया।वहीं पारिवारिक लाभ के तहत बेगमपुर नत्था चक निवासी कालावती देवी,मिरचाइ गंज के सूर्य भूषण पंडित,नोनौरा बेलदारीबके प्रियंका कुमारी,कखडा निवासी रुक्मिणी देवी,गोडीहा निवासी हरे राम पंडित व चरुईपर निवासी लीला देवी को बीस बीस हजार का चेक दिया।मौके पर मंत्री श्री कुमार ने सभी मृतकों के प्रति दुःख जाहिर करते हुए कहा कि आप सभी धैर्य रखें। जो राशि सरकार के द्वारा दी गयी है उसे अच्छे कार्यों में खर्च करें।खासकर बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें।बिहार में विकास के साथ न्याय हो रहा है।सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर बिहारवासियों को मिल रहा है। बिहार के विकास को अब दूसरा राज्य अपना रहा है।सूबे में नल जल योजना,नाली गली,सड़क,पुल पुलिया,शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि,खेल सहित तमाम विभाग में विकास की गंगा बह रही है।सरकारी स्कूल के बच्चे भी स्मार्ट क्लास में पढ़ाई कर रहे हैं। आपके सुख हो या दुःख हर घड़ी में मौजूदा सरकार आपके साथ कदम से क़दम मिलाकर खड़ा है इस मौके पर सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि बिहार सरकार न्याय के साथ विकास कार्य कर रही है बिहार में जो विकास हुआ है उसका अनुकरण दूसरे राज्य में हो रहा है बिहार के हर गाँव मे विकास का कार्य हो रहा है इस मौके पर बी डी ओ जियाउल हक ,सीओ दीपक कुमार,प्रखंड जदयू अध्यक्ष राकेश कुमार प्रखंड प्रमुख रेखा देवी ,अविनाश कुमार मौर्य,चंद्रशेखर, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष व पपरनौसा पंचायत के मुखिया अमरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू मुखिया शैलेन्द्र गराई ,रवि राम,भोला महतो,सुधीर कुमार,भोला सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत भारत सरकार और बिहार राज्य के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

**पटना**। पटना में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें मंत्री संजय कुमार सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित जल जीवन मिशन 2.0 से संबंधित कार्यक्रम की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कल नई दिल्ली में जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा बिहार सरकार के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। जल जीवन मिशन 2.0 के माध्यम से जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में सतही जल आधारित बहुग्रामीण योजनाओं का विस्तार किया जाएगा, छूटे हुए टोलों एवं बस्तियों तक पाइप जलापूर्ति पहुंचाई जाएगी तथा जल स्रोतों की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कार्य किए जाएंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में नई गति मिलेगी।इसके साथ ही मंत्री ने बताया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से बिहार में सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि बिहार के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षित जीवन और समग्र विकास के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत ?18,894 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई जाए।इस राशि के माध्यम से बिहार के उन वंचित टोलों तक पेयजल सुविधा पहुंचाई जा सकेगी, जहां अब तक जलापूर्ति व्यवस्था नहीं पहुंच पाई है। साथ ही आर्सेनिक, फ्लोराइड एवं आयरन प्रभावित क्षेत्रों में सतही जल आधारित योजनाओं के माध्यम से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। यह पहल बिहारवासियों के बेहतर भविष्य, स्वस्थ जीवन एवं समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। जल जीवन मिशन 2.0 के माध्यम से इस व्यवस्था को और अधिक मजबूत, समावेशी एवं टिकाऊ बनाया जाएगा, ताकि अंतिम व्यक्ति तक सुरक्षित पेयजल की सुविधा सुनिश्चित की जा सके। केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से जल जीवन मिशन 2.0 के सभी लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से प्राप्त किया जाएगा और बिहार ग्रामीण पेयजल सेवा प्रदायगी के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान को और मजबूत करेगा।

### बिहार विधान परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को डॉ. संतोष कुमार सुमन ने दी बधाई

**पटना**। बिहार विधान परिषद के सदस्य एवं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन ने बिहार विधान परिषद के लिए निर्विरोध निर्वाचित सभी 10 सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।डॉ. सुमन ने कहा कि बिहार विधान परिषद राज्य की लोकतांत्रिक एवं विधायी व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण सदन है। एक सदस्य के रूप में उन्हें विश्वास है कि नव निर्वाचित सभी सदस्य सदन की समृद्ध परंपराओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित के मुद्दों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।उन्होंने कहा कि विधान परिषद में विभिन्न क्षेत्रों के अनुभव और विशेषज्ञता का प्रतिनिधित्व होता है, जिससे नीतियों एवं विधेयकों पर गंभीर और सार्थक विमर्श संभव हो पाता है। नव निर्वाचित सदस्यों के आने से सदन की कार्यक्षमता और विमर्श की गुणवत्ता और अधिक सशक्त होगी।डॉ. सुमन ने विशेष रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) समर्थित सभी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा कि वे बिहार के विकास, सामाजिक न्याय, सुशासन तथा जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। साथ ही उन्होंने अन्य सभी निर्वाचित सदस्यों के सफल एवं जनसेवा के प्रति समर्पित कार्यकाल की भी शुभकामनाएं दीं।

# राज्यपाल से मिले कॉफ्फेड के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप एवं निदेशक सिमरन ने आज राज्यपाल एवं विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति जनरल सैयद अता हसनैन से शिष्टाचार मुलाकात कर मत्स्यजीवी समुदाय के हितों से जुड़े दो अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बिहार के राज्यपाल वर्तमान में विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने माननीय राज्यपाल को दो विस्तृत ज्ञापन सौंपे। पहला ज्ञापन विश्वविद्यालयों के अधीन स्थित तालाबों, जलकरों एवं जलाशयों की बंदोबस्ती स्थानीय परंपरागत मछुआरों द्वारा गठित प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों एवं कॉफ्फेड के माध्यम से वार्षिक निर्धारित सुरक्षित जमा राशि पर कराए जाने के संबंध में था। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों के अधीन स्थित जलकरों की बंदोबस्ती खुली नीलामी के माध्यम से किए जाने के कारण गरीब एवं परंपरागत मत्स्यजीवी बंदोबस्ती प्राप्त करने में असफल हो जाते हैं, जिससे उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति प्रभावित होती है। कॉफ्फेड ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर स्थानीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को प्राथमिकता प्रदान की जाए।दूसरा ज्ञापन विश्वविद्यालयों के नियंत्रणाधीन जलकरों, तालाबों एवं मत्स्य संसाधनों को मत्स्य विभाग, बिहार सरकार के अधीन हस्तांतरित करने से संबंधित था। ज्ञापन में विभिन्न विभागीय आदेशों, न्यायालय के निर्णयों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि मत्स्य संसाधनों का वैज्ञानिक विकास, उत्पादन वृद्धि एवं मत्स्यजीवियों के कल्याण हेतु इन जलकरों का मत्स्य विभाग के अधीन होना आवश्यक है।

# राज्य में कोई भी गरीब नहीं रहेगा बेघर : श्रवण

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जन एवं जन-सम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) का कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए योजनान्तर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से 10 जून, 2026 को 1,419 करोड रुपये प्राप्त हुआ । उक्त राशि के अनुपातिक राज्यांश के रूप में राज्य सरकार द्वारा 946 करोड रुपए विमुक्त किया गया है । इस प्रकार योजना अंतर्गत कुल 2,365 करोड रुपए की विमुक्ति हुई है । मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत बेघर एवं कच्चे आवासों में रहने वाले परिवारों को आवास निर्माण के लिए सहायता राशि दी जाती है। योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 12,09,271 लाभुकों को आवास की स्वीकृति दी गयी है। इनमें से 11,57,640 लाभुकों को प्रथम किश्त, 9,26,903 लाभुकों को द्वितीय किश्त एवं 5,51,158 लाभुकों को तृतीय किश्त का भुगतान किया गया है। 4,87,171 लाभुकों द्वारा आवास निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। उक्त राशि से निर्धारित स्तर तक आवास निर्माण पूर्ण करने वाले लाभुकों को लंबित किश्तों का भुगतान किया जायेगा । इससे लाभुक शीघ्र अपने आवासों को पूर्ण करा लेंगे । इससे योजना से लाभान्वित लाभुकों में खुशहाली आयेगी। ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्र का कोई भी गरीब पात्र परिवार गृह विहीन नहीं रहेगा सरकार उन्हें आवास सहायता प्रदान कर पक्के छतदार मकान उपलब्ध करायेगी । जारी हुई निधि से अपूर्ण आवासों के निर्माण प्रक्रिया में तेजी आएगी एवं राज्य के पात्र गरीब जनता को अपना पक्का घर मिल सकेगा।

**» प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्यान्वयन कि लिए केन्द्र से मिली केन्द्रांश राशि**

# डुमरी स्पोर्ट्स सिटी बनेगी बिहार का खेल हब, 15 जून से शुरू होंगे तीन जिला उत्कृष्टता केंद्र

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास भवन में राज्य की खेल अवसंरचना परियोजनाओं, खिलाड़ियों के विकास और भावी खेल कार्ययोजना की समीक्षा को लेकर उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बिहार की महत्वाकांक्षी डुमरी स्पोर्ट्स सिटी परियोजना की समीक्षा की गई। लगभग 100 एकड़ में विकसित होने वाली इस परियोजना पर 574 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। खेल मंत्री ने कहा कि डुमरी स्पोर्ट्स सिटी राज्य में खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगी और खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि अरवल, मधेपुरा और किशनगंज जिला उत्कृष्टता केंद्रों का संचालन 15 जून से शुरू किया जाएगा। इन केंद्रों में क्रमशः कबड्डी, बैडमिंटन और ताइक्वांडो का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं सिवान, मुंगेर और जमुई में फुटबॉल उत्कृष्टता केंद्र विकसित किए जाएंगे। विकास आयुक्त ने 30 सितंबर 2026 तक सभी जिला उत्कृष्टता केंद्रों को पूर्ण रूप से क्रियाशील करने का निर्देश दिया। खेल मंत्री ने पंचायत स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स क्लबों को सक्रिय बनाने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि राज्य की 8,053 पंचायतों में से 4,700 पंचायतों में 5,266 खेल मैदान विकसित किए जा चुके हैं। शेष पंचायतों में भी प्राथमिकता के आधार पर खेल मैदान बनाए जाएंगे। बैठक में खिलाड़ियों को रोजगार देने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। प्रस्ताव रखा गया कि ओलंपिक पदक विजेताओं के साथ-साथ भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को भी "मेडल लाओ, नौकरी पाओ" योजना के तहत सरकारी नौकरी का लाभ दिया जाए। राज्य के खेल कैलेंडर की समीक्षा के दौरान बताया गया कि नवंबर 2026 में राजगीर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी श्रृंखला आयोजित करने की तैयारी है। इसके अलावा खेलो इंडिया अस्मिता जोनल महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता, राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस और एफआईएच प्रो लीग जैसे बड़े आयोजनों की भी तैयारी चल रही है। बैठक में बिहार सरकार की प्रस्तावित स्पोर्ट्स एक्शन प्लान पर भी चर्चा हुई। इसमें फिजिकल लिटरेसी रिपोर्ट कार्ड, वैज्ञानिक प्रतिभा पहचान कार्यक्रम, फिट कैंपस चैलेंज, खेल विनिर्माण हब और डोपिंग जागरूकता कार्यक्रम जैसी पहल शामिल हैं। साथ ही राजगीर स्थित बिहार खेल विश्वविद्यालय में खेल पत्रकारिता का विशेष पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना भी बनाई जा रही है। भवन निर्माण विभाग ने बताया कि राजगीर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और इसे 31 दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। लगभग 40 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इस स्टेडियम पर 1,121 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार सरकार खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने और राज्य को देश के अग्रणी खेल राज्यों में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी विभागों को समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया।

## कंकड़बाग राजकीय औषधालय की समस्या समाधान के लिए स्वास्थ्य मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के आह्वान पर जदयू के कार्यकर्ता बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के प्रति सक्रिय दिख रहे हैं। इसी के तहत जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह अखिल भारतीय धानुक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शंकर प्रसाद व जदयू राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य जितन्द्र पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता सीमा पटेल व अमित कुमार के नेतृत्व पार्टी के कायकर्ताओं का शिष्टमंडल स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से मिला। शिष्टमंडल के सदस्यों ने स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से कंकड्बाग डिफेन्स कॉलनी स्थित राजकीय औषधालय की जिर्णशीर्ण व्यवस्था में बदलाव लाने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि इस औषधालय का निर्माण स्थानीय नागरिकों की सुविधा के लिए हुआ था मगर इस अस्पताल के जीर्ण शीर्ण भवन वहांकी चिकित्सीय व्यवस्था बहुत ही दयनीय है। प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री से मांग की इस अस्पताल के पुनर्उथ्थान के कि लिए अधिकारियों को आदेश देकर वहां जनसुविधाएं बहाल कराए। प्रतिनिधमंडल को स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही अधिकारियों से बात कर उक्त औषधालय में बेहतर चिकित्सा सुविधा बहाल कराएंगे।

# जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत बिहार एवं भारत सरकार के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा पटना में आयोजित प्रेस वार्ता में विभागीय मंत्री श्री संजय कुमार सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित जल जीवन मिशन 2.0 कार्यक्रम की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा बिहार सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन 2.0 के माध्यम से जल संकट से प्रभावित क्षेत्रों में सतही जल आधारित बहु-ग्रामीण पेयजल योजनाओं का विस्तार किया जाएगा। इसके साथ ही अब तक छूटे हुए टोलों एवं बस्तियों तक पाइप जलापूर्ति पहुंचाने तथा जल स्रोतों की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जाएंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल के साथ बिहार में सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्य के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षित जीवन एवं समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के लिए जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत 18,894 करोड़ की राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। मंत्री ने कहा कि प्रस्तावित राशि के माध्यम से राज्य के उन वंचित टोलों एवं बस्तियों तक पेयजल सुविधा पहुंचाई जा सकेगी, जहां अब तक जलापूर्ति व्यवस्था नहीं पहुंच सकी है। साथ ही आर्सेनिक, फ्लोराइड एवं आयरन प्रभावित क्षेत्रों में सतही जल आधारित योजनाओं के जरिए शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। यह पहल बिहारवासियों के बेहतर भविष्य, स्वस्थ जीवन एवं समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन 2.0 के माध्यम से ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, समावेशी एवं टिकाऊ बनाया जाएगा, ताकि अंतिम व्यक्ति तक सुरक्षित पेयजल की सुविधा सुनिश्चित की जा सके। केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से मिशन के सभी लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से प्राप्त किया जाएगा तथा बिहार ग्रामीण पेयजल सेवा प्रदायगी के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान को और मजबूत करेगा। प्रेस वार्ता में विभाग के प्रधान सचिव श्री राजेश कुमार, अभियंता प्रमुख-सह-विशेष सचिव (मुख्यालय) श्री नित्यानन्द प्रसाद सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लालू यादव का 79वां जन्मदिन राबड़ी आवास में धूमधाम से मनाया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।बिहार की राजनीति के पुरोधा और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने आज अपना 79वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। पटना स्थित राबड़ी आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में लालू यादव ने अपने परिवार के साथ 79 पाउंड का भव्य केक काटकर इस विशेष दिन को यादगार बनाया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी, पूर्व मुख्यमंत्री रावड़ी देवी, राजद सांसद मीसा भारती, राजद के महासचिव मदन शर्मा सहित कई नेता मौजूद रहे। भारी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता राजद सुप्रीमो को बधाई का संदेश देने के लिए सर्कुलर रोड पहुंचे। तेजस्वी ने कहा लालू जी स्वस्थ्य रहे यही हमलोग आज के दिन ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर उनके बड़े बेटे जजद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने अपने पिता लालू यादव के लिए सोशल मीडिया एक्स पर लालू यादव को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देने हुए लिखा - "जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ, पापा।" जन्मदिन की बधाई देने के लिए राबड़ी आवास के बाहर समर्थकों का तांता लगा रहा। इस मौके पर आवास में बधाई संदेश लेकर पहुंच रहे लोगों के लिए खाने की भी व्यवस्था की गई थी। लालू यादव ने अपनी पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का हाथ थामकर आवास के बाहर आकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सादगी का परिचय देते हुए अपने हाथों से कार्यकर्ताओं को भोजन परोसा। तेजस्वी यादव भी खुद अपने हाथों से लोगों को पूड़ी सब्जी और मिठाई खिलाते हुए नजर आए। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। इससे पहले लालू यादव ने बीती रात 12 बजे केक काटकर पूरे परिवार के साथ अपना जन्मदिन मनाया। सभी ने लालू यादव को केक खिलाकर उनका जन्मदिन मनाया और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पूरा परिवार काफी खुश नजर आया।

**» नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दी बधाई और शुभकामनाएं**

# विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच हो नियमित संवाद : राज्यपाल

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।राज्यपाल-सह-कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन में बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा करते हुए विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग ‍ह्यकुलाधिपति संवादह्न कार्यक्रम आयोजित करने का निदेश दिया ताकि उन्हें अपने विचार, सुझाव, समस्याओं एवं आकांक्षाओं को सीधे कुलाधिपति के साथ साझा करने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि ऐसे संवाद कार्यक्रम कुलाधिपति को भी अपने विजन एवं अपेक्षाओं से उन्हें अवगत कराने का अवसर प्रदान करेंगे। राज्यपाल ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच तथा जूनियर व सीनियर विद्यार्थियों एवं पूर्ववर्ती विद्यार्थियों के बीच नियमित संवाद एवं सहभागिता को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।विद्यार्थियों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल देते हुए राज्यपाल ने निदेश दिया कि विश्वविद्यालयों में, विशेषकर स्नातक स्तर पर, अंग्रेजी तथा कम-से-कम एक विदेशी भाषा के अध्ययन-अध्यापन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को संबंधित भाषा का प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाए। ाज्यपाल ने पूर्ववर्ती विद्यार्थियों के प्लेसमेंट संबंधी अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने का निदेश दिया, ताकि विश्वविद्यालय अपने स्नातकों की व्यावसायिक उपलब्धियों एवं रोजगार की स्थिति का समुचित आकलन कर सके। उन्होंने रद्दी कागजों के पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) को बढ़ावा देने तथा क्षय रोग (टीबी) के अधिकाधिक मरीजों को गोद लेकर उनकी सहायता एवं देखभाल सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। राज्यपाल ने बिहार कृषि विश्वविद्यालय को अपने फैकल्टी ट्रेनिंग सेंटर के माध्यम से अधिकाधिक प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने का निदेश दिया। उन्होंने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, गयाजी, दानापुर छावनी तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर ह्यसिंदूर पार्कह्न अथवा इसी प्रकार की नवाचारपरक परियोजनाओं के विकास की संभावनाओं पर भी कार्य करने को कहा। बैठक के दौरान कुलपति डॉ डीआर सिंह ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विश्वविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक उपलब्धियों, नवाचारों, श्रेष्ठ कार्य-पद्धतियों (बेस्ट प्रैक्टिसेज), भावी कार्ययोजनाओं तथा चुनौतियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

## बिहार कैडर की चार महिला बाईपीएस अधिकारियों को वरीय समय वेतनमान में प्रोन्नति

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।बिहार सरकार ने राज्य कैडर की चार तेजतर्रार महिला आईपीएस अधिकारियों को नववर्ष का बड़ा तोहफा देते हुए उन्हें प्रोन्नति (प्रमोशन) दी है। गृह विभाग द्वारा इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस फैसले के बाद पुलिस प्रशासनिक हलकों में खुशी की लहर है और इन युवा महिला अधिकारियों के कंधों पर अब नई और बड़ी जिम्मेदारियां देखने को मिलेंगी। गृह विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, इन सभी महिला पुलिस अधिकारियों को यह प्रोन्नति 'वरीय समय वेतनमान' के तहत दी गई है। खास बात यह है कि इन अधिकारियों को इस प्रमोशन का लाभ 1 जनवरी से ही देय होगा। इसका मतलब यह है कि नए साल के पहले दिन से ही इन्हें बढ़ा हुआ वेतन स्तर और वरिष्ठता का लाभ प्राप्त होगा। इस कदम को बिहार पुलिसिंग में महिलाओं की भागीदारी और उनके बेहतरीन प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के रूप में देखा जा रहा है। इस प्रमोशन लिस्ट में वर्ष 2022 बैच की कुल चार महिला आईपीएस अधिकारियों के नाम शामिल हैं, जिन्होंने कम समय में ही फील्ड में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, प्रोन्नति पाने वाली अधिकारियों में शैलजा, दिव्यांजली जायसवाल, गरिमा और साक्षी कुमारी शामिल हैं। इन चारों अधिकारियों को अब वेतन स्तर-11 में पदोन्नत कर दिया गया है, जो उनके करियर ग्राफ के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। 2022 बैच की ये महिला अधिकारी वर्तमान में राज्य के विभिन्न जिलों में सहायक पुलिस अधीक्षक या अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। वरीय समय वेतनमान मिलने के बाद अब ये अधिकारी प्रशासनिक रूप से और अधिक सशक्त हो गई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भ्रम की राजनीति छोड़ प्रमाण की राजनीति करें तेजस्वी : नीरज कुमार

**पटना।** जदयू विधान पार्षद सह मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने सोशल संवाद करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अपने परिवार की सुरक्षा वापसी के मुद्दे पर तेजस्वी यादव को भ्रम की राजनीति को छोड़ कर प्रमाण की राजनीति करनी चाहिए। तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया में झूठी बयानबाजी की बजाए अगर उनके परिवार की सुरक्षा वापसी से संबंधित का कोई पत्र उनके पास आया है तो उन्हें वो पत्र दिखाना चाहिए साथ ही अगर उन्होंने अपने परिवार की सुरक्षा खुद से वापस कर दिया है तो वो पत्र भी दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बतौर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की सुरक्षा में 18 पुलिसकर्मी एवं बुलेट प्रूफ वाहन उपलब्ध हैं। लालू प्रसाद को भी पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते सुरक्षा उपलब्ध है जिनमें 14 सुरक्षाकर्मी, दो अंगरक्षक, एचक्यूआरटी पायलट और बुलेट प्रूफ वाहन शामिल है। तेजस्वी यादव को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है, जिसके अंतर्गत कुल 16 सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। इसमें बीएसएपी के 1$4 हाउस गार्ड, छह बॉडीगार्ड, तीन सादे लिबास में अंगरक्षक, तीन वर्दीधारी अंगरक्षक तथा एक स्कॉर्ट पार्टी शामिल है। इसके अतिरिक्त, उनकी सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 4 जून 2026 से वाहन के उपयोग संबंधी आदेश पत्र भी जारी किया गया है। वहीं, उनकी पत्नी राजश्री यादव को भी व्यक्तिगत सुरक्षा हेतु अंगरक्षक उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने तेजस्वी यादव से अहम सवाल पूछा कि तेजस्वी जी, क्या आपके पास सुरक्षा उपलब्ध है? अगर उपलब्ध है तो आपने सुरक्षा वापस लेने की बात मीडिया में कही है। ऐसे में सुरक्षा वापस लेने का पत्र अब जारी करेंगे? दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री सतीश कुमार को आपके माता-पिता के शासनकाल में क्या-क्या सुविधा दी गई थी? कौन सी गाड़ी, कितना अंगरक्षक, कौन सा बंगला, कौन सी सुविधा आरजेडी ने उन्हें उपलब्ध करायी ये भी जरा स्पष्ट कर दीजिए?

### जरूरतमंद वर्गों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना एनडीए सरकार की प्राथमिकता : डॉ श्वेता गुप्ता

**पटना।** गुरुवार को जद यू प्रदेश मुख्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री डॉ श्वेता गुप्ता ने प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके समयबद्ध एवं त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल करते हुए गत वर्ष दिव्यांगजनों, वृद्धजनों एवं विधवा महिलाओं को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया था। अब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी स्पष्ट किया है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत प्रत्येक माह की 10 तारीख को लाभार्थियों के खातों में राशि हस्तांतरित की जाएगी। डॉ श्वेता गुप्ता ने कहा कि गरीब, वंचित और जरूरतमंद वर्गों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना एनडीए सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। साथ ही उन्होंने नेता प्रतिपक्ष द्वारा राज्य सरकार के खजाना खाली होने संबंधी आरोपों को बेबुनियाद, भ्रामक और तथ्यहीन बताया।

### जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने चकिया नगर अध्यक्ष के निधन पर जताया गहरा शोक

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने चकिया नगर के जदयू अध्यक्ष कौसर रजा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि कौसर रजा का असामयिक निधन अत्यंत पीड़ादायक है और यह पूरे जदयू परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। संगठन के प्रति उनका निरंतर समर्पण और सक्रिय योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन घड़ी को सहन करने की शक्ति एवं संबल दें। दु:ख की इस घड़ी में पूरी पार्टी उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है।

### आईपीएस दीक्षा का बिहार कैडर से दूसरे संवर्ग में ट्रांसफर

**पटना।** पटना की सिटी एसपी (सेंट्रल) और 2021 बैच की तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी दीक्षा ने बिहार कैडर छोड़ दिया है। आपईपीएस द्वारका गढ़ी से विवाह के आधार पर उनका ट्रांसफर दूसरे संवर्ग में किया गया है, जिसके बाद गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर उन्हें विरमित कर दिया है।बिहार पुलिस महकमे से एक बड़ी प्रशासनिक खबर सामने आ रही है। पटना की नगर पुलिस अधीक्षक (मध्य) यानी सिटी एसपी श्रीमती दीक्षा का कैडर बदल गया है। वह अब बिहार कैडर को छोड़कर एजीएमयूटी कैडर का हिस्सा बन चुकी हैं। बिहार सरकार के गृह विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है और नए संवर्ग में योगदान देने के लिए उन्हें बिहार से विरमित भी कर दिया है। आईपीएस अधिकारी दीक्षा के इस कैडर ट्रांसफर के पीछे एक बेहद खास पारिवारिक वजह है। दरअसल, वर्ष 2021 बैच की तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी दीक्षा ने वर्ष 2022 बैच के आईपीएस अधिकारी द्वारका गाँधी के साथ विवाह किया है। आईपीएस नियमावली के तहत शादी के आधार पर गृह मंत्रालय कैडर चेंज (अंतर-कैडर स्थानांतरण) की अनुमति देता है। इसी नियम के तहत उन्होंने बिहार कैडर से स्थानांतरित होने के लिए आवेदन किया था। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अब आईपीएस दीक्षा को अधिकारिक तौर पर बिहार कैडर से हटाकर अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश संवर्ग में भेज दिया गया है। राज्य सरकार की अधिसूचना जारी होने के बाद अब वह केंद्रीय गृह मंत्रालय के इस विशेष कैडर के तहत आने वाले राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों (जैसे दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर आदि) में अपनी नई सेवाएं देंगी।

### युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकारने आयोजित किया मेरा युवा भारत

**पटना।** 'मेरा युवा भारत पटना के तत्वावधान में आयोजित 6 दिवसीय राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम के तीसरे दिन आज डी.एन. एस. क्षेत्रीय सहकारिता प्रबंध संस्थान में विभिन्न वैचारिक एवं तकनीकी सत्रों का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह योगा, प्राणायाम तथा देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत 'वंदे मातरम' गीत से हुआ। यह कार्यक्रम भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के द्वारा कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के रूप में राज्य निदेशक कपिल देव राम शास्त्री, 'माई भारत' के असिस्टेंट डायरेक्टर रौशन टंडन (नई दिल्ली), पटना की जिला युवा अधिकारी निशा, तथा भोजपुर की जिला युवा अधिकारी संजना वत्स मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही इन सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। युवा मण्डल के गठन, कर्तव्यों, पदाधिकारियों के चयन, अभिलेख संधारण तथा 'माई भारत पोर्टल' के प्रभावी उपयोग व इसके माध्यम से युवाओं को जोड़ने की तकनीकी बारीकियों पर विस्तृत प्रकाश डाला।इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से स्वयंसेवकों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिदिन सायंकाल खेल-कूद तथा रात्रिकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से 'सम्वाद सम्प्रेषण'का गहन अभ्यास कराया जा रहा है। इस गरिमामयी प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुचारू रूप से सफल बनाने में राज्य प्रशिक्षक अंगद सिंह यादव, सुमन बिन्द, राजीव कुमार सिंह तथा कार्यालय सहायक ब्रजलाल जी का सराहनीय सहयोग रहा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 33 राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं, जिनमें मुख्य रूप से बिट्टू कुमार सोनी, ताराकांत तिवारी, ज्योत कुमार, रजनी कुमारी, राजा कुमार सहित अन्य स्वयंसेवक शामिल हुए।

# दानापुर में 13 करोड़ रुपये की स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का मंत्री ने किया उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर।** गुरुवार को गोला रोड में दानापुर नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में13 करोड़ रुपये की लागत से स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव तथा नगर परिषद प्रशासक सह कार्यपालक पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। इस स्ट्रीट लाइट से दानापुर के सभी वार्डों की गलियों और मुख्य सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर बेहतर लाइटिंग की व्यवस्था होगी। इस मौके पर मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि खास कर मेरी माँ बहनों और बच्चों को रोशनी से जगमगाता दानापुर बहुत अच्छा लगने वाला है। स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित दानापुर मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी लाइटें समय से समय लगनी चाहिए और गुणवत्ता और मेंटेनेंस से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मैं मंच के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिनका दानापुर के विकास में पूरा सहयोग मिल रहा है। दानापुर में जल जमाव की समस्या एक प्रमुख समस्या है। चुनाव के दौरान मैने कहा था कि दानापुर को जल जमाव से मुक्त कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस पर लगातार मैं कार्य कर रहा हूँ। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति भी आभार प्रकट करता हूं। उनका भी पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि दानापुर में 34 किमी लंबी और 250 करोड़ की लागत वाली बड़े नालों का निर्माण कार्य चल रहा है। इस बार नगर विकास विभाग 50 जगहों पर मोटर पंप लगाएगा। सभी की टेस्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। इस बार दानापुर नगर परिषद का प्रयास है कि दानापुर में जल जमाव की समस्या कम से कम हो। 71 करोड़ की लागत से रूपसपुर नहर का 4 लेनिंग का कार्य चालू है। वही उद्घाटन समारोह के बीच दानापुर में जल जमाव कि समस्याओं को लेकर कई लोग मंत्री व कार्यपालक से शिकायत दर्ज कराई है। इस विच मंत्री ने कार्यपालक महोदय को निर्देश दिया है कि जनता का कार्य को जल्द से जल्द कर आमजनो की समस्याओं का निदान करते हुए उनको मूलभूत सुविधा प्रदान करें। इस अवसर पर सिटी मैनेजर अमरेंद्र कुमार, बृजेश कुमार सिंह,प्रधान लिपिक सुभाष कुमार, सफाई निरीक्षक संजय कुमार, रंजीत कुमार, भाजपा नेता शंकर सिंह,भानु सिंह, अखिलेश कुमार उर्फ मूटूर साब बिजेंद्र यादव राजेश शर्मा, पल्लू शर्मा सहित नगर परिषद के कर्मी के साथस्थानीय जनता शामिल थे।

## कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत के आईटीआई इकोसिस्टम में व्यापक बदलाव लाने के लिए सारथी की पहली बैठक आयोजित करेगा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा 12 जून 2026 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में ' सारथी (स्ट्रेटेजिक एडवाइजरी एंड रिफॉर्म्स टास्कफोर्स फॉर होलिस्टिक आईटीआई ट्रांसफॉर्मेशन) की पहली बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री, श्री जयन्त चौधरी करेंगे। बैठक में केंद्र और राज्य सरकारों, उद्योग जगत, नियामक संस्थाओं और स्किलिंग इकोसिस्टम के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे, जो भारत में वोकेशनल ट्रेनिंग की भविष्य की दिशा पर चर्चा करेंगे। सारथी को सीटीएस के तहत एक टॉप एडवाइज़री सिस्टम के तौर पर बनाया गया है ताकि वोकेशनल एजुकेशन और ट्रेनिंग में शामिल मुख्य स्टेकहोल्डर्स के बीच रणनीतिक बातचीत, नीतिगत तालमेल और समन्वित कार्रवाई के लिए एक स्ट्रक्चर्ड प्लेटफॉर्म बनाया जा सके। इस पहल का उद्देश्य इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (आईटीआई) को मज़बूत करना और यह सुनिश्चित करना है कि वोकेशनल ट्रेनिंग सिस्टम, बदलती औद्योगिक आवश्यकताओं और भविष्य की कार्यबल जरूरतों के अनुरूप बने रहें। सीटीएस भारत के सबसे बड़े इंस्टीट्यूशनल स्किल डेवलपमेंट फ्रेमवर्क में से एक के तौर पर काम कर रहा है।

# पटना को मिला नया फिटनेस डेस्टिनेशन, द जिम पैराडॉक्स का शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**राजधानी के पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित उनो बिजनेस सेंटर में गुरुवार को अत्याधुनिक फिटनेस सेंटर 'द जिम पैराडॉक्स' का भव्य उद्घाटन किया गया। आधुनिक मशीनों और विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस इस फिटनेस सेंटर का उद्देश्य शहर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य एवं फिटनेस सेवाएं उपलब्ध कराना है। जिम में सदस्यों के लिए अत्याधुनिक कार्डियो एवं स्ट्रेंथ ट्रेनिंग मशीनें, फ्री वेट्स सेक्शन, अनुभवी ट्रेनर्स की देखरेख में व्यक्तिगत प्रशिक्षण, विशाल लॉकर रूम, हाइजीनिक शॉवर, स्टीम रूम, सॉना रूम, आइस बाथ तथा अन्य आधुनिक रिकवरी एवं वेलनेस सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं फिटनेस जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर द जिम पैराडॉक्स के संस्थापक क्षितिज तिवारी ने कहा कि आज के दौर में फिटनेस स्वस्थ जीवनशैली की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि पटना के लोगों को महानगरों जैसी आधुनिक फिटनेस सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस सेंटर की शुरुआत की गई है। क्षितिज तिवारी ने कहा, "हमारा प्रयास केवल एक जिम स्थापित करना नहीं, बल्कि लोगों के बीच फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अत्याधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के माध्यम से हम सदस्यों को बेहतर फिटनेस अनुभव प्रदान करेंगे। हमें विश्वास है कि 'द जिम पैराडॉक्स' पटना के लोगों के लिए फिटनेस का एक भरोसेमंद केंद्र बनेगा।" उन्होंने बताया कि उद्घाटन के उपलक्ष्य में जिम की ओर से विशेष छूट योजना शुरू की गई है। इसके तहत 12 जून तक सभी सदस्यता योजनाओं पर 35 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है, जबकि 13 जून से 30 जून तक 25 प्रतिशत की छूट उपलब्ध रहेगी। प्रबंधन के अनुसार आने वाले समय में फिटनेस जागरूकता कार्यक्रमों और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें।

# लापता युवक की हत्या करने का आरोप लगा कर परिजनों ने किया आगजनी कर सड़क जाम

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर।** चार दिनो से लापता युवक की हत्या करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने तकिया पर पुलिस चौकी के पास आगजनी कर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। लापता युवक की पहचान तकियापर खगड़ी रोड निवासी धमेंद्र सिंह के 22 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार के रूप में किया गया है। लापता शुभम के परिजनों ने मारपीट कर हत्या कर लाश को गायब करने का आरोप लगाते हुए गांधी मैदान मुख्य मार्ग पर तकियापार पुलिस चौकी के पास आगजनी कर सड़क जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। सड़क जाम के कारण एक घंटे तक आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गई। सूचना पाकर दानापुर थाना की पुलिस अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर सड़क जाम को हटाया।लापता शुभम के पिता धमेंद्र सिंह ने बताया कि चार दिन पूर्व चोरी के आरोप लगाकर फंटूश खान ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर कब्रस्तान स्थित अपने गैरेज में बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है, और शव को गायब करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि 3 जून को 9 बजे रात में शुभम काफी नशा के अवस्था में था। इस बीच शुभम और हमारे बीच काफी कहा-सुनी हो गई, जिसके बाद वह घर से गुस्से में निकल गया और कई दिनों तक घर नहीं आया था। उन्होंने बताया कि 9 जून को रोहित कुमार जब उन लोगों के पकड़ से किसी तरह भाग कर आया तो बताया कि फंट्स खान तकियापर मस्जिद गली, सन्नी कुमार,गाभतल कुर्मियाइन गली,पंकज कुमार, खगड़ी रोड, , चित्रकूट नगर, पवन कुमार, गोला पर बिचली गली, निवासी ने मुझे व शिवम को चोरी का झूठा आरोप लगा कर तकियापर कब्रिस्तान के पास फंटूस खान के गैरेज में बांध कर काफी मारपीट किया।उन्होंने बताया कि मैं किसी प्रकार अपनी जान बचाकर वहाँ से भाग निकला लेकिन शुभम कुमार वहाँ से नहीं भाग पाया। जिसके बाद हमलोग उक्त फंटूस खान के गैरेज पर गए तो गैरेज बंद कर फरार हो गए थे।उसके बाद से हमारे भाई का कोई जानकारी नहीं है एवं हमें डर है कि उपरोक्त लोगो के द्वारा मेरे पुत्र के साथ कोई अप्रिय घटना ना घटित हो जाए। वही बताया जाता है कि फंटूश खान भी दानापुर थाने में शिवम के विरुद्ध चोरी का आरोप लगाते हुए लिखित आवेदन दिया है। दानापुर थाना अध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष : विकास, जनकल्याण और नए भारत की आधारशिला— भाजपा नेत्री शोभा पटेल

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा।**भाजपा नेत्री शोभा पटेल ने कहा देश के लोकतांत्रिक इतिहास में 12 वर्षों तक लगातार जनसमर्थन प्राप्त कर केंद्र सरकार का नेतृत्व करना अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रधानमंत्री Narendra Modi के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, जनकल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। यही कारण है कि आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से उभरती हुई शक्ति के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। मोदी सरकार की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि विकास को केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों को योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का घर मिला। उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई। हर घर जल मिशन, सौभाग्य योजना और स्वच्छ भारत अभियान ने ग्रामीण जीवन की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का नया भरोसा दिया, जबकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। डिजिटल क्रांति भी मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है। डिजिटल भुगतान, आधार आधारित सेवाएं और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) ने सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाई तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने का कार्य किया। आज भारत विश्व में डिजिटल भुगतान का अग्रणी देश बन चुका है। इससे आम नागरिकों को सुविधा मिलने के साथ-साथ सरकारी धन की बचत भी हुई है। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों, एक्सप्रेसवे, रेलवे, मेट्रो, एयरपोर्ट और बंदरगाहों के निर्माण ने देश की अर्थव्यवस्था को नई गति दी है। वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण तथा ग्रामीण सड़कों के निर्माण ने कनेक्टिविटी को मजबूत बनाया है। भारत आज आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष विज्ञान तथा विनिर्माण क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विदेश नीति के क्षेत्र में भी भारत की स्थिति पहले की अपेक्षा अधिक सशक्त हुई है। वैश्विक मंचों पर भारत की आवाज को गंभीरता से सुना जा रहा है। जी-20 की सफल अध्यक्षता और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बढ़ती भूमिका देश की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है। हालांकि किसी भी सरकार की उपलब्धियों का मूल्यांकन समय और परिस्थितियों के आधार पर होता है, फिर भी यह स्वीकार करना होगा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास और जनकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं। गरीबों के उत्थान, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, डिजिटल परिवर्तन और राष्ट्रीय गौरव को मजबूत करने के प्रयासों ने नए भारत की मजबूत नींव रखी है। भाजपा नेत्री शोभा पटेल ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कालखंड है। आने वाले वर्षों में भी विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाना समय की आवश्यकता है।

## पटना जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी में होगी नीट यूजी 2026 पुनर्परीक्षा

नई सोच एक्सप्रेस





21 जून को बंद रहेंगे पटना के सभी कोचिंग संस्थान

**पटना।**नीट यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा को लेकर बिहार की राजधानी पटना में जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभी जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को परीक्षा के लिए फुलप्रूफ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने बुधवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधा, यातायात प्रबंधन और निगरानी तंत्र की विस्तार से समीक्षा की गई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए 21 जून को पूरे पटना में कोचिंग संस्थानों को एहतियातन बंद रखने का आदेश दिया गया है। उक्त परीक्षा में जिले के 95 केन्द्रों पर 46029 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को कदाचारमुक्त और सफल बनाने के लिए किसी भी तरह की कोताही पर सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।अफवाहों और भ्रामक जानकारी फैलाने वालों को रोकने के लिए प्रशासन ने सोशल मीडिया पर 24/7 निगरानी का तंत्र विकसित किया है। किसी भी स्तर पर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को परीक्षा के दिन लगातार क्षेत्र में गश्त करने के लिए कहा गया है। परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए कड़ी सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने छात्रों के लिए कई विशेष सुविधाएं सुनिश्चित की हैं, जिसके अंतर्गत बिहार राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में नीट अभ्यर्थियों को मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। हर परीक्षा केंद्र पर शुद्ध पेयजल और मेडिकल टीमों की तैनाती रहेगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों के लिए शेड (छाया) की व्यवस्था की जाएगी।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री बनने पर सरोज रंजन पटेल का भव्य नागरिक अभिनंदन


नई सोच एक्सप्रेस



भारतीय जनता पार्टी बिहार के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री एवं फतुहा क्षेत्र के लोकप्रिय जननेता सरोज रंजन पटेल के सम्मान में गुरुवार को संपतचक स्थित महाराजा गार्डन में भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए।समारोह के दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश कुमार उर्फ रिंकू सिंह, सम्पतचक ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बिरबहादुर सिंह, सुमित कुमार, बिपुल सिंह सहित अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरोज रंजन पटेल का फूल-मालाओं एवं अंगवस्त्र देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में सरोज रंजन पटेल ने पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता हैं और उनके सम्मान तथा जनता की सेवा के लिए वह सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरोज रंजन पटेल के प्रदेश महामंत्री बनने से फतुहा क्षेत्र और भाजपा संगठन को नई ऊर्जा मिली है। उनकी संगठनात्मक क्षमता, जनसंपर्क और जनसेवा के प्रति समर्पण उन्हें कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय बनाता है। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सरोज रंजन पटेल को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पूरे आयोजन में उत्साह, जोश और संगठन के प्रति समर्पण का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने इसे फतुहा विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन का एक यादगार आयोजन बताया।

# दानापुर में फ्रिज के धमाके से घर में लगी आग, लाखों का सामान राख, तीन लोग झुलसे

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**दानापुर के नूरपुर चांदमारी इलाके में बुधवार देर रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया। एक पूर्व सैनिक सत्येन्द्र रात के घर में फ्रिज का कंप्रेसर अचानक फट गया जिससे घर में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में घर में मौजूद मां और उसकी दो बेटियां गंभीर रूप से झुलस गईं जबकि घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। घटना के समय सतेन्द्र राय अपने बेटे रविनेश के साथ किसी काम से बाजार गए हुए थे। घर में उनकी पत्नी सरिता देवी (38) और दो बेटियां कृति कुमारी (17) व प्रीति कुमारी (15) मौजूद थीं। अचानक घर की ऊपरी मंजिल पर रखे फ्रिज का कंप्रेसर जोरदार धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना तीव्र था कि आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि कमरे में रखा गैस सिलेंडर भी चपेट में आ गया, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बचाव कार्य में जुट गए और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को इलाज के लिए खगौल रोड स्थित एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। वहीं दमकल विभाग को भी सूचित किया गया। सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी शशिकांत शर्मा ने बताया कि घटनास्थल तक पहुंचने वाला रास्ता बेहद संकरा था, जिसकी वजह से दमकल की बड़ी गाड़ियां वहां नहीं पहुंच सकीं। अंततः छोटी दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर बमुश्किल काबू पाया गया। इस अग्निकांड में घर का फर्नीचर, महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कीमती कपड़े और अन्य जरूरी घरेलू सामान जलकर राख हो गए। पुलिस और अग्निशमन विभाग मामले की गहन जांच कर रहे हैं ताकि आग लगने के कारणों की पुष्टि हो सके। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपने घर में लगे बिजली के उपकरणों की समय-समय पर सर्विसिंग और जांच जरूर करवाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की जानलेवा घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल अस्पताल में भर्ती मां और दोनों बेटियों का उपचार चल रहा है और उनकी स्थिति पर डॉक्टर नजर बनाए हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 13 जून को छपरा में लगेगा नियोजन सह जॉब कैंप, निजी कंपनी करेगी भर्ती

**छपरा।**युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा द्वारा आगामी 13 जून को नियोजन सह जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। कैंप में निजी क्षेत्र की कंपनी एनएसजी ऑर्गेनिक भाग ले रही है, जिसके माध्यम से विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यस्थल सारण जिला होगा। जानकारी के अनुसार सेल्स मैनेजर के एक पद के लिए बीबीए या एमबीए डिग्रीधारी तथा एफएमसीजी सेल्स में कम से कम चार वर्ष के अनुभव वाले पुरुष अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इस पद के लिए अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है तथा मासिक वेतन 21,500 रुपये होगा। वहीं सेल्स एग्जीक्यूटिव के चार पदों के लिए बीए, बीएससी, बीकॉम अथवा बीबीए उत्तीर्ण पुरुष अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। एफएमसीजी सेल्स में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव आवश्यक है। इस पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष तथा मासिक वेतन 12,500 रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा पैकेजर के तीन पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण तथा अधिकतम आयु 27 वर्ष निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को 6,500 रुपये मासिक वेतन मिलेगा। नियोजन कैंप में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियों का पंजीकरण नहीं है, वे ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं या अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा से संपर्क कर सकते हैं। कैंप स्थल पर भी पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### बारिश से भीषण गर्मी व उमस से मिली निजात

**वैशाली।** गुरुवार की सुबह लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच झमाझम बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दी। सुबह करीब 7 बजे शुरू हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहाना हो गया। पिछले कई दिनों से तेज धूप और उमस के कारण लोग परेशान थे। सुबह बारिश शुरू होते ही लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश के कारण सड़कों पर आवागमन कुछ देर के लिए प्रभावित हुआ, वहीं खेतों और बगीचों में भी पानी पहुंचने से किसानों के चेहरे खिल उठे। किसानों का कहना है कि बारिश से धान की नर्सरी एवं अन्य फसलों को लाभ मिलेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह की बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया है। मौसम में आई नरमी से बच्चों, बुजुर्गों और आम लोगों को गर्मी से काफी राहत महसूस हो रही है।

### बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया

**वैशाली।**बरांटी थाना क्षेत्र के बरांटी बाजार में एक किराना दुकान में कार्यरत बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत श्रम संसाधन व प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग की टीम ने छापेमारी कर एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया और संबंधित प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध थाने मे प्राथमिकी दर्ज कराई है। श्रमप्रवर्तनपदाधिकारी बिदुपुर द्वारा बरांटी थानाध्यक्ष को दिए गए आवेदन के अनुसार जिला स्तरीय बाल श्रम उन्मूलन टास्क फोर्स द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के दौरान बरांटी थाना क्षेत्र के राधारमण चौक स्थित मेसर्स भूषण किराना स्टोर में छापेमारी की गई। इस दौरान प्रतिष्ठान में कार्यरत 13 वर्षीय बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया।आवेदन में बताया गया है कि अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बिदुपुर, राजापाकर, वैशाली व गोरौल के अधिकारियों के साथ पुलिस बल भी शामिल थे। मुक्त कराए गए बाल श्रमिक को आवश्यक कार्रवाई के लिए चाइल्ड वेलफेयर कमेटी वैशाली के समक्ष प्रस्तुत किया गया। श्रम विभाग ने कहा है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रतिष्ठान में नियोजित करना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 तथा संशोधित अधिनियम 2016 के तहत दंडनीय अपराध है। इसी आधार पर बिदुपुर स्टेशन रोड निवासी मेसर्स भूषण किराना स्टोर के संचालक भूषण साह के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई और पुलिस द्वारा विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### सीओ आवास से संचालित हो रहा कार्यालय! भाकपा-माले ने उठाए कई सवाल

» जमीन के खेल में कौन है पर्दे के पीछे? भूषण सिंह
भाकपा-माले ने उठाए सवाल

**मधुबनी/बिहार।**भाकपा-माले के जयनगर प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने अंचल कार्यालय में कथित अनियमितताओ, भू-माफियाओं की सक्रियता तथा गरीब एवं भूमिहीन परिवारों के मामलों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए प्रशासन से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने अंचलाधिकारी को आवेदन सौंपा है, जिसकी प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी तथा जिलाधिकारी को भी भेजी गई है। आवेदन में आरोप लगाया गया है किअंचल कार्यालय का संचालन नियमित रूप से कार्यालय के बजाय निजी आवास से किया जा रहा है। साथ ही अंचलाधिकारी के आवास पर कथित भू-माफियाओं एवं उनके सहयोगियों के लगातार जमावड़े की बात कही गई है। आरोप है कि भूमि परिमार्जन, दाखिल-खारिज तथा सरकारी, विवादित एवं प्रतिबंधित भूमि से जुड़े मामलों के निष्पादन में बाहरी प्रभाव पड़ रहा है। भूषण सिंह ने कहा कि इस स्थिति का सबसे अधिक असर वास्तविक भू-स्वामियों, भूमिहीनों, गरीबों तथा महादलित पर्चाधारी परिवारों पर पड़ रहा है। कई पात्र परिवार वर्षों से भूमि संबंधी मामलों के निष्पादन के लिए कार्यालयों का चक्कर लगाने को मजबूर हैं, जबकि कथित रूप से प्रभावशाली लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इससे क्षेत्र में भूमि विवाद बढ़ने के साथ प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि अंचलाधिकारी के आवास पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि वहां आने-जाने वाले लोगों की निगरानी हो सके और जनशिकायतों की सत्यता की निष्पक्ष जांच कराई जा सके। इसके अलावा वर्तमान कार्यकाल में स्वीकृत एवं अस्वीकृत भूमि परिमार्जन तथा दाखिल-खारिज मामलों की भी विस्तृत जांच कराने की मांग की गई है।भाकपा-माले ने चेतावनी दी है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई, तो गरीबों, भूमिहीनों और महादलित परिवारों के अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन तेज किया जाएगा तथा जिला से राज्य स्तर तक संघर्ष चलाया जाएगा।

### रेलवे स्टेशन सुगौली पर नशे की हालत में दो युवक गिरफ्तार



**मोतिहारी।** रेलवे स्टेशन सुगौली पर बुधवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे की हालत में दो युवकों को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानवीकारी के अनुसार दिनांक 10 जून 2026 को रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर के पास से दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में पाया गया।गिरफ्तार युवकों की पहचान रूपेश कुमार सिंह (25 वर्ष), पिता ओमप्रकाश सिंह तथा प्रमोद यादव, पिता स्वर्गीय जगदीश यादव, दोनों निवासी पानापुर भेड़ियारी वार्ड संख्या-08, थाना हरसिद्धि, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है।पुलिस द्वारा जांच के दौरान दोनों के नशे की हालत में होने की पुष्टि होने पर उन्हें हिरासत में ले लिया गया। दोनों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं नशाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# कुलपति ने किया 'पाठ्यचर्या में भाषा : एक परिचय' पुस्तक का विमोचन

नई सोच एक्सप्रेस



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय (एलएनएमयू) के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द कुमार मिलन द्वारा लिखित दो पुस्तकों—'पाठ्यचर्या में भाषा : एक परिचय' (हिंदी) तथा 'An Introduction to Language across the Curriculum' (अंग्रेजी)—का विमोचन किया। कार्यक्रम कुलपति के आवासीय कार्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. चौधरी ने डॉ. मिलन को बधाई देते हुए कहा कि दोनों पुस्तकें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और आम पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि भाषा सीखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसके बिना विचारों का आदान-प्रदान संभव नहीं है। भाषा पाठ्यचर्या की आत्मा है और इसके विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। विमोचन के बाद बीएड (नियमित) विभाग में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएसडब्ल्यू प्रो. अशोक कुमार मेहता ने कहा कि यह पुस्तक शिक्षाशास्त्र के साथ-साथ स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए भी लाभकारी होगी। उन्होंने शिक्षाविदों से पुस्तक का अध्ययन कर इसे और अधिक उपयोगी बनाने के लिए सुझाव देने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. मो. अफाक हाशमी ने कहा कि बीएड पाठ्यक्रम के सीसी-4 में भाषा विषय शामिल है। ऐसे में यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए बेहद सहायक साबित होगी। महाविद्यालय निरीक्षक प्रो. अरुण कुमार सिंह ने डॉ. मिलन की भाषाई दक्षता और प्रशासनिक क्षमता की सराहना की। प्रधानाचार्य डॉ. जी.एम. अंसारी ने कहा कि भाषाई कमजोरी के कारण विद्यार्थी न तो शुद्ध रूप से बोल पाते हैं और न ही प्रभावी ढंग से लिख पाते हैं। वहीं संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डॉ. आर.एन. चौरसिया ने कहा कि भाषा चिंतन प्रक्रिया का आधार है और इसमें कमजोरी होने पर विद्यार्थी अन्य विषयों में भी पिछड़ सकते हैं। पुस्तक परिचय प्रस्तुत करते हुए लेखक डॉ. अरविन्द कुमार मिलन ने बताया कि दोनों पुस्तकों में 10-10 अध्याय हैं तथा इन्हें नई दिल्ली के एजुकेशनल पब्लिशिंग हाउस द्वारा वर्ष 2026 में प्रकाशित किया गया है। उन्होंने कहा कि भाषा का समुचित विकास विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति, सृजनात्मकता और आलोचनात्मक चिंतन को विकसित करता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिर्जा रूहुल्लाह बेग ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. उदय कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. विजय कुमार यादव, डॉ. शंभू प्रसाद, डॉ. एस. रहमान, डॉ. आनंद मोहन, डॉ. जयशंकर सिंह, डॉ. सैयद मो. जमाल अशरफ, कृष्ण मुरारी, आस्थानंद यादव एवं संजय कुमार सहित अनेक शिक्षाविद् उपस्थित थे।

## राजस्व महाअभियान में दिए गए आवेदन का अपलोडिंग कार्य



नई सोच एक्सप्रेस

**वैशाली।**अंचल कार्यालय राजापाकर द्वारा ई किसान भवन राजापाकर बसरा के परिसर में राजस्व महाअभियान 2026 के तहत प्राप्त भूमि विवाद से संबंधित विभिन्न आवेदन दाखिल खारिज परिमार्जन सहित अन्य कार्यों को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुएअंचलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि राजस्व महाअभियान 2026 के तहत लिए गए विभिन्न आवेदनों का स्कैनिंग कर बिहार भूमि पोर्टल पर अपलोड किया गया साथ ही उन आवेदनों को जो रैयत्व द्वारा परिमार्जन हेतु जमा किया गया था। उसे भी बिहार भूमि के पोर्टल पर सुधार हेतु अपलोड किया गया गया। विदित हो कि राजस्व विभाग बिहार सरकार द्वारा राजस्व महाअभियान 2026 के तहत जमा किए गए सभी आवेदनों को 11 जून से 17 जून तक शिविर आयोजित कर उसे बिहार भूमि पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।इस कार्य में राजस्व कर्मचारी अमित कुमार रंजन, मुनाजिर हुसैन, बलवीर कुमार, सूरज कुमार, प्रियव्रत कुमार सहित सभी सर्व अमीन कार्य में शामिल हुए। जिसमें निशांत कुमार, राहुल कुमार, नरेश कुमार, राजलक्ष्मी कुमारी ,स्वाति कुमारी व अन्य शामिल हैं।

## मेंटल हेल्थ एंड वेलबीइंग प्रशिक्षण में शिक्षकों को दिए गए सकारात्मक संबंध और मतभेद प्रबंधन के गुर

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** बिहार शिक्षा परियोजना के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देशानुसार कक्षा 6 से 8 तक के शिक्षकों के लिए मेंटल हेल्थ एंड वेलबीइंग ट्रेनिंग का आयोजन 12 जून तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चलेगा। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद पटना द्वारा ई-शिक्षा कोष पर जारी अधिसूचना के आलोक में आयोजित इस पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए व्याख्याता राकेश कुमार ने रिश्ते पुनर्स्थापन के अभ्यास एवं मतभेद प्रबंधन विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में स्वस्थ एवं सकारात्मक संबंध ही प्रभावी शिक्षण की आधारशिला होते हैं। मतभेद जीवन का स्वाभाविक हिस्सा हैं लेकिन संवाद, सहानुभूति और आपसी सम्मान के माध्यम से उनका सफलतापूर्वक समाधान किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि पुनर्स्थापनात्मक अभ्यास के माध्यम से टूटे हुए संबंधों को पुनः मजबूत किया जा सकता है तथा विद्यार्थियों में सहयोग, जिम्मेदारी और आत्मानुशासन की भावना विकसित की जा सकती है। उन्होंने शिक्षकों से दंडात्मक दृष्टिकोण की बजाय संवेदनशील एवं संवादपुरक वातावरण के निर्माण का आग्रह किया, जिससे विद्यालयों में सौहार्दपूर्ण माहौल कायम हो सके और बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो। प्रशिक्षण सत्र में प्राचार्य डॉ.एम. खान, डॉ.राजीव नयन, अमरनाथ कुमार, मुन्ना कुमार, सुनील कुमार, डॉ.एम. के.आलोक तथा एससीईआरटी, पटना से आईं व्याख्याता शिवानी दीप्ति ने विभिन्न विषयों पर अपने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं प्रशिक्षण सत्र को प्रभावी बनाने में देवकांत रंजन और मृत्युंजय कुमार का योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर प्रशिक्षु शिक्षक बचन देव कुमार, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, ओमकार कुमार, अनुज शुक्ल, श्रीनिवास कुमार, राम किशोर उपाध्याय, नेहा, अंजलि कुमारी, साधना कुमारी, अमृता रानी सहित सभी प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर पेट्रोल पंपों की जांच, अनियमितता पाए जाने पर होगी कठोर कार्रवाई

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा के नेतृत्व में आपूर्ति विभाग के पदाधिकारियों की गठित टीम ने जिले में अवस्थित पेट्रोल पंपों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक, ईंधन की गुणवत्ता,पेट्रोल में मिलावट की जांच, उपलब्ध पेट्रोल एवं डीजल के घनत्व की जांच, सही मात्रा में ईंधन आपूर्ति, फर्स्ट एड की उपलब्धता, ग्राहकों के लिए पेयजल की व्यवस्था, महिला एवं पुरुषों के लिए पृथक शौचालय, वाहनों के लिए हवा की सुविधा, विस्फोटक अनुज्ञप्ति का अद्यतन, माप-तौल संबंधी मानकों तथा अन्य विभागीय प्रावधानों के अनुपालन की विस्तृत जांच की गई। जांच के क्रम में लोदीपुर, पटना-गया बाईपास स्थित महावीर सर्विस स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं पायी गईं, जिसके संबंध में विभागीय प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि विभागीय प्रावधानों के आलोक में जिले के सभी पेट्रोल पंपों की क्रमिक जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध कराना पेट्रोल पंप संचालकों की जिम्मेदारी है तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जयनगर में मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद का भव्य स्वागत, मुक्तिधाम परिसर में पार्क निर्माण का दिया भरोसा

नई सोच एक्सप्रेस



» पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश
» बोले प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य एवं दायित्व

**मधुबनी/बिहार।**बिहार सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री सह हायाघाट विधायक डॉ. रामचंद्र प्रसाद गुरुवार को मधुबनी जिला के जयनगर पहुँचे। मंत्री आगमन पर जयनगर चैम्बर ऑफ कॉमर्स और सामाजिक संस्था जय माता दी सेवा समिति ,मुक्ति धाम कमिटी एवं आर्य कुमार पुस्तकालय टीम के सदस्यों व सामाजिक कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों स्थानीय लोगों द्वारा उनका भव्य स्वागत कर पाग दोपट्टा फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों ने उनका अभिनंदन किया।जयनगर पहुंचने के बाद मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद ने सर्वप्रथम जयनगर मेन रोड स्थित कमला रोड के समीप स्थित निर्माधिन श्री श्री 108 नागा बाबा महावीर मंदिर में पहुंचकर दर्शन कर क्षेत्र के सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। मन्दिर कमिटी के द्वारा 16 एवं 17 जून को होने वाले धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता को लेकर आमंत्रित किया। इसके पश्चात मंत्री कमला नदी बांध के समीप स्थित मुक्तिधाम परिसर का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। मंत्री के द्वारा मुक्तिधाम परिसर में पौधों का रौपन किया गया।निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों एवं मुक्तिधाम समिति के सदस्यों ने मंत्री से मुक्तिधाम परिसर में सुंदर पार्क के निर्माण क्षेत्र का सौन्दर्यकरण तथा मुक्ति धाम में आधुनिक इलेक्ट्रिक शवदाह गृह (इलेक्ट्रिक मशीन) स्थापित कराने की मांग की।लोगों ने कहा कि इससे अंतिम संस्कार की प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक एवं पर्यावरण अनुकूल होगी, वहीं पार्क के निर्माण से परिसर का सौंदर्यीकरण भी होगा।मंत्री ने लोगों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम परिसर में पार्क निर्माण की मांग उचित है तथा इसके लिए जल्द ही प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा जाएगा, ताकि आगे की प्रक्रिया पूरी कर विकास कार्य शुरू कराया जा सके।इसके पश्चात मंत्री आर्य कुमार पुस्तकालय पहुँचे और पुस्तकालय परिसर निरीक्षण कर पुस्तकालय से सटे पोखर पर चल रहे कार्य का की विस्तृत जानकारी ली।इसके पश्चात मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद आई बी पहुँचे औऱ आई बी परिसर में अधिकारियों के साथ पौधों का रौपन किया। मुक्तिधाम और आईबी परिसर में कई छायादार फल दार पौधों का रौपन कर पौधों का संरक्षण करने और पर्यावरण व प्रकृति का संरक्षण करने को ले सभी से पौधों का रौपन करने का आह्वान कर अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण व प्रकृति का संरक्षण करना स्वच्छता अपनाना हम सभी का कर्त्तव्य व दायित्व भी है। वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना समय की आवश्यकता है। राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण एवं हरित बिहार के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।अपने दौरे के क्रम में मंत्री ने आर्य कुमार पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। पुस्तकालय से जुड़े सदस्यों ने उन्हें पुस्तकालय की वर्तमान स्थिति, संसाधनों की कमी तथा अन्य समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री ने पुस्तकालय के विकास एवं आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि जयनगर के लोगों ने मुक्तिधाम परिसर में पार्क निर्माण की मांग रखी है। इस संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजें, ताकि आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर विकास कार्य को आगे बढ़ाया जा सके।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।मौके पर जयनगर के डीएसपी सदानंद कुमार, वन विभाग के आरओएफ संजय कुमार, फोरेस्टर अनूप कुमार, वन रक्षी चंदन कुमार एवं मनीष कुमार, कमला नहर प्रमंडल के जेई सतीश कुमार, मुख्य पार्षद अध्यक्ष कैलाश पासवान, थाना अध्यक्ष अमित कुमार , जयनगर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष बैद्यनाथ ठाकुर, महासचिव अनिल बैरोलिया, सचिव पवन यादव, ध्रुव गुप्ता, राजेश मुरारका, प्रेम गुप्ता, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अरविंद तिवारी, दिलीप प्रसाद साह उर्फ मुन्ना साह, प्रेम साह, मोहन कुमार, सोहन कुमार, आर्य कुमार पुस्तकालय टीम के समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद, शिवम रौनियार, पीयूष कुमार, मनीष जायसवाल, रोमियो नायक मुक्तिधाम सामाजिक संस्था के अरुण जैन, विशम्भर बंका, सीताराम गुप्ता वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अनिल महतो , कैट के राज कुमार साह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नीतीश कुमार से मिले पूर्व जिलाध्यक्ष , जमुई से जुड़े विकास कार्यों पर हुई चर्चा

नई सोच एक्सप्रेस



**जमुई।**बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से पटना स्थित आवास पर जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष ई.शंभू शरण ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने इस दरम्यान उन्हें घनबेरिया का प्रसिद्ध पेड़ा देकर शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित किया। ई.शरण ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री से मौके पर जमुई जिला से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विकासात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। जनपद में सड़कों का निर्माण क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने स्वास्थ्य शिक्षा , सिंचाई कृषि बिजली , पेयजल आदि जरूरी विषयों से उन्हें अवगत कराया। अन्य विभागीय जरूरतों के साथ पथ निर्माण विभाग से जुड़े सड़कों का जीर्णोद्धार और नए पथों के निर्माण की ओर उनका ध्यान खींचा। क्षतिग्रस्त नरियाना और मांगोबंदर पुल की यथोचित जानकारी दी। पूर्व जिलाध्यक्ष ने इसके अलावे जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और पूर्व मुख्यमंत्री से नामित जरूरतों को पूरा किए जाने का आग्रह किया। ई.शरण ने आशा जताते हुए कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में बिहार ने विकास का नया कीर्तिमान स्थापित किया जो देश-दुनिया के लिए मानदंड है।जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि जमुई जनपद के विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए हमारा प्रयास निरंतर जारी है। जनता की समस्याओं को दूर करना बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना और नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा सिंचाई सड़क बिजली पेयजल आदि सुविधा उपलब्ध कराना उनकी शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने ई.शरण की बातों को गंभीरता से लिया।इस अवसर जदयू नेता रामानंद सिंह राजेश कुमार सिंह आदि जन उपस्थित थे

## सारण के नौ प्रखंडों में एक जुलाई से शुरू होंगी डिग्री कॉलेज की कक्षाएं

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।**बिहार सरकार की सात निश्चय-3 योजना के तहत उच्च शिक्षा को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने की दिशा में सारण जिला प्रशासन ने बड़ी पहल की है। जिले के उन नौ प्रखंडों में, जहां अब तक एक भी डिग्री कॉलेज नहीं था, आगामी एक जुलाई से डिग्री कॉलेजों का संचालन शुरू किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि तरैया, मकेर, एकमा, दरियापुर, मढ़ौरा, मशरक, लहलादपुर, पानापुर और इसुआपुर प्रखंडों में तात्कालिक व्यवस्था के तहत चिन्हित सरकारी भवनों में कॉलेजों की कक्षाएं प्रारंभ होंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि उच्च शिक्षा को गांव-गांव तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है और इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया। बैठक में स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन को निर्देश दिया गया कि सभी चयनित भवनों में मरम्मत, रंग-रोगन, विद्युत व्यवस्था, पेयजल और छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था 20 जून तक पूरी कर ली जाए। वहीं कॉलेजों के लिए आवश्यक फर्नीचर, बेंच-डेस्क, टेबल, कुर्सियां, अलमारी और अन्य सामग्रियों की खरीद 25 जून तक हर हाल में पूरी करने का निर्देश दिया गया।

संक्षिप्त समाचार

## नई दिल्ली में सम्राट चौधरी से मिले सुदेश महतो



**नई दिल्ली।** आजसू पार्टी प्रमुख एवं झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित बिहार भवन में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी भी उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान नेताओं के बीच विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक एवं समसामयिक मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्रीय विकास और जनहित से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने के लिए एनडीए के कई वरिष्ठ नेता इन दिनों नई दिल्ली में मौजूद हैं। इसी क्रम में बिहार भवन में यह मुलाकात हुई।

## वरिष्ठ साहित्यकार सिद्धनाथ शर्मा 'सिद्ध' को भावभीनी श्रद्धांजलि,साहित्य जगत ने बताया अपूरणीय क्षति

### साहित्यकारों ने सिद्धनाथ शर्मा 'सिद्ध' को किया याद



**वाराणसी।**संस्थान बरेका के तत्वाधान में काशी काव्य संगम के सहयोग से वरिष्ठ साहित्यकार सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध के निधन पर संस्थान पुस्तकालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया | इस अवसर पर गिरीश पांडेय काशीकेय ने कहा कि सिद्धनाथ की क्षति साहित्य क्षेत्र की अपूर्णीय क्षति है | सिद्ध जी की रचनाएं बहुत ही जीवन्त होती थी तथा समाज के बारे में एक स्पष्ट लेखनी चलती थी | संतोष कुमार प्रीत ने कहा कि सिद्धनाथ जितने बड़े साहित्यकार थे उतना ही सरल,मृदुभाषी व मिलनसार व्यक्ति थे उनकी कमी हम सभी साहित्यकारों को हमेशा खलेगी वह इस जहां से चले गए है परंतु वह हमारे हृदय में जीवित है | श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम सिद्धनाथ के फोटो पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किया | श्रद्धांजलि सभा में अरविंद भारत, रामानंद दीक्षित,गौतम अरोड़ा सरस, आलोक सिंह बेताब,मुनींद्र पांडे मुन्ना, अखलाक भारतीय,गिरीश पांडे काशीकेय,जयप्रकाश मिश्रा धानापुरी, प्रदीप कुमार,टीकाराम शर्मा आचार्य,डॉ प्रताप शंकर दुबे,संतोष कुमार प्रीत, रामजतन पाल,करुणा सिंह,गणेश सिंह प्रहरी,अरविंद तिवारी,मिथलेश सिंह, मनोज सिंह,उषा गुप्ता,नंदलाल रावत इत्यादि साहित्यकार व गणमान्यजन उपस्थित रहे | अंत में सभी लोगों ने सिद्धनाथ की आत्मा शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा | आलोक कुमार सिंह सचिव संस्थान ने सभी लोगो को धन्यवाद ज्ञापित किया ||

## बिहार में खाद की कोई कमी नहीं, कालाबाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: विजय सिन्हा

» राज्य में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, अब तक 43 प्रतिष्ठानों पर एफआईआर दर्ज और 213 के लाइसेंस रद्द

» अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एसएसबी के साथ मिलकर लगातार की जा रही है सख्त निगरानी

**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य के किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि वर्तमान में राज्य के किसी भी जिले में उर्वरक (खाद) की कोई कमी नहीं है। राज्य में खाद का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरक का उपयोग करने के लिए प्रचार-प्रसार के माध्यम से लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि राज्य में खाद की कोई किल्लत न हो, इसके लिए विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। वर्तमान में राज्य में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों का आवश्कता के अनुरूप स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान में राज्य में यूरिया 2.35 लाख मीट्रिक टन, डी.ए.पी. 4.56 लाख मीट्रिक टन,एन.पी.के. 8.82 लाख मीट्रिक टन, एम.ओ.पी. 1.71 लाख मीट्रिक टन, एस.एस.पी. 1.17 लाख मीट्रिक टन, कृषि मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और तय मूल्य से अधिक पर बिक्री को रोकने के लिए विभाग 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रहा है। इसके लिए मुख्यालय स्तर पर गठित 'उड़नदस्ता दल और जिला कृषि अधिकारियों की जांच टीमें लगातार निरीक्षण कर रही हैं। वर्ष 2026-27 में की गई कड़ी कार्रवाई में अनियमितता पाए जाने पर कुल 43 उर्वरक प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। 213 उर्वरक प्रतिष्ठानों के उर्वरक प्राधिकार लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है।उर्वरक प्रतिष्ठानों के पॉस मशीन में प्रदर्शित खाद की मात्रा और भौतिक रूप से उपलब्ध मात्रा का कड़ाई से सत्यापन किया जा रहा है। यदि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे बिहार के जिलों में खाद की तस्करी और कालाबाजारी को रोकने के लिए कृषि विभाग विशेष रूप से सक्रिय है। इन क्षेत्रों में सशस्त्र सीमा बल के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर निरीक्षण दल द्वारा लगातार छापेमारी और निगरानी की जा रही है।

## पटना में गिग वर्कर्स के लिए बन रहे वीआईपी लाउंज

**पटना।** पटना में डिलीवरी बॉयज, कूरियर बॉयज, ऑटो और बाइक राइडर्स को जल्द ही गर्मी से राहत मिलेगी। पटना नगर निगम द्वारा गिग वर्कर्स के लिए शहर में दो एसी लाउंज तैयार किए जा रहे हैं। गांधी मैदान गेट नंबर- 4 और इनकम टैक्स गोलंबर के पास इसका निर्माण हो रहा है।चेन्नई के तर्ज पर इस प्री-फैब्रिकेटेड एसी लाउंज को बनाया जा रहा है, जहां आम लोग भी आराम कर सकेंगे। पिछले महीने ही नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने इसके निर्माण के निर्देश दिए थे। इन लाउंज में एक साथ करीब 15 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। दोनों लाउंज में 30 लोग बैठ सकेंगे। नगर आयुक्त यशपाल मीणा के निर्देश पर शुरू की गयी इस योजना का निर्माण कार्य पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इन दोनों आश्रय स्थलों का मुख्य ढांचा तैयार हो चुका है और वर्तमान में फिनिशिंग का काम चल रहा है। अगले चार दिनों में यानी रविवार तक बुनियादी ढांचा पूरी तरह तैयार कर लिया जायेगा, जिसके बाद एसी लगाने और कुर्सियां बिछाने का काम पूरा होगा। 15 जून से इसे आम जनता और गिग वर्कर्स के लिए खोल दिया जाएगा।गिग वर्कर्स को यहां पूरी तरह मुफ्त में आराम करने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, लाउंज के अंदर मोबाइल चार्जिंग पॉइंट और ठंडे पीने के पानी की व्यवस्था भी की जा रही है। इसके अलावा कम कीमत पर रिफ्रेशमेंट उपलब्ध कराने के लिए जीविका दीदियों को भी जोड़ा जाएगा। यहां आने वाले लोग उनके स्टॉल से छाछ, आम पन्ना जैसे पारंपरिक ग्रीष्मकालीन पेय किफायती दर पर खरीद सकेंगे।अगर ये प्रोजेक्ट सफल हो जाता है, तो आने वाले दिनों में शहर में और भी जगहों पर एसी लाउंज बनाए जाएंगे।

# हर पंचायत में होगी कंप्यूटर ऑपरेटर सह क्लर्क की नियुक्ति : मंत्री

नई सोच एक्सप्रेस

» 8054 राजस्व कर्मचारियों की बहाली का प्रस्ताव भेजा गया

» 15 दिन बाद फिर होगी सभी जिलों की समीक्षा,ऑनलाइन राजस्व सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर होगा जोर

**पटना।**राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने विभागीय मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व कार्यों की समीक्षा के बारहवें दिन दरभंगा एवं शेखपुरा जिले के राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य के अंतिम व्यक्ति तक ऑनलाइन राजस्व सेवाओं की पहुंच को आसान और प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक पंचायत में कंप्यूटर ऑपरेटर सह क्लर्क की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे आम लोगों को राजस्व संबंधी ऑनलाइन सेवाओं का लाभ अपने पंचायत स्तर पर ही आसानी से मिल सकेगा। मंत्री ने कहा कि राजस्व कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए विभाग द्वारा 8054 राजस्व कर्मचारियों की बहाली का प्रस्ताव राज्य कर्मचारी चयन आयोग को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध होने से दाखिल-खारिज, परिमार्जन, ई-मापी, अतिक्रमण वाद, लोक शिकायत तथा अन्य राजस्व मामलों के निष्पादन में और तेजी आएगी। समीक्षा के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अतिक्रमण से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में अनावश्यक देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों को कानून के अनुरूप त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए लंबित मामलों के निपटारे का निर्देश दिया गया। डॉ. जायसवाल ने कहा कि राजस्व प्रशासन की कार्यशैली में स्पष्ट सुधार दिखाई देना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 15 दिनों बाद जिलों की पुनः बारी-बारी से समीक्षा की जाएगी। जिन जिलों अथवा अधिकारियों के कार्यों में अपेक्षित सुधार नहीं मिलेगा, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार की प्राथमिकता आम लोगों को समयबद्ध एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है। मंत्री ने अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने, सरकारी भूमि की सुरक्षा, दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, ई-मापी, अभियान बसेरा-2, राजस्व महा-अभियान, लोक शिकायत, सहयोग शिविर तथा आरसीएमएस न्यायालयों में लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी मामलों की नियमित मॉनिटरिंग कर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभाग के सचिव श्री जय सिंह ने भी लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन तथा निर्धारित समय-सीमा के अनुपालन पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आम लोगों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए सभी स्तरों पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

## ब्रिक्स अध्यक्षता में कृषि व्यापार को नई दिशा देने का अवसर : एम.एल. जाट व स्मिता सिरोही

नई सोच एक्सप्रेस





**वाराणसी।**भारत की 2026 की ब्रिक्स अध्यक्षता कृषि व्यापार को अधिक भरोसेमंद, पारदर्शी और किसान-केंद्रित बनाने का महत्वपूर्ण अवसर लेकर आई है। आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट और राष्ट्रीय प्रोफेसर डॉ. स्मिता सिरोही ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा, उर्वरक आपूर्ति और वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के बीच कृषि सहयोग ब्रिक्स एजेंडे का प्रमुख विषय बन गया है। ब्रिक्स समूह अब दुनिया की लगभग आधी आबादी, वैश्विक जीडीपी के 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के करीब एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। कृषि क्षेत्र में सदस्य देशों की विविध क्षमताएं—ब्राजील का कृषि निर्यात, रूस के उर्वरक और अनाज, भारत का चावल व मसाले, चीन का विशाल खाद्य बाजार तथा नए सदस्य देशों की लॉजिस्टिक्स व खाद्य सुरक्षा क्षमताएं—आपसी सहयोग को मजबूत आधार प्रदान करती हैं। लेखकों ने कृषि व्यापार के लिए चार प्रमुख प्राथमिकताएं सुझाई हैं—भरोसेमंद व्यापार व्यवस्था, उर्वरक व बीज जैसी कृषि सामग्री की मजबूत आपूर्ति श्रृंखला, बाजार संबंधी पारदर्शी सूचना प्रणाली तथा छोटे किसानों, महिलाओं और युवाओं की भागीदारी वाली मूल्य श्रृंखलाएं। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रमाणपत्र, उत्पादों की ट्रेसबिलिटी, पूर्व चेतावनी प्रणाली और कृषि बाजार सूचना मंच जैसी पहलें खाद्य सुरक्षा को मजबूत कर सकती हैं। उनका मानना है कि भारत अपने खाद्य सुरक्षा प्रबंधन, डिजिटल अवसंरचना और कृषि अनुसंधान के अनुभव के आधार पर ब्रिक्स में कृषि व्यापार को अधिक समावेशी, टिकाऊ और संकट-रोधी बनाने में नेतृत्वकारी भूमिका निभा सकता है।

# नीति आयोग की बैठक में हेमंत सोरेन ने रखा झारखंड विकास का विजन

नई सोच एक्सप्रेस



» खनिज प्रदेश को मैन्युफैक्चरिंग हब और नॉलेज इकोनॉमी बनाने पर दिया जोर, केंद्र से मांगा सहयोग

**नई दिल्ली।**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक में झारखंड के समग्र विकास का रोडमैप प्रस्तुत करते हुए कहा कि राज्य की खनिज संपदा तभी सार्थक होगी, जब उसे मानव पूंजी से जोड़ा जाए। उन्होंने झारखंड को केवल खनिज उत्पादक राज्य के बजाय वैल्यू एडिशन, मैन्युफैक्चरिंग और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के केंद्र के रूप में विकसित करने का संकल्प दोहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज संसाधनों का राज्य के भीतर ही प्रसंस्करण और उद्योगों का विकास हो, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले। उन्होंने केंद्र सरकार से क्रिटिकल मिनरल्स आधारित उद्योग, रिसर्च, इनोवेशन और नॉलेज सेंटर विकसित करने में सहयोग की मांग की। साथ ही टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रीन एनर्जी, लॉजिस्टिक्स और एग्रो-फूड प्रोसेसिंग क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने पर बल दिया। **शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास को बताया विकास का आधार:** हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में संचालित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और यहां से छात्र आईआईटी व मेडिकल संस्थानों में चयनित हो रहे हैं। उन्होंने 5000 उत्कृष्ट विद्यालयों के निर्माण लक्ष्य का उल्लेख करते हुए पीएम श्री विद्यालयों और केंद्रीय विद्यालयों की संख्या बढ़ाने तथा झारखंड में एनसीईआरटी का क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने की मांग की। कौशल विकास के क्षेत्र में उन्होंने बताया कि सारथी योजना के तहत 6.76 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है तथा एआई, इलेक्ट्रिक वाहन, ड्रोन और सौर ऊर्जा जैसे उभरते क्षेत्रों के लिए युवाओं को तैयार किया जा रहा है। राज्य हर वर्ष एक लाख से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ रहा है। **स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर जोर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 1276 ग्रामीण दवा दुकानें संचालित हो रही हैं और स्वास्थ्य सुविधाओं को पंचायत स्तर तक पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मेडिकल कॉलेजों में यूजी और पीजी सीटों की संख्या बढ़ाने तथा एआई आधारित डिजिटल हेल्थ प्रोफाइल विकसित करने की योजना का भी उल्लेख किया। **खेल, कृषि और डिजिटल गवर्नेंस पर विशेष फोकस:**मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ी हॉकी, फुटबॉल और एथलेटिक्स में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने राज्य में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की मांग रखी। कृषि क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य में 10 लाख से अधिक पोषण वाटिकाएं विकसित की गई हैं तथा 1.5 लाख एकड़ में फलदार पौधों का रोपण हुआ है। झारखंड का आम अब अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच रहा है। डिजिटल गवर्नेंस के तहत राज्य में एआई आधारित सीएम डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म और इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने डेटा साझाकरण की प्रक्रिया को और तेज बनाने तथा डिजिटल धोखाधड़ी पर रोक लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। **केंद्र सरकार के समक्ष रखीं प्रमुख मांगें:** मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन की शेष 6000 करोड़ रुपये की राशि शीघ्र जारी करने, कोयला कंपनियों पर राज्य के 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया भुगतान, डीएमएफटी मानकों में संशोधन तथा भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग उठाई। इसके अलावा उन्होंने पीपीपी मोड में प्रस्तावित छह नए मेडिकल कॉलेजों में शेष दो कॉलेजों को मंजूरी देने, झारखंड को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी का अवसर प्रदान करने तथा डीवीसी, सीसीएल और ईसीएल कमांड क्षेत्रों में सामाजिक आधारभूत संरचना निर्माण के लिए भूमि संबंधी प्रक्रियाओं को सरल बनाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि "हमारा फोकस झारखंड के समग्र विकास पर है और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य के अनुरूप राज्य को नई दिशा देने के लिए केंद्र और राज्य मिलकर कार्य करें।"

# बारह साल बेमिसाल: भारत की तकदीर और तस्वीर बदलने वाली महायात्रा है मोदी युग: राजेश खुराना

नई सोच एक्सप्रेस





» सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्षों ने रखा विकसित भारत की मजबूत नींव

» वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना ने विश्वास व्यक्त किया कि सेवा, सुरक्षा, सम्मान, सुशासन और संकल्प के मंत्र के साथ भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा

**आगरा।**वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षीय कार्यकाल को भारत के नव निर्माण, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के स्वर्णिम युग का प्रतीक बताते हुए कहा कि बारह साल बेमिसाल केवल समय का पड़ाव नहीं, बल्कि भारत की तकदीर और तस्वीर बदलने वाली एक महायात्रा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को परिवर्तनकारी युगपुरुष बताते हुए कहा कि देश की जनता ने लगातार तीन जनादेश देकर उनके नेतृत्व पर अपना अटूट विश्वास जताया है। उनके नेतृत्व में भारत ने आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, डिजिटल क्रांति, बुनियादी ढांचे के विस्तार और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। श्री खुराना ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का लगभग 4400 दिनों का कार्यकाल केवल एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का प्रेरक अध्याय है। उन्होंने बिना अवकाश लिए देश सेवा का उल्लेख करते हुए इसे अद्वितीय उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि जनधन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं ने करोड़ों गरीब, महिला, किसान और वंचित परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। वहीं यूपीआई, डिजिटल भुगतान और डीबीटी जैसी व्यवस्थाओं ने पारदर्शिता बढ़ाकर भ्रष्टाचार एवं बिचौलियों की भूमिका को काफी हद तक समाप्त किया है। राजेश खुराना ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने, राम मंदिर निर्माण, आत्मनिर्भर भारत अभियान और वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सेवा, सुरक्षा, सम्मान, सुशासन और संकल्प के मंत्र के साथ भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## अदिति यादव पर अमर्यादित टिप्पणी से भड़के सपा नेता मनोज पाण्डेय, बोले- "वह पूरे भारत की बेटी हैं"

नई सोच एक्सप्रेस



**गोरखपुर।**समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी अदिति यादव पर सोशल मीडिया पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी को लेकर सपा नेताओं में भारी आक्रोश है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मनोज पाण्डेय ने कहा कि, "अदिति यादव सिर्फ अखिलेश यादव की बेटी नहीं, बल्कि पूरे भारत की बेटी हैं। किसी भी बेटी के खिलाफ इस तरह की अमर्यादित टिप्पणी कतई बर्दाश्त नहीं की जा सकती।" उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की ओर से अब तक कोई प्रभावी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। इस पर भाजपा को घेरते हुए उन्होंने कहा कि, "बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा का यही असली चाल, चरित्र और चेहरा है।" सपा जिला उपाध्यक्ष ने सरकार से मांग की कि इस मामले में शामिल लोगों की तत्काल पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी बेटी के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने की कोई हिम्मत न कर सके। उन्होंने कहा कि, "बेटी के सम्मान में समाजवादी पार्टी मैदान में है और महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी।"

## कर्माज्योति टैलेंट हंट का सफलतापूर्वक आयोजन, मेधावी विद्यार्थियों को शत प्रतिशत तक छात्रवृत्ति का मिला अवसर

नई सोच एक्सप्रेस



**बस्ती।**कर्मा देवी समूह द्वारा आयोजित "कर्माज्योति टैलेंट हंट 2026" (स्कॉलरशिप परीक्षा) का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगी परीक्षा में जनपद बस्ती के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समूह के चेयरमैन (सेवानिवृत्त आई.ए.एस.) ओम नारायण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। नर्सिंग की छात्राओ ने गीत के माध्यम मेधावियो का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते वक़्त ओम नारायण सिंह ने कहा कि प्रतिभा तभी सार्थक होती है, जब उसे सही दिशा, अवसर और मार्गदर्शन प्राप्त हो। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित ओरिएंटेशन सत्र में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर निर्माण, व्यक्तित्व विकास एवं भविष्य की संभावनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। आयोजकों ने बताया कि कर्माज्योति टैलेंट हंट केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी क्षमता के अनुरूप अवसर प्रदान करने का एक सशक्त मंच है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आदर्श दुबे, द्वितीय स्थान अमरदीप तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले वैष्णवी को क्रमशः एयर कूलर, मिक्सर जूसर,स्मार्ट वॉच जैसे आकर्षक पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया गया। समूह प्रबंधन के अनुसार, इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किक सोच, समय प्रबंधन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अभिभावकों ने भी कर्मा देवी समूह की इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सैमसंग ने 'द बिग बिस्पोक एआई फेस्ट' की घोषणा की, घरेलू उपकरणों पर आकर्षक समर ऑफर्स

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।**सैमसंग इंडिया ने 'द बिग बिस्पोक एआई फेस्ट' की घोषणा की है, जो 12 जून से 19 जुलाई 2026 तक चलेगा। इस दौरान कंपनी अपने बिस्पोक एआई होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो पर आकर्षक समर ऑफर्स दे रही है। चुनिंदा बिस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और अन्य घरेलू उपकरणों पर ग्राहकों को 20,000 रुपये तक का कैशबैक और एक्सटेंडेड वारंटी जैसे लाभ मिलेंगे, जिससे इस गर्मी में एआई-समर्थित स्मार्ट जीवनशैली अपनाना आसान होगा। ऑफर के तहत, चुनिंदा रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन खरीदने वाले ग्राहक सैमसंग केयर+ के माध्यम से एक वर्ष की एक्सटेंडेड वारंटी खरीदकर अतिरिक्त दो वर्ष की वारंटी निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, सिंगल डोर रेफ्रिजरेटर पर ग्राहक केवल 99 रुपये में एक वर्ष की एक्सटेंडेड वारंटी का लाभ उठा सकते हैं। चुनिंदा टॉप-लोड वॉशिंग मशीनों के इंस्टॉलेशन के समय ग्राहकों को मुफ्त फिल्टर भी दिया जाएगा, जो मशीन को धूल और जंग से बचाकर उसकी आयु बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा, सैमसंग फाइनेंस+ के माध्यम से खरीदारी करने पर ग्राहकों को 1000 रुपये तक का कैशबैक मिलेगा। यह पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस प्रक्रिया पर आधारित है, जिससे खरीदारी का अनुभव आसान होने के साथ इसकी पहुंच भी बढ़ती है। इसके अलावा, एयर कंडीशनर खरीदने वाले ग्राहकों को 5 वर्ष की कंप्रिहेंसिव वारंटी का लाभ मिलेगा, जो उत्पाद की दीर्घकालिक विश्वसनीयता सुनिश्चित करते हुए उपयोगकर्ताओं को अतिरिक्त भरोसा देता है। 'द बिग बिस्पोक एआई फेस्ट' के ऑफर Samsung.com, प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और देशभर के चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध हैं। सैमसंग के बिस्पोक एआई अप्लायंसेज एडवांस्ड एआई और स्मार्ट कनेक्टिविटी तकनीक से लैस हैं, जो उपयोगकर्ताओं को अधिक स्मार्ट, सहज और ऊर्जा-कुशल अनुभव प्रदान करते हैं। बिस्पोक एआई एयर कंडीशनर तेज कूलिंग के साथ एयरफ्लो को स्वतः समायोजित करते हैं, जिससे लंबे समय तक आरामदायक वातावरण बना रहता है। स्मार्टथिंग्स होम केयर फीचर उपकरणों के प्रदर्शन की निगरानी करता है और गैस की कमी या फिल्टर की सफाई जैसी संभावित समस्याओं की जानकारी पहले ही दे देता है। किचन के लिए बिस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर सैमसंग के कनेक्टेड इकोसिस्टम के माध्यम से एआई-आधारित सुविधा और सुगम होम मैनेजमेंट अनुभव प्रदान करते हैं। वहीं, बिस्पोक एआई वॉशिंग मशीनें धुलाई की जरूरत के अनुसार वॉश साइकिल को अनुकूलित कर प्रभावी और दक्ष सफाई सुनिश्चित करती हैं।

# धनी तबकों पर ले जाए

**प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की करनी से पैदा हुई समस्या का मुकाबला करने की सारी जिम्मेदारी नागरिकों पर डालने का प्रयास किया है। मगर उससे हालात नहीं सुधरेंगे। बेहतर होगा वे अपना धनी तबकों पर ले जाएं। आर्थिक संकट के बारे में प्रधानमंत्री के भाषणों से देश में फैले भय के बीच अब केंद्र ने सोना, चांदी और अन्य कीमती धातुओं के आयात पर शुल्क बढ़ा कर 15 (10 प्रतिशत कस्टम+ 5 फीसदी कृषि एवं विकास उपकर) कर दिया है। गौरतलब है कि सोने का आयात विदेशी मुद्रा भंडार में सेंध लगने का बड़ा कारण बना रहा है। मगर कारणों की पड़ताल करें, तो आयात बढ़ने की सीधी जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी सरकार पर जाएगी। केंद्र ने मई 2022 में यूएई के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर अमल शुरू किया, जिसके तहत वहां से टैरिफ रेट कोटा सिस्टम के तहत स्वर्ण आयात पर शुल्क सामान्य छह प्रतिशत से एक प्रतिशत कम (यानी पांच प्रतिशत) कर दिया गया। इसके पहले (2022 में) भारत के कुल स्वर्ण आयात में यूएई का हिस्सा 7.9 प्रतिशत (2.9 बिलियन डॉलर) था, जो पिछले साल 28 प्रतिशत (16.5 बिलियन डॉलर) हो गया। इस बीच पिछले साल सोने के भाव में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई। इससे सोना आम मध्य वर्ग की पहुंच से बाहर हो गया। जबकि अति धनी लोग खरीदारी करते रहे, जिससे डॉलर बाहर गया। प्रधानमंत्री ने मध्य वर्ग से विदेश जाने से बचने का आह्वान भी किया है। लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक विदेश जाने वाले भारतीयों की संख्या में पिछले दो साल में गिरावट आई है। फिर भी डॉलर बाहर जाने में बढ़ोतरी हुई, तो उसका कारण अति धनी व्यक्तियों का विदेश में चल और अचल संपत्ति में निवेश है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक 26.4 बिलियन डॉलर का निवेश इन लोगों ने विदेश में किया। ऐसा इसलिए संभव हुआ, क्योंकि मोदी सरकार ने लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम, टैक्स राहत, ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस आदि के नाम पर विदेशी कर्मियों के लिए खुद इसका मार्ग प्रशस्त किया। ये मुद्दे इसलिए उठे हैं, क्योंकि नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार की करनी से पैदा हुई समस्या का मुकाबला करने की सारी जिम्मेदारी नागरिकों पर डालने का प्रयास किया है। मगर उससे हालात नहीं सुधरेंगे। बेहतर होगा सरकार संकट-कालीन प्रशासनिक उपाय करे और अपना ध्यान मध्य वर्ग के बजाय धनी तबकों पर ले जाए।**

# मोदी युग के 12 वर्ष : विकास, विश्वास और आत्मविश्वास का नया भारत



आरती कुमारी

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में कुछ कालखंड केवल शासन परिवर्तन के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना के पुनर्जागरण के लिए याद किए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते बारह वर्षों का दौर ऐसा ही एक कालखंड है। यह केवल एक प्रधानमंत्री के लंबे कार्यकाल की कहानी नहीं है, बल्कि उस भारत की कहानी है जिसने स्वयं को नए आत्मविश्वास, नई ऊर्जा और नई वैश्विक पहचान के साथ स्वयंको स्थापित किया है। नरेंद्र मोदीने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। यह उपलब्धि केवल राजनीतिक सफलता नहीं है, बल्कि जनता के उस विश्वास का प्रमाण है जो बार-बार लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से व्यक्त हुआ है। भारत जैसा विशाल, बहुभाषी, बहुधार्मिक और सांस्कृतिक विविधताओं से भरा देश किसी नेतृत्व को लगातार तीन बार राष्ट्रीय जनादेश दे, यह अपने आप में असाधारण एवं ऐतिहासिक घटना है।

मोदी युग की सबसे बड़ी विशेषता केवल विकास नहीं, बल्कि विकास और विश्वास का समन्वय है। नेहरू युग को आधुनिक भारत के निर्माण का काल कहा गया, तो मोदी युग को उस भारत के आत्मविश्वास के पुनर्जागरण का काल कहा जा सकता है। मोदी ने केवल सड़कों, पुलों, हवाई अड्डों और डिजिटल नेटवर्क का निर्माण नहीं किया, बल्कि करोड़ों भारतीयों के मन में यह विश्वास भी जगाया कि भारत किसी से कम नहीं है और वह विश्व मंच पर नेतृत्वकारी भूमिका निभा सकता है। मोदी की सबसे विलक्षण विशेषता यह रही कि उन्होंने राजनीति को केवल सत्ता संचालन का माध्यम नहीं माना, बल्कि उसे जनभावनाओं और राष्ट्रीय आकांक्षाओं से जोड़ा। वे उन विरले नेताओं में हैं जिन्होंने सरकारी योजनाओं को केवल प्रशासनिक दस्तावेज नहीं रहने दिया, बल्कि उन्हें जनआंदोलन का स्वरूप दिया। स्वच्छ भारत अभियान इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। सफाई का विषय जो कभी सरकारी विभागों तक सीमित था, उसे राष्ट्रीय चरित्र और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ दिया गया।

मोदी युग को भारत की गुम होती सांस्कृतिक अस्मिता की पुनर्स्थापना के लिए भी याद किया जाएगा। सदियों से उपेक्षित राष्ट्रीय प्रतीकों, तीर्थस्थलों और सांस्कृतिक विरासत को नई गरिमा मिली। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण केवल एक धार्मिक घटना नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की सांस्कृतिक चेतना के सम्मान का प्रतीक बना। काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक, केदारनाथ पुनर्निर्माण और सोमनाथ जैसे तीर्थों का विकास यह संकेत देता है कि आधुनिकता और परंपरा एक-दूसरे की विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकती हैं। मोदी की एक और विशेषता यह है कि उन्होंने भारत की विदेश नीति को आत्मविश्वास का नया आयाम दिया। कभी विश्व शक्तियों के बीच संतुलन साधने वाला भारत आज वैश्विक विमर्श को प्रभावित करने वाला राष्ट्र बनकर उभरा है। रूस-यूक्रेन युद्ध हो, पश्चिम एशिया का संकट हो, जी-20 का नेतृत्व हो अथवा वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की आवाज उठाने का प्रश्न- भारत ने निर्णायक भूमिका निभाई है। यह वही भारत है जिसे कभी विकासशील देशों की कतार में खड़ा माना जाता था, लेकिन आज दुनिया उसकी ओर समाधान प्रदाता राष्ट्र के रूप में देख रही है।

इन बारह वर्षों की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह भी है कि शासन के केंद्र में पहली बार अंतिम व्यक्ति को रखने का गंभीर प्रयास दिखाई दिया। जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, मुफ्त राशन योजना तथा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी योजनाओं ने करोड़ों गरीबों के जीवन में बदलाव लाने का काम किया। शासन की पारदर्शिता बढ़ी और बिचौलियों की भूमिका सीमित हुई। डिजिटल इंडिया अभियान ने तकनीक को केवल महानगरों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि गांव-गांव तक पहुंचाया। नरेंद्र मोदी की नेतृत्व शैली का एक विशिष्ट पक्ष उनका संकल्पबोध है। वे बड़े लक्ष्य निर्धारित करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय अभियान का स्वरूप देते हैं। चाहे 370 का उन्मूलन हो, तीन तलाक पर रोक हो, जीएसटी लागू करना हो, महिला आरक्षण विधेयक हो अथवा नक्सलवाद और आतंकवाद के विरुद्ध कठोर नीति-इन सभी निर्णयों में राजनीतिक जोखिम था, लेकिन उन्होंने जोखिम उठाने का साहस दिखाया। यही साहस उन्हें सामान्य राजनेताओं से अलग करता है।

हालांकि, किसी भी लोकतांत्रिक शासन की तरह चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। बेरोजगारी, महंगाई, कृषि संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य की बढ़ती लागत, सामाजिक विषमताएं तथा आर्थिक अवसरों का असमान वितरण ऐसे प्रश्न हैं जिनका समाधान अभी अपेक्षित है। भारत यदि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य प्राप्त करना चाहता है तो केवल आर्थिक वृद्धि पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ चिकित्सा, रोजगार सृजन और भ्रष्टाचारमुक्त प्रशासन को भी समान प्राथमिकता देनी होगी। मोदी सरकार के आगामी वर्षों से सबसे बड़ी अपेक्षा यही है कि वह भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपने अभियान को और अधिक प्रभावी बनाए। भारत को ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता है जहां ईमानदारी अपवाद नहीं, सामान्य व्यवहार बने। शिक्षा और स्वास्थ्य को व्यावसायिक माफियाओं के प्रभाव से मुक्त कर आम नागरिक की पहुंच में लाना भी समय की मांग है। साथ ही उद्यमिता को बड़े औद्योगिक घरानों तक सीमित रखने के बजाय गांवों, युवाओं और महिलाओं तक पहुंचाना होगा ताकि प्रत्येक नागरिक रोजगार खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बन सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुझे अनेक अवसरों पर मिलने और उन्हें निकट से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वर्ष 2007 में, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब गुजरात के आदिवासी अंचल कवांट में पूज्य आदिवासी जैन संत गणि राजेंद्र विजयजी के सान्निध्य में आयोजित एक विराट आदिवासी सम्मेलन में उनसे विस्तृत संवाद का अवसर मिला। उस सम्मेलन में वे केवल औपचारिक अतिथि के रूप में नहीं आए थे, बल्कि अपने संपूर्ण मंत्रिमंडल के साथ उपस्थित होकर आदिवासी समाज के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया था। उसी अवसर पर उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों के शैक्षिक उत्थान हेतु एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय को हमारे सुखी परिवार फाउंडेशन को संचालित करने के लिए प्रदान किया तथा आदिवासी विकास की दिशा में ऐतिहासिक 15,000 करोड़ रुपये की वनबंधु कल्याण योजना की घोषणा की। यह उनकी दूरदृष्टि और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की सोच का प्रमाण था। इसी सम्मेलन के दौरान एक अत्यंत रोचक और ऐतिहासिक प्रसंग भी सामने आया। गणि राजेंद्र विजयजी ने नरेंद्र मोदी से कहा-"अब आपको दिल्ली जाना चाहिए और देश की बागडोर संभालनी चाहिए।" उस समय मोदीजी ने सहज मुस्कान के साथ उत्तर दिया-"मुझे दिल्ली कौन ले जाएगा?" किंतु संतों की वाणी में एक विशेष शक्ति होती है। जो बात उस समय एक साधारण संवाद प्रतीत हुई, वही कुछ वर्षों बाद भविष्यवाणी के रूप में सत्य सिद्ध हुई। उन दिनों गुजरात सचिवालय में भी अनेक बार जाने और मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का अवसर मिला। वहां जो सबसे अधिक प्रभावित करने वाली बात थी, वह उनकी कार्यसंस्कृति का प्रभाव था। सचिवालय में बड़े से बड़े आईएएस अधिकारी भी आत्मानुशासन, समयपालन और स्वावलंबन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते थे। अपने छोटे-छोटे कार्य स्वयं करना, अनावश्यक तामझाम से दूर रहना, समय का सदुपयोग करना और जिम्मेदारी को सर्वोपरि मानना वहां की प्रशासनिक संस्कृति का हिस्सा बन चुका था। स्पष्ट महसूस होता था कि यह कार्यशैली शीर्ष नेतृत्व की प्रेरणा से विकसित हुई है। नरेंद्र मोदी केवल आदेश देने वाले प्रशासक नहीं हैं, बल्कि अपने आचरण से व्यवस्था को दिशा देने वाले नेतृत्वकर्ता हैं। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को कौशल, नवाचार और उद्यमिता से जोड़ा गया तो भारत केवल विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो सकता है। इसी प्रकार महिला शक्ति को विकास की मुख्यधारा में पूर्ण भागीदारी देकर राष्ट्र निर्माण की गति को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। मोदी युग की सबसे बड़ी उपलब्धि शायद आंकड़ों, परियोजनाओं या चुनावी जीतों में नहीं, बल्कि उस मनोवैज्ञानिक परिवर्तन में दिखाई देता है। नरेंद्र मोदी ने बारह वर्षों में विकास की संरचनाएं खड़ी की हैं, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि उन्होंने करोड़ों भारतीयों के भीतर भविष्य के भारत की एक आकांक्षा जगाई है। 2047 के विकसित भारत का उनका संकल्प तभी साकार होगा जब विकास के साथ विश्वास, समृद्धि के साथ समान अवसर और शक्ति के साथ संवेदनशीलता भी जुड़ेगी। यदि यह संतुलन बना रहता है, तो इतिहास मोदी युग को केवल एक लंबे राजनीतिक कार्यकाल के रूप में नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और वैश्विक उदय के युग के रूप में याद करेगा।

# राजनीति का बदलता स्वरूप - लोकतंत्र की नई चुनौतियाँ



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना


पिछले एक दशक में भारतीय राजनीति में जो परिवर्तन दिखाई दिए हैं, वे केवल सरकार बदलने या किसी एक दल के मजबूत होने तक सीमित नहीं हैं। वास्तव में यह भारतीय लोकतंत्र के चरित्र में आए व्यापक बदलाव का संकेत है। आज राजनीति का स्वरूप, चुनावों की रणनीति, मतदाताओं की अपेक्षाएँ, मीडिया की भूमिका और नेतृत्व की परिभाषा सभी पहले की तुलना में काफी अलग हो चुकी हैं। नरेन्द्र मोदी के लगातार 4399 दिनों तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बने रहने की उपलब्धि को समझने के लिए इस व्यापक राजनीतिक परिवर्तन को समझना आवश्यक है। किसी भी नेता की सफलता केवल उसके व्यक्तिगत गुणों का परिणाम नहीं होती, बल्कि वह उस समय के सामाजिक और राजनीतिक परिवेश का भी प्रतिबिंब होती है। स्वतंत्रता के बाद भारत की राजनीति लंबे समय तक कांग्रेस के इर्द-गिर्द घूमती रही। पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री और इंदिरा गांधी जैसे नेताओं के दौर में कांग्रेस एक राष्ट्रीय आंदोलन की विरासत लेकर चल रही थी। उस समय राजनीतिक प्रतिस्पर्धा तो थी, लेकिन कांग्रेस की पकड़ इतनी मजबूत थी कि उसके विकल्प की कल्पना करना भी कठिन माना जाता था। कई राज्यों में विपक्ष अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा था। लेकिन 1967 के बाद भारतीय राजनीति में बदलाव शुरू हुआ। क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ। सामाजिक न्याय के आंदोलन मजबूत हुए। जातीय और क्षेत्रीय पहचान राजनीति का महत्वपूर्ण आधार बनने लगी। 1989 के बाद देश गठबंधन युग में प्रवेश कर गया। केंद्र में ऐसी सरकारें बनने लगी जो कई दलों के समर्थन पर निर्भर थी। यह दौर लगभग ढाई दशक तक चला। 2014 का चुनाव भारतीय राजनीति में एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ। लंबे समय बाद किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत मिला। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह थी कि चुनाव किसी दल से अधिक एक नेता के व्यक्तित्व के इर्द-गिर्द केंद्रित दिखाई दिया। यह प्रवृत्ति केवल भारत तक सीमित नहीं थी। दुनिया के कई देशों में व्यक्तित्व आधारित राजनीति मजबूत हो रही थी। मतदाता दलों की विचारधारा से अधिक नेतृत्व की क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता और व्यक्तिगत छवि को महत्व देने लगे थे। नरेन्द्र मोदी ने स्वयं को एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित किया जो निर्णायक फैसले लेने की क्षमता रखते हैं। समर्थकों ने इसे मजबूत नेतृत्व कहा, जबकि आलोचकों ने इसे सत्ता का केंद्रीकरण बताया। लेकिन दोनों पक्ष इस बात पर सहमत दिखाई देते हैं कि मोदी भारतीय राजनीति के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक बन चुके हैं। यदि 20वीं सदी के चुनावों में रेडियो और टेलीविजन सबसे महत्वपूर्ण माध्यम थे, तो 21वीं सदी के चुनावों में सोशल मीडिया ने यह स्थान प्राप्त कर लिया है। आज राजनीतिक संदेश कुछ ही मिनटों में करोड़ों लोगों तक पहुँच जाता है। एक वीडियो, एक पोस्ट या एक भाषण का अंश पूरे देश में चर्चा का विषय बन सकता है। इस बदलाव ने राजनीति को अधिक लोकतांत्रिक भी बनाया है और अधिक चुनौतीपूर्ण भी। अब केवल बड़े मीडिया संस्थानों के माध्यम से ही जनता तक पहुँचना आवश्यक नहीं रह गया है। कोई भी व्यक्ति अपने विचार सीधे जनता तक पहुँचा सकता है। लेकिन इसके साथ ही फर्जी खबरों, आधी-अधूरी सूचनाओं और दुष्प्रचार का खतरा भी बढ़ा है। सूचना का लोकतंत्रीकरण हुआ है, लेकिन सत्य और असत्य के बीच अंतर करना पहले से अधिक कठिन हो गया है। भारतीय मतदाता को कभी केवल जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर मतदान करने वाला माना जाता था। लेकिन समय के साथ उसकी प्राथमिकताएँ भी बदली हैं। आज का मतदाता विकास, रोजगार, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों को भी महत्व देता है। वह स्थानीय और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर अलग-अलग तरीके से सोच सकता है। एक ही मतदाता विधानसभा चुनाव में एक दल और लोकसभा चुनाव में दूसरे दल को वोट दे सकता है। यह भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता का संकेत है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोकप्रियता महत्वपूर्ण होती है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण जवाबदेही होती है। लोकप्रिय नेता जनता की अपेक्षाओं को बढ़ा देते हैं। लोग उनसे अधिक परिणाम चाहते हैं। इसलिए जितनी बड़ी सफलता होती है, उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी भी होती है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। रोजगार, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक समरसता जैसे विषय निरंतर ध्यान मांगते हैं। लोकतंत्र की खूबसूरती यही है कि वह उपलब्धियों का सम्मान करता है और कमियों पर प्रश्न भी पूछता है। भारत के भीतर जो परिवर्तन हुए हैं, उसी प्रकार वैश्विक राजनीति भी नए दौर में प्रवेश कर चुकी है। शीत युद्ध के दौरान दुनिया मुख्यतः दो ध्रुवों में बंटी हुई थी। सोवियत संघ के विघटन के बाद अमेरिका एकमात्र महाशक्ति के रूप में उभरा। लेकिन आज स्थिति बदल चुकी है। चीन का उदय, भारत की बढ़ती भूमिका, रूस की सक्रियता और यूरोप की चुनौतियाँ एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर संकेत करती हैं। अब किसी एक देश का पूर्ण वर्चस्व स्थापित करना कठिन होता जा रहा है। देशों को सहयोग और प्रतिस्पर्धा दोनों के साथ आगे बढ़ना पड़ रहा है। आज भारत केवल दक्षिण एशिया का देश नहीं है, बल्कि वैश्विक राजनीति का महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की आवाज़ पहले की तुलना में अधिक प्रभावशाली हुई है। वैश्विक दक्षिण के देशों के बीच भारत एक महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में देखा जा रहा है। अर्थव्यवस्था, तकनीक, रक्षा और कूटनीति के क्षेत्रों में भारत की बढ़ती भूमिका आने वाले दशकों में और अधिक महत्वपूर्ण हो सकती है। इसी कारण प्रधानमंत्री पद पर लंबे समय तक बने रहने वाले किसी भी नेता का प्रभाव केवल घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं रहता। उसका असर अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी पड़ता है। इतिहास बताता है कि सत्ता स्थायी नहीं होती। दुनिया के अनेक शक्तिशाली नेताओं ने अपने समय में अजेय दिखाई देने वाली स्थिति प्राप्त की, लेकिन अंततः समय ने परिस्थितियाँ बदल दी। यह नियम लोकतंत्र में और भी अधिक प्रभावी होता है क्योंकि अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है। इसीलिए किसी भी राजनीतिक सफलता को अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता है। लोकतंत्र निरंतर परिवर्तन की प्रक्रिया है।

# डॉलर का सपना या अपने देश की वास्तविक समृद्धि? : वेतन नहीं, क्रय-शक्ति तय करती है जीवन का वास्तविक स्तर



© आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी

**कटिहार, बिहार।** आज का भारतीय समाज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहाँ किसी व्यक्ति की सफलता का सबसे बड़ा पैमाना उसके बैंक खाते में आने वाली राशि को मान लिया गया है। यदि कोई युवक अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया या खाड़ी देशों में नौकरी कर रहा है और उसकी आय करोड़ों रुपये के बराबर बताई जाती है, तो सामान्य धारणा बन जाती है कि वह भारत में रहने वाले व्यक्ति की तुलना में कहीं अधिक समृद्ध, सुखी और सफल जीवन जी रहा होगा। दूसरी ओर यदि भारत में कोई योग्य अभियंता, चिकित्सक, प्राध्यापक, प्रबंधन विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, चार्टर्ड अकाउंटेंट या सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ तीस लाख रुपये वार्षिक कमाता है, तो कई लोग उसकी तुलना विदेश में एक करोड़ रुपये कमाने वाले व्यक्ति से करके उसे कम सफल मान लेते हैं। यह सोच पहली दृष्टि में स्वाभाविक लग सकती है, किंतु अर्थशास्त्र के गंभीर अध्ययन और व्यावहारिक जीवन के अनुभव बताते हैं कि यह निष्कर्ष हमेशा सही नहीं होता। किसी व्यक्ति की वास्तविक आर्थिक स्थिति का निर्धारण केवल उसकी आय से नहीं, बल्कि उसकी क्रय-शक्ति, जीवन-यापन की लागत, बचत की क्षमता, सामाजिक सुरक्षा, पारिवारिक सहयोग और जीवन की गुणवत्ता से होता है। यही कारण है कि आज आवश्यकता केवल वेतन की तुलना करने की नहीं, बल्कि आर्थिक वास्तविकताओं को समझने की है। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि "नाममात्र आय" और "वास्तविक आय" में अंतर क्या है। नाममात्र आय वह है जो वेतन पर्ची में लिखी होती है। लेकिन वास्तविक आय वह है जो सभी आवश्यक खर्चों के बाद व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन, बचत, निवेश और भविष्य की सुरक्षा प्रदान करती है। यदि किसी व्यक्ति की आय बहुत अधिक है लेकिन उसका अधिकांश भाग कर, किराया, बीमा, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन पर खर्च हो जाता है, तो उसकी वास्तविक आर्थिक स्थिति उतनी मजबूत नहीं कही जा सकती जितनी केवल वेतन देखकर प्रतीत होती है। यहीं से क्रय-शक्ति का सिद्धांत सामने आता है। अर्थशास्त्र में क्रय-शक्ति का अर्थ है कि आपकी आय से वास्तव में कितनी वस्तुएँ और सेवाएँ खरीदी जा सकती हैं। यही कारण है कि विश्व अर्थव्यवस्था में "क्रय-शक्ति समता" (Purchasing Power Parity) जैसी अवधारणाओं का उपयोग देशों की वास्तविक आर्थिक क्षमता को समझने के लिए किया जाता है। केवल डॉलर और रुपये के विनिमय मूल्य से किसी देश की समृद्धि का आकलन नहीं किया जा सकता। कल्पना कीजिए कि अमेरिका में कोई पेशेवर व्यक्ति एक करोड़ रुपये के बराबर वार्षिक आय प्राप्त करता है। पहली दृष्टि में यह अत्यंत आकर्षक लगता है। लेकिन यदि उसके घर का वार्षिक किराया ही तीस से चालीस लाख रुपये के बराबर हो, स्वास्थ्य बीमा पर लाखों रुपये खर्च होते हों, बच्चों की शिक्षा पर भारी व्यय हो, कर व्यवस्था अत्यधिक हो, परिवहन महँगा हो और दैनिक सेवाओं की लागत भी बहुत अधिक हो, तो उसकी वास्तविक बचत और उपभोग क्षमता अपेक्षाकृत सीमित हो सकती है। इसके विपरीत भारत में तीस लाख रुपये वार्षिक आय वाला व्यक्ति, विशेषकर यदि उसका अपना घर हो या वह अपेक्षाकृत संतुलित जीवन-यापन कर रहा हो, तो वह अच्छा भोजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निजी वाहन, घरेलू सहयोग, स्वास्थ्य सुविधा, सामाजिक जीवन, धार्मिक-सांस्कृतिक भागीदारी और पर्याप्त बचत के साथ संतोषजनक जीवन व्यतीत कर सकता है। यही बात भारत के महानगरों पर भी लागू होती है। सामान्य धारणा यह है कि दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद या पुणे जैसे महानगर अत्यधिक महँगे हैं। निस्संदेह इन शहरों में जीवन-यापन का खर्च अधिक है, लेकिन फिर भी अनेक परिस्थितियों में समान पेशेवर योग्यता वाला भारतीय नागरिक अपनी आय के अनुपात में ऐसी सुविधाएँ प्राप्त कर सकता है जो अनेक विकसित देशों में कहीं अधिक महँगी सिद्ध होती हैं। भारत में घरेलू सहयोग, स्थानीय परिवहन, भोजन व्यवस्था, सामाजिक संपर्क, पारिवारिक सहायता और सांस्कृतिक वातावरण व्यक्ति के जीवन को ऐसी सुविधा प्रदान करते हैं जिनका आर्थिक मूल्यांकन केवल वेतन के आधार पर नहीं किया जा सकता। अनेक विकसित देशों में साधारण घरेलू कार्यों के लिए भी अत्यधिक खर्च करना पड़ता है। बाल देखभाल, वृद्धजन सेवा, घरेलू सहायता, मरम्मत सेवाएँ और दैनिक श्रम का मूल्य भारत की तुलना में कई गुना अधिक हो सकता है। भारतीय संयुक्त परिवार व्यवस्था का आर्थिक महत्व भी कम नहीं है। पश्चिमी देशों में अनेक सेवाएँ बाजार से खरीदनी पड़ती हैं, जबकि भारत में परिवार और समाज का सहयोग वास्तविक आर्थिक लागत को कम कर देता है। दादा-दादी द्वारा बच्चों की देखभाल, परिवार का भावनात्मक सहयोग, सामाजिक नेटवर्क और रिश्तेदारी व्यवस्था व्यक्ति के जीवन की वास्तविक गुणवत्ता को बढ़ाते हैं। इनका मूल्य किसी वेतन पर्ची में दिखाई नहीं देता, लेकिन जीवन पर इनका प्रभाव अत्यंत गहरा होता है। भारतीय युवा जब विदेशों की ओर देखते हैं तो अक्सर डॉलर, यूरो या दिरहम की राशि देखकर प्रभावित हो जाते हैं। वे यह गणना करते हैं कि यदि एक डॉलर पचासी रुपये के बराबर है, तो उनकी आय करोड़ों रुपये के बराबर होगी। लेकिन वे यह नहीं सोचते कि जिस देश में वे जाएंगे, वहाँ उसी डॉलर की क्रय-शक्ति क्या है। एक साधारण किराये का घर, स्वास्थ्य बीमा, बच्चों की शिक्षा, वाहन, कर, उपयोगिता सेवाएँ और दैनिक जीवन की आवश्यकताएँ उस आय का कितना भाग समाप्त कर देंगी। यह कहना भी उचित नहीं होगा कि विदेशों में जीवन कठिन ही होता है या वहाँ उच्च आय का कोई महत्व नहीं है। अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अन्य विकसित देशों की अपनी विशिष्टताएँ हैं—उच्च उत्पादकता, उन्नत अनुसंधान, उत्कृष्ट संस्थान, बेहतर सार्वजनिक सेवाएँ और व्यापक अवसर। अनेक लोग वहाँ अत्यंत सफल और समृद्ध जीवन जीते हैं। लेकिन उतना ही सत्य यह भी है कि केवल वेतन की राशि देखकर किसी जीवन की वास्तविक गुणवत्ता का निर्णय नहीं किया जा सकता। भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के साथ एक महत्वपूर्ण परिवर्तन यह भी हुआ है कि अब देश के भीतर ही अनेक उच्च आय वाले अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त, स्वास्थ्य सेवा, अनुसंधान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विनिर्माण, परामर्श, उद्यमिता और डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार ने योग्य युवाओं के लिए नए द्वार खोले हैं। यदि कोई व्यक्ति भारत में सम्मानजनक आय के साथ अपने परिवार, समाज और सांस्कृतिक परिवेश में रहकर संतुलित जीवन जी सकता है, तो केवल विदेशी मुद्रा के आकर्षण में निर्णय लेना आवश्यक नहीं है। आज अनेक भारतीय कंपनियाँ वैश्विक स्तर का वेतन दे रही हैं। दूरस्थ कार्य (Remote Work) की बढ़ती प्रवृत्ति ने भी परिस्थितियाँ बदली हैं। अब अनेक पेशेवर भारत में रहकर अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए कार्य कर रहे हैं और भारतीय जीवन-यापन लागत का लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। यह मॉडल आने वाले समय में और अधिक प्रभावशाली हो सकता है। एक और महत्वपूर्ण पक्ष मानसिक स्वास्थ्य का है। आर्थिक समृद्धि केवल धन संचय का नाम नहीं है। यदि व्यक्ति के पास परिवार के लिए समय नहीं है, सामाजिक जीवन नहीं है, निरंतर तनाव है, अकेलापन है और जीवन केवल बिल चुकाने की प्रक्रिया बनकर रह गया है, तो केवल अधिक वेतन उसे वास्तविक सुख नहीं दे सकता। दूसरी ओर अपेक्षाकृत कम आय पर भी यदि व्यक्ति मानसिक शांति, सामाजिक सम्मान, पारिवारिक सहयोग और सांस्कृतिक आत्मीयता के साथ जीवन जी रहा है, तो उसकी जीवन गुणवत्ता अधिक संतुलित हो सकती है। भारतीय समाज की सबसे बड़ी पूँजी केवल उसकी अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि उसकी सामाजिक पूँजी भी है। परिवार, पड़ोस, रिश्तेदारी, सामुदायिक सहयोग और सांस्कृतिक जुड़ाव जीवन को ऐसी सुरक्षा प्रदान करते हैं जिनका आर्थिक मूल्यांकन कठिन है। यह अमूर्त संपत्ति अनेक बार धन से अधिक मूल्यवान सिद्ध होती है। विदेश जाने का निर्णय गलत नहीं है। ज्ञान प्राप्त करना, वैश्विक अनुभव अर्जित करना, अनुसंधान करना, नई तकनीकों को सीखना और विश्वस्तरीय संस्थानों में कार्य करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। लेकिन यह निर्णय केवल वेतन देखकर नहीं, बल्कि समग्र जीवन की गुणवत्ता को ध्यान में रखकर होना चाहिए। भारतीय युवाओं को यह समझना होगा कि समृद्धि का अर्थ केवल अधिक कमाना नहीं, बल्कि बेहतर जीना है। यदि भारत में उन्हें सम्मानजनक आय, अच्छा परिवार, सुरक्षित सामाजिक वातावरण, सांस्कृतिक आत्मीयता, पर्याप्त बचत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध है, तो यह किसी भी प्रकार से कम उपलब्धि नहीं है। अर्थशास्त्र का मूल सिद्धांत यही कहता है कि मुद्रा का वास्तविक मूल्य उसकी संख्या से नहीं, बल्कि उसकी क्रय-शक्ति से निर्धारित होता है। एक लाख रुपये उस स्थान पर अधिक मूल्यवान हो सकते हैं जहाँ उससे सम्मानजनक जीवन संभव हो, जबकि दस लाख रुपये भी उस स्थान पर सीमित सिद्ध हो सकते हैं जहाँ जीवन-यापन की लागत अत्यधिक हो। आज आवश्यकता भारतीय युवाओं में आर्थिक साक्षरता बढ़ाने की है।




**मेष राशि** : सुबह की शुरुआत सामान्य रहेगी, लेकिन दिन चढ़ने के साथ किसी पुराने विषय या अधूरे काम पर आपका ध्यान फिर जा सकता है। अच्छी बात यह है कि आज आप चीजों को लेकर पहले से ज्यादा स्पष्ट महसूस करेंगे। कामकाज के मामले में दिन व्यस्त रह सकता है। कोई फोन कॉल, संदेश या अचानक मिली जानकारी आपके दिन की योजना बदल सकती है। शुभ अंकः 1

**वृषभ राशि**ः एक-एक करके काम निपटाने की कोशिश करेंगे तो दिन उतना मुश्किल नहीं लगेगा जितना शुरुआत में लग रहा था। कामकाज के मामले में आज धैर्य आपकी सबसे बड़ी ताकत रहेगा। कोई काम उम्मीद से धीमी गति से आगे बढ़ सकता है या किसी व्यक्ति के जवाब का इंतजार करना पड़ सकता है। शुभ अंकः 6

**मिथुन राशि**ः कामकाज के क्षेत्र में किसी का फोन, संदेश या मुलाकात दिन की दिशा बदल सकती है। यदि आप किसी जवाब या निर्णय का इंतजार कर रहे हैं तो दोपहर के बाद उससे जुड़ी कोई खबर मिल सकती है। हालांकि हर बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय थोड़ा समय लेकर सोचना बेहतर रहेगा। आर्थिक मामलों में दिन संतुलित दिखाई दे रहा है। कोई बड़ा लाभ न सही, लेकिन पैसों को लेकर चल रही किसी चिंता में कमी आ सकती है। शुभ अंकः 5

**कर्क राशि**ः कई बार आपका मन ही बातों को जरूरत से ज्यादा गंभीर बना देता है। आज किसी अपने के साथ बैठकर कुछ देर बातें करना अच्छा लगेगा। सलाह लेने से ज्यादा आपका मन सुने जाने की इच्छा रखेगा। घर का माहौल भी पहले की तुलना में शांत रहेगा। दिन के आखिर में किसी अधूरे काम को पूरा करने की संतुष्टि मिल सकती है। रात तक मन हल्का महसूस होगा और आने वाले दिनों को लेकर थोड़ी स्पष्टता भी दिखाई देगी। शुभ अंकः 2

**सिंह राशि**ः सुबह से ही ऐसा लग सकता है कि लोग आपसे कुछ ज्यादा उम्मीद कर रहे हैं। किसी का फोन, कोई जिम्मेदारी या अचानक आया काम आपकी योजनाओं में बदलाव कर सकता है। हालांकि यह दिन आपको शिकायत का नहीं, बल्कि चीजों को संभालने का मौका देगा। आज एक दिलचस्प बात यह रहेगी कि जिस काम को आप टालते आ रहे थे, उसी पर सबसे ज्यादा ध्यान जाएगा। शुभ अंकः 1

**कन्या राशि**ः सुबह किसी छोटी-सी गलती या अधूरी जानकारी को देखकर उसे ठीक करने का मन करेगा। हालांकि हर चीज को अपने ऊपर लेने की जरूरत नहीं है।आज कोई पुराना काम या पुरानी बातचीत अचानक याद आ सकती है। दिलचस्प बात यह है कि जिस बात को आपने पहले महत्व नहीं दिया था, अब वही बात ज्यादा समझ आने लगेगी। शुभ अंकः 5

**तुला राशि**ः सुबह किसी की बात सुनकर आप मुस्कुरा तो देंगे, लेकिन बाद में उसी बात के बारे में सोचते रह सकते हैं। आज आपका मन दूसरों की भावनाओं को जल्दी समझ सकता है। किसी पुराने दोस्त, रिश्तेदार या परिचित की याद अचानक आ सकती है। कुछ लोगों के लिए यह दिन पुराने रिश्तों की बर्फ पिघलाने वाला भी साबित हो सकता है। अगर काफी समय से किसी से बात नहीं हुई है तो पहल आपकी तरफ से हो सकती है। दोपहर बाद मन हल्का महसूस करेगा। शुभ अंकः 6

**मकर राशि**ः सुबह से ही मन किसी जरूरी काम को पूरा करने के मूड में रहेगा। हो सकता है आप खुद से ही कहें कि अब इसे और नहीं टालना चाहिए। आज किसी व्यक्ति की बात आपको प्रेरित भी कर सकती है। जरूरी नहीं कि वह कोई बड़ी सलाह हो, लेकिन उसके शब्द आपके भीतर कुछ सोचने पर मजबूर कर सकते हैं। दिन के दौरान किसी अधूरे काम में प्रगति देखने को मिल सकती है, जिससे संतोष मिलेगा। शुभ अंकः 8

**वृश्चिक राशि**ः सुबह किसी छोटी-सी बात पर आपका ध्यान अटक सकता है। हो सकता है किसी की कही हुई बात, कोई पुराना संदेश या अचानक सामने आई याद मन में हलचल पैदा कर दे। हालांकि यह बेचैनी ज्यादा देर तक नहीं रहेगी। आज आप लोगों को ध्यान से देखेंगे, लेकिन अपनी बातें कम साझा करेंगे। कई बार बिना कुछ कहे भी बहुत कुछ समझ आ जाता है, और आज का दिन कुछ ऐसा ही संकेत दे रहा है। शुभ अंकः 9

**धनु राशि**ः आज वही विषय दोबारा सामने आ सकता है और इस बार आप उसे थोड़ा गंभीरता से लेने का मन बना सकते हैं। दिन के दौरान किसी ऐसे व्यक्ति से बातचीत हो सकती है जो हमेशा आपको अलग नजरिए से सोचने के लिए प्रेरित करता है। उसकी कोई बात पूरे दिन आपके दिमाग में घूम सकती है। शुभ अंकः 3

**कुंभ राशि**ः आज किसी बात को लेकर आपका नजरिया बाकी लोगों से अलग हो सकता है। जहां दूसरे लोग जल्दबाजी में राय बना लेंगे, वहीं आप पूरी बात समझने की कोशिश करेंगे। सुबह कोई छोटी-सी घटना या बातचीत आपको सोचने पर मजबूर कर सकती है। हो सकता है आप किसी व्यक्ति को लेकर अपनी राय बदलते हुए महसूस करें। शुभ अंकः 8

**मीन राशि**ः सुबह किसी पुराने गाने, तस्वीर या याद की वजह से मन कुछ देर अतीत में भटक सकता है। ऐसा नहीं है कि आप उदास रहेंगे, लेकिन बीती हुई कुछ बातें अचानक याद आ सकती हैं। कई बार मन बिना किसी खास वजह के भी पुरानी गलियों में घूम आता है। व्यक्ति की कही हुई साधारण-सी बात आपको उम्मीद से ज्यादा अच्छी लग सकती है। शुभ अंकः 7

## संक्षिप्त समाचार

### नाथवानी के नामांकन को लेकर कांग्रेस का भाजपा पर हमला

**रांची।**झारखंड प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों की राजनीतिक सौदेबाजी कर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर किया है। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से जनता से माफी मांगने की मांग की। गुरुवार को जारी बयान में सोनाल शांति ने कहा कि जनता ने जिन नेताओं को अपना प्रतिनिधि चुनकर विधानसभा भेजा था, उनकी राजनीतिक सौदेबाजी भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने रांची में बैठकर की। उन्होंने आरोप लगाया कि धनबल के प्रभाव से जनमत को कमजोर करने का प्रयास किया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने राज्यसभा चुनाव से जुड़े घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा प्रतिनिधियों को रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) के कक्ष में प्रवेश की अनुमति दी गई, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार का पक्ष रखने पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद को प्रवेश नहीं करने दिया गया। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यह पता लगाया जाना चाहिए कि यह निर्णय किसके निर्देश पर और किन अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा लिया गया। सोनाल शांति ने कहा कि महागठबंधन के 56 विधायकों की एकजुटता से भाजपा निराश है और अब राज्य के कर्मचारियों को राजनीतिक हथियार बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और महागठबंधन राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान करते हैं तथा उन्हें राजनीतिक विवादों में घसीटना उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि परिमल नाथवानी के नामांकन को वैध ठहराने की प्रक्रिया पूर्व निर्धारित पटकथा के तहत संचालित की गई, जो झारखंड की राजनीति के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम की राजनीतिक जिम्मेदारी भाजपा नेतृत्व को लेनी चाहिए। सोनाल शांति ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा देशभर में धनबल और केंद्रीय एजेंसियों के सहारे राजनीतिक दबाव बनाने की परंपरा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड अब तक ऐसी राजनीति से काफी हद तक अछूता था, लेकिन भाजपा की रणनीतियों से राज्य की छवि प्रभावित हो रही है।


### धान और सब्जियों की खेती के लिए श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स की नई बीज श्रृंखला लॉन्च

**गिरिडीह।**डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग, श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने हाइब्रिड बीज, रिसर्च बीज और सब्जियों के बीजों की नई श्रृंखला लॉन्च की। रांची में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख चैनल पार्टनर्स मौजूद रहे। हाइब्रिड सीड सेगमेंट में कंपनी ने धान के दो हाइब्रिड बीज श्रीराम 470 और श्रीराम 735 पेश किए। श्रीराम 470 जल्दी पकने वाला, बड़े दानों और बेहतर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाला हाइब्रिड है, जबकि श्रीराम 735 लॉजिंग, बीएलबी और बीपीएच के प्रति मजबूत सहनशीलता के साथ बेहतर उपज देने में सक्षम है। रिसर्च सीड सेगमेंट में श्रीराम सुपर 7733 और श्रीराम सुपर 7700 लॉन्च किए गए। श्रीराम सुपर 7733 में अधिक दाने लगते हैं, जबकि श्रीराम सुपर 7700 फसल गिरने के प्रति मजबूत प्रतिरोध क्षमता के लिए जाना जाता है। सब्जियों के बीजों के तहत कंपनी ने अर्ली पिकिंग हाइब्रिड टमाटर श्रीराम 2628 भी पेश किया, जो अच्छी गुणवत्ता और बेहतर पैदावार देने वाला बीज है। संजय छाबड़ा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं बिजनेस हेड, श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने कहा कि कंपनी किसानों तक आधुनिक बीज, फसल सुरक्षा और पोषण समाधान पहुंचाकर उन्हें बेहतर उत्पादन और सशक्त भविष्य के लिए सहयोग दे रही है।

### इरफान अंसारी के बयान पर भाजपा का हमला, बर्खास्तगी की मांग

**रांची।** भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गीता कोड़ा ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के महिलाओं को लेकर दिए गए कथित बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे महिलाओं का अपमान बताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंत्री को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। गीता कोड़ा ने जारी बयान में कहा कि महिलाओं के संदर्भ में "चेहरे की चमक बढ़ जाने" जैसी टिप्पणी करना पूरे महिला समाज का अपमान है। उन्होंने इसे शर्मनाक और निंदनीय बताते हुए कहा कि इरफान अंसारी पहले भी महिलाओं के संबंध में विवादित टिप्पणियां कर चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पूर्व भी मंत्री महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर चुके हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ भी आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के लगातार विवादित बयानों से उनकी मानसिकता उजागर होती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले का संज्ञान लेते हुए इरफान अंसारी को तत्काल मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की। भाजपा ने कहा कि महिलाओं के सम्मान से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है और सरकार को इस पर स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए।

### पदमा प्रखण्ड में आम उत्सव सह बागवानी मेला का हुआ आयोजन



**पदमा।**पदमा प्रखंड कार्यालय के सभागार में आज बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पदमा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी निधि रजवार की अध्यक्षता में पूरे प्रखंड के किसानों एवं जेएसपीएल के दिदियो द्वारा आम उत्सव शह बागवानी मेला का एक दिवसीय प्रदर्शनी की गई। मेले में प्रखंड के पिंडारकोन् बिहारी, रोमी, बंदर बेला, पदमा,कुटी पीसी पंचायत के किसान अपने अपने आमों के प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में मालदा आम्रपाली सहित अन्य किस्म के आम थे। आम उत्सव के अवसर एक सभा का आयोजन किया गया। सभा का संबोधित करते हुए जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता ने आम की पैदावार बढ़ाने, किसानों के आत्मनिर्भर बनने का विचार रखें। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने एवं अपनी आमदनी बढ़ाने का बात कही। सभा को पदमा प्रमुख वीणा देवी, उप प्रमुख सत्येंद्र राणा, सांसद प्रतिनिधि अजय मेहता, बंदर बेला पंचायत मुखिया विजय मेहता पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी, रूबी देवी सहित अन्य ने संबोधित किया। प्रदर्शनी कार्यक्रम में जेएसपीएल के बीपीएम दीपक कुमार, मंटू कुमार, कृषि विभाग आत्मा के बी टी एम राहुल राय, महिला बाल विकास सुपरवाइजर, सभी पंचायत के पंचायत सेवक, जेएसपीएल के दीदी, प्रखंड के सभी कर्मी,किसान अशोक राणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### तीसरे दिन टंडवा मुख्य बाजार में चला बुलडोजर, हटाया गया अतिक्रमण

**टंडवा।**टंडवा में अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को अंचल अधिकारी गौरव रॉय की मौजूदगी में मुख्य बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।अभियान को सफल बनाने के लिए दो जेसीबी मशीनों को लगाया गया।तीसरे दिन अंबेडकर चौक से लेकर बाजार टांड़ तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। लोग बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने की पहल की सराहना कर रहे हैं। सीओ गौरव रॉय ने बताया कि जिन क्षेत्रों में पूर्व में नोटिस जारी किया गया है। वहां चरणबद्ध तरीके से अतिक्रमण हटाया जाएगा।उन्होंने कहा कि अंचल क्षेत्र में जहां भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है।उसकी सूचना ग्रामीण प्रशासन को दें। सूचना मिलने पर त्वरित जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक और सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# BLA-2 एवं बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन मजबूती पर जोर

नई सोच एक्सप्रेस




**जामताड़ा।**झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की जामताड़ा जिला समिति की ओर से गुरुवार को दुलाडीह नगर भवन में BLA-2 एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेंद्र मुर्मू ने की। कार्यक्रम की शुरुआत झामुमो संस्थापक एवं झारखंड आंदोलन के महानायक शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके संघर्ष एवं योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सम्मेलन में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से बड़ी संख्या में BLA-2, बूथ अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, मतदाता सूची पुनरीक्षण और आगामी चुनावों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची का सत्यापन करने, छूटे हुए नाम जोड़ने तथा पात्र मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की आधारशिला है। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण, बूथ प्रबंधन, सदस्यता अभियान और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने और संगठन विस्तार पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में अशोक मंडल, रवींद्र नाथ दुबे, प्रदीप कुमार मंडल, कैलाश प्रसाद, परेश यादव, इम्तियाज अंसारी, आनंद टुडू, बासुदेव मरांडी, चमेली देवी, लालू अंसारी, सगीर खान, मेरी मरांडी समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## 15 जून तक कराएं वोटर मैपिंग, 78.60% मतदाताओं का कार्य पूरा

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।**झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से पहले मतदाताओं की मैपिंग प्रक्रिया तेज गति से चल रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने बताया कि राज्य में अन-मैप्ड मतदाता 15 जून 2026 तक अपनी मैपिंग करा सकते हैं। इसके बाद इन्यूमरेशन फॉर्म की छपाई और प्रशिक्षण संबंधी कार्य शुरू किए जाएंगे। सीईओ ने बताया कि राज्य में अब तक 78.60 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो चुकी है। वर्तमान में 2 करोड़ 8 लाख 6 हजार 211 मतदाता मैप किए जा चुके हैं। वहीं, 23 मई को अन-मैप्ड मतदाताओं की सूची प्रकाशित होने के बाद 14 लाख 3 हजार 354 मतदाताओं ने अपनी मैपिंग कराई है। उन्होंने कहा कि 23 मई से सभी मतदान केंद्रों और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर अन-मैप्ड मतदाताओं की सूची सर्चेबल फॉर्मेट में उपलब्ध कराए जाने के बाद इस प्रक्रिया में तेजी आई है। अन-मैप्ड मतदाता अपने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से संपर्क कर पिछली गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची के आधार पर अपनी मैपिंग करा सकते हैं। के. रवि कुमार ने बताया कि मतदाता ECINET ऐप के "Connect With Election Officials" टैब में अपना मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) क्रमांक दर्ज कर संबंधित बीएलओ का मोबाइल नंबर प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की आधिकारिक वेबसाइट ceo.jharkhand.gov.in पर जाकर भी अन-मैप्ड मतदाता सूची में अपना विवरण देख सकते हैं तथा अपने मतदान केंद्र, बीएलओ का नाम और मोबाइल नंबर की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी शेष अन-मैप्ड मतदाताओं से जल्द से जल्द अपने बीएलओ से संपर्क कर मैपिंग प्रक्रिया पूरी कराने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए है और गैर-भारतीय नागरिक इस प्रक्रिया में भाग न लें।

## नवनियुक्त सूचना आयुक्तों को कांग्रेस ने दी बधाई, लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे की मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।**झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने झारखंड राज्य सूचना आयोग के नवनियुक्त सूचना आयुक्तों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके कार्यकाल में सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून का प्रभावी और जनोन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। नायक ने कहा कि सूचना का अधिकार कानून कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की ऐतिहासिक देन है, जिसने आम नागरिकों को शासन-प्रशासन से जवाब मांगने का अधिकार दिया। यह कानून पारदर्शिता बढ़ाने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का सशक्त माध्यम साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य सूचना आयोग में शिकायतों और द्वितीय अपीलों के बड़ी संख्या में मामले लंबे समय से लंबित हैं, जिससे लोगों को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में आयोग को लंबित मामलों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए। प्रदेश प्रवक्ता ने नवनियुक्त सूचना आयुक्तों से आग्रह किया कि विशेष सुनवाई शिविर या विशेष सूचना अदालत आयोजित कर वर्षों से लंबित शिकायतों और अपीलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा सुनिश्चित किया जाए। इससे आम लोगों का आयोग पर विश्वास और मजबूत होगा। नायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों, किसानों, मजदूरों, दलितों, आदिवासियों और वंचित वर्गों के लिए आरटीआई एक महत्वपूर्ण अधिकार है। इसलिए सूचना प्राप्ति की प्रक्रिया को सरल, सुलभ और समयबद्ध बनाया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि नए सूचना आयुक्त सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने के साथ-साथ लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे की दिशा में प्रभावी कदम उठाएंगे।

## बाबूलाल मरांडी का बयान भ्रामक, भाजपा अपनी विफलताओं पर पर्दा डाल रही : राकेश सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।**झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर दिए गए बयान को भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए उपलब्धियों का बढ़ा-चढ़ाकर प्रचार कर रही है। सिन्हा ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि यदि पिछले 12 वर्ष वास्तव में विकास के स्वर्णिम काल रहे होते तो देश में बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याएं इतनी गंभीर नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, किसान अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा ने "सबका साथ, सबका विकास" का नारा दिया, लेकिन विकास का लाभ सीमित वर्ग तक ही पहुंचा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी विभागों में लाखों पद खाली हैं और युवाओं को रोजगार देने के वादे पूरे नहीं किए गए। राकेश सिन्हा ने कहा कि मनरेगा, सूचना का अधिकार, खाद्य सुरक्षा कानून, शिक्षा का अधिकार, किसान ऋण माफी, आईआईटी, आईआईएम, एम्स समेत कई महत्वपूर्ण संस्थान और योजनाएं कांग्रेस सरकारों की देन हैं। उन्होंने दावा किया कि देश की आर्थिक और संस्थागत मजबूती की नींव कांग्रेस शासनकाल में रखी गई थी। उन्होंने केंद्र सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि संसद की गरिमा प्रभावित हुई है और विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। सिन्हा ने भाजपा से किसानों की आय दोगुनी करने, रोजगार सृजन, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों तथा सार्वजनिक संपत्तियों के निजीकरण जैसे मुद्दों पर जवाब देने की मांग की। उन्होंने कहा कि केवल प्रचार से देश नहीं चलता और जनता वास्तविक परिस्थितियों को भलीभांति समझती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की प्रगति का श्रेय करोड़ों नागरिकों, किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और विभिन्न सरकारों के योगदान को जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस रोजगार, महंगाई, किसानों के अधिकार, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा जैसे मुद्दों को आगे भी मजबूती से उठाती रहेगी।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और विकास को समर्पित : बाबूलाल मरांडी

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।**नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, विकास, विश्वास और जनकल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कालखंड सत्ता का नहीं, बल्कि सेवा, साधना और तपस्या का रहा है तथा देश और भारतीय जनता पार्टी के लिए स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाने वाला अध्याय है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मरांडी ने कहा कि एक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने लगातार 4400 दिन पूरे कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता, गरीब कल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। मरांडी ने दावा किया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए, जबकि 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 50 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना तथा 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि 11 करोड़ से अधिक लोगों को उज्ज्वला योजना का लाभ मिला है और देश में 2 लाख से अधिक स्टार्टअप संचालित हो रहे हैं। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से बढ़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। झारखंड का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में 2.02 करोड़ जनधन खाते, 1.35 करोड़ आयुष्मान कार्ड, 18.8 लाख किसान सम्मान निधि लाभार्थी तथा 38.9 लाख उज्ज्वला गैस कनेक्शन हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 89 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरण किया गया है। मरांडी ने कहा कि जनता के विश्वास के कारण आज देश के 22 राज्यों में एनडीए की सरकार है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को देश ही नहीं, दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक बताते हुए कहा कि उनका लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दौरान देश में बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है। झारखंड में देवघर एयरपोर्ट, एम्स, मेडिकल कॉलेज और सड़क परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विकास कार्य धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि देश में एम्स और हवाई अड्डों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता के मुद्दे पर मरांडी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, तीन तलाक पर रोक, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण तथा आतंकवाद के खिलाफ सर्जिकल और एयर स्ट्राइक जैसे कदमों ने भारत की शक्ति और संकल्प को प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क और अन्य आधारभूत संरचनाओं के निर्माण से विकास को नई गति मिली है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मरांडी ने कहा कि दशकों तक शासन करने के बावजूद कांग्रेस ने गरीबों, बुनियादी सुविधाओं और विकास को प्राथमिकता नहीं दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार किया है और देश को विकास की नई दिशा दी है। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह एवं प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह भी उपस्थित थे।

## सिपाहियों-चपरासियों से माफी मांगें कांग्रेसी मंत्री, नहीं तो होगा आंदोलन : भानु प्रताप शाही

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने विधानसभा में कथित रूप से गार्ड, मार्शल, सिपाहियों और चपरासियों के साथ हुए व्यवहार को लेकर कांग्रेस के मंत्रियों शिल्पा नेहा तिर्की, दीपिका सिंह पांडेय, इरफान अंसारी और राधाकृष्ण किशोर पर निशाना साधा है। उन्होंने मंत्रियों के आचरण को अमर्यादित बताते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। शाही ने कहा कि कांग्रेस के मंत्री अपनी राजनीतिक निराशा और हताशा की कुंठा कर्मचारियों पर निकाल रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सिपाही और चपरासी शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं तथा उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं में मुख्यमंत्री और झामुमो के प्रति नाराजगी है, लेकिन वे उसका इजहार नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका खामियाजा विधानसभा के कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। शाही ने कहा कि चपरासी और सिपाही भी समाज और व्यवस्था का सम्मानित हिस्सा हैं तथा उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस के चारों मंत्रियों से तत्काल सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि ऐसा नहीं होने पर भाजपा आंदोलन करेगी। साथ ही उन्होंने तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठनों से भी इस मुद्दे पर विरोध दर्ज कराने की अपील की। भानु प्रताप शाही ने राज्यसभा चुनाव का भी उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं की बेचैनी उनकी राजनीतिक असुरक्षा को दर्शाती है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को अपने ही विधायकों पर भरोसा नहीं है, जिसके कारण वह दबाव में दिखाई दे रही है। भाजपा नेता ने कहा कि कर्मचारियों के सम्मान से जुड़े मुद्दों पर उनकी पार्टी चुप नहीं बैठेगी और यदि आवश्यक हुआ तो व्यापक जनआंदोलन चलाया जाएगा।

## राष्ट्रीय प्लस पोलियो अभियान को सफल बनाने को लेकर बैठक का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**इटखोरी(चतरा)।**28 जून से शुरू हो रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो टिकाकरण को सफल बनाने को लेकर बीडीओ सोमनाथ बांकीरा अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी सुमित कुमार जयसवाल बीपीएम मारूफ खान डब्ल्यू एच ओ आशीष कुमार एएनएम सह कोल्ड चैन प्रभारी सुनैना कुमारी बीटीटी संतोष कुमार दुशासन शर्मा समेत पल्स पोलियो अभियान से जुड़े टीका कर्मी उपस्थित थे। इस मौके पर बीडीओ सोमनाथ बांकीरा ने कहा कि गांव का एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहे। समाज के सभी वर्ग के लोग आगे आकर पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाएं। पोलियो रोग को पूरे देश से भगाना है तो सभी लोग अपने-अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा दो बूंद अवश्य पिलायें। बैठक में चिकित्सा प्रभारी सुमित कुमार जयसवाल ने कहा कि इस बात पर पूरा ध्यान देना है टीकाकरण के प्रथम दिन 28 जून को ही बूथ पर शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो खुराक दिया जा सके। टीकाकरण के दिन बूथ पर दो टिकाकर्मी नियुक्त होंगे एक कर्मी बच्चों को पोलियो का खुराक देंगे तथा दूसरा कर्मी बच्चों के अंगुली पर निशान लगाने का काम करेंगे एवं दीवार पर मार्किंग करेंगे। इस अवसर पर इस बात का पूरा ध्यान रखना है कि बच्चों को टीकाकरण के साथ साथ उसके अंगुली पर निशान एवं दीवार मार्किंग भी उतना ही जरूरी है। इसके अलावा अन्य कई प्रकार की जानकारियां दी गई। बैठक में बीपीएम मारूफ खान ने कहा कि इटखोरी स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 40918 बच्चों को पल्स पोलियों की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। 28 जून को स्वास्थ्य केंद्र उप स्वास्थ्य केंद्र आंगनबाड़ी केंद्र व 29,30 जून को घर घर पल्स पोलियों दवा पिलाने का कार्य किया जाएगा।

## भूमि अतिक्रमण की शिकायत के बाद मारपीट का आरोप, पीड़ित ने प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

नई सोच एक्सप्रेस



**कटकमसांडीप्रखंड।**
कटकमसांडीप्रखंड क्षेत्र के निवासी रामवृक्ष प्रसाद सोनी ने भूमि अतिक्रमण और मारपीट से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने अंचल अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। रामवृक्ष प्रसाद सोनी ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण के दौरान उनकी निजी भूमि का अतिक्रमण किया जा रहा है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य शुरू होने से पहले संबंधित मुखिया के पति द्वारा भूमि की मापी कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बिना सर्वेक्षण कराए ही सड़क निर्माण कार्य आगे बढ़ा दिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 24 मई 2026 को अंचल कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, जिसकी प्राप्ति रसीद भी उन्हें उपलब्ध कराई गई है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से वे चिंतित हैं। वही आवेदन में रामवृक्ष प्रसाद सोनी ने राहुल सोनी, प्रशांत राणा समेत अन्य लोगों पर उनके और उनके भाई के साथ मारपीट करने, गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने 26 मई 2026 को संबंधित पदाधिकारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोपितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि घटना के बाद से उनका परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को विवश है। पीड़ित ने प्रशासन से दोनों मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने तथा उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक आरोपित पक्ष की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। मामले की वास्तविक स्थिति प्रशासनिक जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व रक्तदाता दिवस पर 14 जून को लावालौंग में लगेगा विशाल रक्तदान महाशिविर

**लावालौंग**।विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तमित्र लावालौंग के तत्वावधान में 14 जून 2026 (रविवार) को लावालौंग स्वास्थ्य केंद्र परिसर में विशाल रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया जाएगा।शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर मानवता की सेवा में भागीदारी निभाने की अपील की है।रक्तमित्र लावालौंग द्वारा पिछले कई वर्षों से प्रत्येक तीन माह के अंतराल पर नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं।संस्था के अनुसार,पूर्व में आयोजित शिविरों में 80 से 90 यूनिट तक रक्त संग्रह किया जा चुका है।इन शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों, थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों, गंभीर रूप से बीमार मरीजों तथा प्रसव के दौरान रक्त की आवश्यकता वाली गर्भवती महिलाओं की जान बचाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिला है। आयोजक का कहना है कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंदों के लिए जीवनदान साबित हो सकता है।इसी उद्देश्य से संस्था लगातार लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रही है।शिविर के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न माध्यम तैयार किए गए हैं।ताकि समाज में स्वैच्छिक रक्तदान की भावना को और मजबूत किया जा सके। रक्तमित्र लावालौंग के संस्थापक विवेक केशरी ने बताया कि रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं,बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।उन्होंने क्षेत्र के युवाओं,सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से शिविर में भाग लेकर रक्तदान करने की अपील की।सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान,रक्तदान जागरूकता अभियान एवं जनसेवा के कार्यों के लिए विवेक केशरी को विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है।उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है और समाज में सहयोग एवं संवेदनशीलता की भावना मजबूत होती है।संस्था का लक्ष्य भविष्य में और अधिक लोगों को रक्तदान अभियान से जोड़ना है ताकि रक्त की कमी के कारण किसी मरीज को परेशानी का सामना न करना पड़े। शिविर से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति 8083440842 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सीओ गौरव रॉय का सिंघम अवतार खूब भा रहा है लोगों को



**चतरा**।अपने कार्य को लेकर सिंघम सीओ गौरव राय इनदिनों टंडवा में चर्चाओं के केंद्रबिंदु में हैं, जो काम पिछले कई वर्षों से नही हुआ वह प्रभार ग्रहण करने के चंद दिनों में उन्होंने कर दिया, पूरे टंडवा बाजार को अतिक्रमण मुक्त करके सीओ ने कम समय में खुब वाहवाही लुटी, लोग उनके कार्यों की खुब तारीफ कर रहे हैं, तीसरे दिन सीओ के नेतृत्व में शहीद चौक से टंडवा बाजार में अतिक्रमण चलाया गया, सीओ को सड़क पर देख कुछ लोग खुद अतिक्रमण हटाने लगे। एक वाट्सएप ग्रुप में एक यूजर ने लिखा मेरी उम्र 47 वर्ष है हमने अतिक्रमण हटाने की इतनी बड़ी कारवाई आजतक नही देखी

### सड़क हादसे में घायल दिनेश पाण्डेय से मिले ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी



**चतरा**।सड़क हादसे में घायल दिनेश कुमार पांडेय से मिलने बुधवार रात 11 बजे आवास पहुंचे जिले के अधिकारी" चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत मधनिया निवासी पदाधिकारी दिनेश कुमार पांडेय 9 मार्च 2026 को हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। बुधवार देर रात करीब 11 बजे जिले के वरीय पदाधिकारी उनके आवास पर पहुंचे और घायल पदाधिकारी का कुशलक्षेम पूछा। अधिकारियों ने दिनेश कुमार पांडेय के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि आप बहुत जल्द स्वस्थ हो जाएं। इस दौरान अधिकारियों ने परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। फिलहाल दिनेश कुमार पांडेय का इलाज जारी है। देर रात अधिकारियों के पहुंचने से परिजनों को हर संभव मदद करने के लिए तैयार है ब्राह्मण समाज

### सरकारी आवास योजना में बड़ा खेल, खबर चलते ही बौखलाए दलाल, पत्रकार को दी जा रही मानसिक धमकी



**मयूरहंड**। सूत्रों के हवाले से करमा पंचायत में गरीबों के हक पर डाका डालने का एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। सरकार द्वारा गरीबों और असहायों के लिए आवंटित होने वाले आवासों में भारी गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की बात सामने आई है। खबर का असर और दलालों का खौफ: पिछले दिनों खबर चलने के बाद भ्रष्टाचार के इस सिंडिकेट में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के मुताबिक, अपनी गर्दन फंसती देख प्रखंड (ब्लॉक) के दलाल अब खबर दबाने के लिए मानसिक दबाव और धमकियां बनाने पर उतर आए हैं। अब सबकी नजरें बीडीओ (BDO) पर अब देखना यह होगा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO) इस गंभीर मामले पर क्या रख अपनाते हैं। बड़ा सवाल: क्या भ्रष्टाचारियों और दलालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी या फिर हमेशा की तरह इस बार भी मामले को "टेबल के नीचे" दबा दिया जाएगा।

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है : उपायुक्त

नई सोच एक्सप्रेस



**लातेहार** । उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षक उपस्थिति एवं प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी प्रखंडों में ई-विद्या वाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही। समीक्षा के क्रम में अपार आइडी जेनरेशन का कार्य निर्धारित समय पर शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं विद्यालयों में विद्यार्थियों का आधार कार्ड बनवाने और इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने विद्यालयवार छात्र उपस्थिति की समीक्षा करते हुये कहा कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है , उन्हें परीक्षा प्रपत्र (फॉर्म) भरने की अनुमति नहीं दी जाये। साथ ही विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। स्कूल में बच्चों का नामांकन, बच्चों की उपस्थिति, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने संबंधित जानकारी लेते हुये सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का निरन्तर निरीक्षण कर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शौचालय एवं पीने की पानी समेत विभिन्न बिन्दुओ का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधायें सुनिश्चित करें। जिले की प्रत्येक स्कूलों का संचालन सही तरीके से करते हुए स्कूलों में बच्चों के ड्रेस, पानी, एवं शौचालय के साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में उपायुक्त द्वारा पीएम पोषण (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत बच्चो को ससमय राशन पुस्तक एवं योग्य बच्चो को ससमय छात्रवृत्ति मिले यह सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों में नियमित हेल्थ चेकअप कर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच अनिवार्य है। सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचें और बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित कर्मी और पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ इंडिया के समीप सड़क के गड्ढे की मानवता पथ फाउंडेशन ने कराई मरम्मत



नई सोच एक्सप्रेस

**गिद्धौर (चतरा)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समीप मुख्य सड़क पर बने गड्ढे के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं। साथ ही राहगीरों एवं वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कई बार हादसे होने के बावजूद संबंधित प्रशासन की ओर से इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। इसी को देखते हुए मानवता पथ फाउंडेशन के सदस्यों ने सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए बिना किसी सरकारी सहायता के सड़क पर बने गड्ढे की मरम्मत कर दी। फाउंडेशन के इस प्रयास से न केवल सड़क की स्थिति में सुधार हुआ, बल्कि लोगों के बीच सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत हुई। स्थानीय लोगों ने फाउंडेशन के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रशासन को भी जनहित की ऐसी समस्याओं के प्रति गंभीरता दिखानी चाहिए। इस कार्य में मानवता पथ फाउंडेशन के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बलबल नदी से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई

नई सोच एक्सप्रेस



**गिद्धौर (चतरा)**।अवैध बालू खनन एवं परिवहन के खिलाफ प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार की सुबह गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के बलबल नदी में छापेमारी अभियान चलाकर अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। यह कार्रवाई अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा एवं थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री के संयुक्त नेतृत्व में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि बलबल नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव कर प्रतिदिन ट्रैक्टरों के माध्यम से हजारीबाग की ओर भेजा जा रहा है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक टीम ने सुबह-सुबह नदी क्षेत्र में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दो ट्रैक्टरों को अवैध रूप से बालू परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिन्हें जब्त कर गिद्धौर थाना लाया गया। अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने बताया कि अवैध खनन एवं बालू के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। किसी भी कीमत पर अवैध कारोबार को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। वहीं थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने कहा कि जब्त ट्रैक्टरों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की छापेमारी जारी रहेगी।

## घर के सामने वृद्ध को टक्कर मारकर कोल वाहन हुआ फरार

नई सोच एक्सप्रेस



**(चतरा) टंडवा**।सिमरिया मुख्य सड़क का निर्दोष इंसानों के खून से लाल होना नहीं थम रहा है।देर रात धनगड़ा के 75 वर्षीय माधो साव कोयला लदे तेज रफ्तार वाहन द्वारा घर के सामने कुचले जाने से उनकी मौत सड़क में हीं हो गई, जबकि वाहन मौके से फरार हो गया। लोगों का मानना है कि लगातार ऐसे घटनाओं में वृद्धि हुई है जहां अंजाम देने के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो जाते हैं। इस तरह की घटनाओं को दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या के आपराधिक कृत्य मानकर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिये।बंद कमरों में सड़क दुर्घटना नियंत्रण के लिये ट्रांसपोर्टरों और कुछ कथित छुटभैये नेताओं के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की भी बैठकें होने की लगातार चर्चा और गहरा संदेह जाहिर होता रहा है। ऐसे में,अगर प्रशासनिक स्तर से तमाम प्रयासों के बाद भी गति नियंत्रण एवं अनियंत्रित परिचालन से कोल वाहनों द्वारा सड़क दुर्घटनायें रुकने के बजाय अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है।लोग जानना चाहते हैं कि डीटीओ या अन्य संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही और ऐसे मामलों में क्या भूमिका है!? इसपर उचित मूल्यांकन और ठोस आश्वासन आमजनों को मिलें। खाशकर, बड़का प्रतिनिधि स्थानीय विधायक एवं सांसद को आमजनों के बीच आना चाहिए जहां उनके द्वारा किये गये स्थाई समाधान के प्रयासों को विस्तार से रखना चाहिए। बहरहाल ,आक्रोशित ग्रामीण जबाबदेह लोगों की बाट जोहते हुवे सड़क में संघर्ष कर रहे हैं।

## मोदी के 12 वर्ष देश की तस्वीर और तकदीर बदलने वाले रहे : आदित्य साहू

नई सोच एक्सप्रेस



**जमशेदपुर**।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल को देश की तस्वीर और तकदीर बदलने वाला दौर बताया है। उन्होंने कहा कि यह कालखंड केवल सत्ता संचालन का नहीं, बल्कि गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग के सशक्तीकरण का रहा है। सोनारी स्थित चित्रगुप्त भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में आदित्य साहू ने कहा कि मोदी सरकार ने "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए बिना भेदभाव के समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन चुके हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के तहत करीब 11 करोड़ किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, जबकि 81 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ परिवारों को पक्के मकान, उज्ज्वला योजना के तहत 11 करोड़ परिवारों को गैस कनेक्शन तथा जनधन योजना के तहत 58 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से 15.6 करोड़ परिवारों तक नल से जल पहुंचाया गया है तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत करोड़ों लोगों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। उनके अनुसार मोदी सरकार के दौरान देश में 26 एम्स, 23 आईआईटी, 25 आईआईएम और सैकड़ों मेडिकल कॉलेजों का विस्तार हुआ है। **झारखंड को मिली रिकॉर्ड वित्तीय सहायताः** आदित्य साहू ने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड के विकास के लिए अभूतपूर्व वित्तीय सहयोग दिया है। उनके अनुसार वर्ष 2004 से 2014 के बीच राज्य को 56,096 करोड़ रुपये मिले थे, जबकि 2014 से 2025 के बीच यह राशि बढ़कर 2.26 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई। उन्होंने बताया कि 3 जून 2026 तक यह आंकड़ा 3.17 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि झारखंड में रेलवे, सड़क और स्वास्थ्य अवसंरचना के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश किया गया है। राज्य में 17,600 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं संचालित हैं तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 57 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इसके अलावा सात वंदे भारत ट्रेनों का संचालन और रेलवे मार्गों का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण किया जा चुका है। **रक्षा और अर्थव्यवस्था में भारत हुआ मजबूतः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना है और रक्षा उपकरणों का निर्यात भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और आतंकवाद तथा नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई है। साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 12 वर्षों से बिना रुके और बिना थके देश के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रेसवार्ता में सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक पूर्णिमा साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष आभा महतो, प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, जिला अध्यक्ष संजीव सिन्हा सहित कई भाजपा नेता उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सांसद कालीचरण मुंडा को सौंपा ज्ञापन

नई सोच एक्सप्रेस



**कोलेबिरा**। प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने खूंटी लोकसभा सांसद कालीचरण मुंडा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया और प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग ने किया।इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कोलेबिरा क्षेत्र की सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत समस्याओं को सांसद के समक्ष रखा। साथ ही समस्याओं के समाधान को लेकर सांसद को लिखित ज्ञापन भी सौंपा गया।प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों को कई बुनियादी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सांसद से समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए पहल करने का आग्रह किया।वहीं प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग ने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर उनका समाधान कराना जरूरी है।सांसद कालीचरण मुंडा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की समस्याओं को संबंधित विभागों के समक्ष रखकर समाधान का प्रयास किया जाएगा।इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष कंदरू नायक, अरविंद टेटे सहित कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुडू का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**लोहरदगा** । उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने गुरूवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुडू का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं तथा छात्राओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उपायुक्त ने विद्यालय में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल को शीघ्र ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, कक्षाओं एवं किचेन का निरीक्षण किया तथा किचेन में तैयार भोजन और निर्धारित मेनू की जांच की। इस दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्टोर रूम की सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया तथा आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने विद्यालय में स्थापित आरओ प्रणाली के खराब होने की जानकारी मिलने पर उसे अविलंब ठीक कराने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने विद्यालय परिसर एवं कक्षाओं में साफ-सफाई की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से साफ-सफाई कार्य में लगे कर्मियों की संख्या की जानकारी ली तथा नियमित और प्रभावी साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय परिसर में विकसित बगीचे एवं उगाई जा रही सब्जियों का भी अवलोकन किया तथा इसकी सराहना की। उन्होंने परिसर में निर्माणाधीन शौचालय का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को विद्यालय की सभी आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त रखने तथा छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम की खिलाड़ी अष्टम उरांव को जिला प्रशासन ने किया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**गुमला** । भारतीय महिला फुटबॉल टीम की प्रतिभावान खिलाड़ी एवं गुमला जिले की बेटी अष्टम उरांव के गुमला आगमन पर गुरुवार को समाहरणालय में उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो एवं उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत बनारी गोराटोली गांव की रहने वाली अष्टम उरांव ने अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम के बल पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाई है। वर्ष 2022 में उन्होंने भारत में आयोजित फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी कर इतिहास रचा था। वर्तमान में वे भारतीय महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम की सदस्य हैं तथा इंडियन विमेन्स लीग में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने विभिन्न आयु वर्ग की राष्ट्रीय टीमों का प्रतिनिधित्व करते हुए देश का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि अष्टम उरांव की उपलब्धियां पूरे जिले के लिए गर्व का विषय हैं। सीमित संसाधनों के बीच ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करना उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और समर्पण का परिचायक है। उन्होंने कहा कि अष्टम जिले के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं तथा उनकी सफलता यह संदेश देती है कि प्रतिभा और निरंतर प्रयास के बल पर किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उप विकास आयुक्त ने अष्टम उरांव को बधाई देते हुए कहा कि जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अष्टम आने वाले समय में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गुमला, झारखंड और देश का नाम रोशन करती रहेंगी। अष्टम उरांव ने सम्मान के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एलन पटना की छात्रा ऋद्धि इंटरनेशनल ओलंपियाड में करेगी भारत का प्रतिनिधित्व

» इटली में होगा इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड का फाइनल



**पटना।** जेईई व नीट के साथ-साथ नेशनल व इंटरनेशनल ओलंपियाड में भी एलन पटना के स्टूडेंट्स अपनी श्रेष्ठता साबित कर रहे हैं। इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड में एलन पटना स्टूडेंट ने उपलब्धि हासिल की है। एलन जोनल हेड डॉ.विपिन योगी ने बताया कि जियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलम्पियाड की फाइनल टीम की घोषणा कर दी गई है। फाइनल टीम में 4 स्टूडेंट्स भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, इसमें तीन छात्र व एक छात्रा शामिल हैं। यह एकमात्र छात्रा एलन पटना की स्टूडेंट ऋद्धि रंजन होगी। यह सम्पूर्ण बिहार के लिए गौरव की बात है। फाइनल 20 से 27 अगस्त तक ट्यूरिन, इटली में होगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो वर्षों में एलन पटना ने शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में छात्रों की सफलता इसकी अकादमिक गुणवत्ता का प्रमाण है। एलन पटना के सेंटर हेड चेतन शर्मा ने बताया कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा विद्यार्थियों में इस विषय की जागरूकता के लिए यह प्रयास किया जाता है। फाइनल में विभिन्न देशों के प्रतिभाशाली विद्यार्थी पृथ्वी विज्ञान से संबंधित विषयों में अपनी प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन करते हैं। ऋद्धि की सफलता उनके परिश्रम, समर्पण और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। हमें विश्वास है कि वह फाइनल में मैडल लाकर बिहार और एलन का गौरव बढ़ाएंगी। पीएनसीएफ जोनल हेड विशाल केजरीवाल ने कहा मजबूत फाउंडेशन ही बड़ी सफलताओं की नींव होती है। पीएनसीएफ स्टूडेंट्स लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। नेशनल व इंटरनेशनल ओलम्पियाड में देश के लिए मैडल लाने का प्रयास है। सही दिशा में की गई तैयारी छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम बनाती है।

### खैरा बाजार में हाइवा ने दसवी की छात्रा को कुचला , मौत

घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने वाहन में की तोड़फोड़



**जमुई।** खैरा बाजार शिवाला के समीप पत्थर लदे हाइवा ने दशवीं कक्षा की छात्रा को कुचल दिया।उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। खैरा प्रखंड अंतर्गत बरियारपुर गांव निवासी जितेंद्र मंडल की पुत्री मुस्कान कुमारी (14 साल) के रूप में मृतका की पहचान की गई। मिली जानकारी के मुताबिक मुस्कान कुमारी पढ़ाई के लिए कोचिंग जा रही थी। इसी दौरान वह खैरा बाजार स्थित शिवाला के समीप पत्थर लदे हाइवा की चपेट में आ गई। मुस्कान चक्के के नीचे दब गई और वह वहीं पर दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर वाहन में तोड़फोड़ किया। खैरा बाजार में भाग-दौड़ शुरू हो गया। पुलिस और नागरिकों के बीच कहा-सुनी होने लगी।कुछ देर के लिए स्थिति असामान्य हो गया जिसे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नियंत्रित किया। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे अंत्यपरीक्षण के लिए अस्पताल भेजा। मान-मनोव्वल के बाद सड़क जाम को हटाया गया। घटना के बाद मृतका के परिवार के लोगों में चीख-पुकार जारी है। शोक का माहौल कायम है। उधर एसडीएम सौरव कुमार सदल-बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और स्थिति को संभालने में सक्रियता दिखाई। उन्होंने स्थिति को नियंत्रण में रहने की जानकारी दी

### विधान परिषद चुनाव में सभी 10 प्रत्याशी निर्विरोध चुनाव जीते

**पटना।** बिहार विधान परिषद की 10 सीटों पर नामांकन करने वाले सभी कैंडिडेट्स निर्विरोध एमएलसी चुन लिए गए। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार और भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह, भारती मेहता, शीला पंडित, शिवरानी प्रजापति, ललन प्रसाद, अनिल ठाकुर भी अब पहली बार एमएलसी होंगे। वहीं संजय मयूख व सूनील कुमार सिंह फिर से एमउली बनेंगे। इन सीटों के लिए कुल 10 उम्मीदवारों ने ही नामांकन दाखिल किया था। जिसमें बीजेपी की तरफ से 4, जदयू की तरफ से 4, लोजपा से 1 और राजद से एक कैंडिडेट थे। बीजेपी ने पवन सिंह को कैंडिडेट बनाया था। भाजपा की तरफ से एमएलसी उम्मीदवार बनाए जाने के बाद भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने बाहुबली अनंत सिंह से मुलाकात की। पवन सिंह अनंत सिंह के पटना वाले घर पहुंचे और उनसे बातचीत की। इस दौरान अनंत सिंह पवन सिंह को छोड़ने को लिए वो घर से बाहर तक आए। भाजपा के उम्मीदवार पवन सिंह निर्वाचन प्रमाण पत्र लेने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी से मिले। भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय मयूख के साथ पार्टी के सभी निर्वाचित उम्मीदवार मुख्यमंत्री से मुलाकात कर वहीं जनता दल यूनाइटेड के सभी 4 निर्वाचित विधान पार्षद प्रमाण पत्र मिलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता नीतीश कुमार से मुलाकात की। इसके लिए वे 7, सर्कुलर रोड स्थित पूर्व मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। जदयू के नवनिर्वाचित सदस्य पार्टी नेतृत्व का आशीर्वाद लेने के साथ-साथ आगामी राजनीतिक जिम्मेदारियों पर भी चर्चा कर सकते हैं।

# प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवकों गंगा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने गुरुवार सुबह दीघा-सोनपुर पुल के पास गंगा तट पर विशेष सफाई अभियान चलाया इस अभियान में 30 से अधिक स्वयंसेवको ने भाग लिया। **प्लास्टिक मुक्त गंगा का संकल्पः** सुबह 8 बजे शुरू हुए अभियान में युवाओं ने दस्ताने पहनकर नदी तट पर फैले प्लास्टिक, पॉलिथीन, पूजा सामग्री और अन्य कचरे को एकत्र किया। सफाई के बाद सभी कचरे को एक जगह इकट्ठा कर नगर निगम को सौंपा गया। स्वयंसेवकों ने हाथों में पोस्टर लेकर "प्लास्टिक मुक्त गंगा", "गंगा बचाओ, जीवन बचाओ" और "पर्यावरण संरक्षण - हमारा दायित्व" जैसे नारे लिखे थे। एक छात्रा ने कहा, "गंगा सिर्फ नदी नहीं, हमारी आस्था है। इसे साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।" मास्क और दस्ताने के साथ सावधानी कोविड के बाद की सतर्कता को देखते हुए सभी स्वयंसेवक मास्क और दस्ताने पहने हुए थे। अभियान के दौरान आसपास के लोगों को भी कचरा न फेंकने और गंगा को स्वच्छ रखने की अपील की गई।युवाओं की भूमिका अहम । प्रेम यूथ फाउंडेशन के संयोजक रौनक कुमार ने बताया कि फाउंडेशन के सहयोग से हम लगातार पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं। **स्थानीय लोगों ने सराहाः** दीघा घाट पर मौजूद स्थानीय लोगों और नाविकों ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना की। एक नाविक ने कहा, "रोज पूजा का सामान और प्लास्टिक फेंक दिया जाता है। अगर युवा ऐसे ही जागरूक करेंगे तो गंगा जरूर साफ होगी।आगे भी जारी रहेगा अभियान फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सुलेखा ने बताया कि यह अभियान एक दिन का नहीं है। हर महीने गंगा के अलग-अलग घाटों पर सफाई और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। साथ ही स्कूल-कॉलेजों में भी पर्यावरण संरक्षण पर कार्यशाला होगी । फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने लोगो से आह्वान किया की गंगा हमारी माई है इसमे कूड़ा, कचरा, पूजन सामग्री, मानव या पशु का शव कदापि प्रवाहित न करे । मौके पर अंकित,शिवू ,वैष्णवी,,सोनाक्षी,विशाल,मनीष समेत दर्जनों स्वयंसेवक मौजूद रहे

# पूर्व सांसद सुशील सिंह की मांग पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

नई सोच एक्सप्रेस



» सड़क और सिंचाई परियोजनाओं पर कार्रवाई के निर्देश

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह द्वारा क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क एवं सिंचाई परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से की गई मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री सचिवालय ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री के समक्ष राष्ट्रीय राजमार्ग-139 के चार लेन निर्माण, बिहार-झारखंड की अंतरराज्यीय बटाने जलाशय परियोजना तथा औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत परैया से टिकारी, हिच्छापुर और गुरुआ होते हुए दरियापुर (शेरघाटी-चेरकी पथ) तक सड़क निर्माण कार्यों को गति देने की मांग रखी थी। इसके अलावा राज्य राजमार्ग-101 के मदनपुर से गया तक सड़क को दो लेन में विस्तारित करने का मुद्दा भी उठाया गया था। इस संबंध में मुख्यमंत्री सचिवालय के उप सचिव कुमार बृजेश ने पथ निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग के सचिवों को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि पूर्व सांसद द्वारा इन विषयों पर आवेदन प्राप्त हुआ है। पत्र में संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया है कि उठाए गए मुद्दों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा लिए गए निर्णय और की गई कार्रवाई की जानकारी मुख्यमंत्री सचिवालय और पूर्व सांसद को उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद इन परियोजनाओं के शीघ्र आगे बढ़ने की उम्मीद बढ़ गई है। बताया जाता है कि सुशील कुमार सिंह क्षेत्र के किसानों और आम लोगों से जुड़े विकास कार्यों को लेकर लगातार प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि लंबे समय से लंबित इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को जल्द पूरा कराया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क संपर्क, सिंचाई सुविधा और विकास का लाभ मिल सके।

# अवैध संबंध में ली गई युवक की जान, रक्सौल डीएसपी के नेतृत्व में 3 गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी।** रामगढ़वा प्रखंड के पचभीड़िया गांव में 23 मई को हुई अर्जुन पंडित की निर्मम हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने आज 11 जून को बड़ी सफलता हासिल की है। रक्सौल डीएसपी मनीष आनंद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले का सफल उद्भेदन करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पचभीड़िया गांव निवासी धनेश महतो 30 वर्ष, पिता करझीगण महतो, रूपेश कुमार 21 वर्ष, पिता विजय महतो और राजेश यादव 35 वर्ष, पिता लालबिहारी यादव के रूप में हुई है। पुलिसिया पूछताछ में हत्या के पीछे का जो कारण सामने आया, उसने पूरे इलाके को हैरान कर दिया है। जांच में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी धनेश महतो की पत्नी के साथ मृतक अर्जुन पंडित का अवैध संबंध था। इसी बात से नाराज होकर धनेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर अर्जुन को रास्ते से हटाने की खौफनाक साजिश रची। हत्याकांड की बर्बरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम देने के लिए 'फाइटर' (हाथ में पहने जाने वाला लोहे का घातक हथियार) का इस्तेमाल किया था आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से अर्जुन पर हमला किया और उस पर फाइटर से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस पूरे मामले का खुलासा रक्सौल डीएसपी मनीष आनंद के निर्देशन में रामगढ़वा थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह, अपर थानाध्यक्ष सुमित कुमार और एसआई प्रिया कुमारी की टीम ने किया। पुलिस की इस तत्परता और वैज्ञानिक अनुसंधान के कारण ही कम समय में हत्याकांड का पर्दाफाश हो सका। इस गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र के लोगों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की है, वहीं पीड़ित परिवार के लिए यह न्याय की ओर पहला कदम है। फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और मामले की आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

# सबसे तेज़ टीवीएस अपाचे और सबसे तेज़ भारतीय एथलीट श्री गुरिंदरवीर सिंह का मिलन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** टीवीएस वेनु के भाग और दुनिया की जानी-मानी दोपहिया एवं तिपहिया वाहन निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी (टीवएसएम) ने आज बताया कि कंपनी ने भारत के सबसे तेज़ 100 मीटर स्प्रिंटर, श्री गुरिंदरवीर सिंह को उनकी उपलब्धियों के सम्मान में टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 सौंपी है, जो टीवीएस अपाचे की सबसे फास्ट स्ट्रीट परफोर्मेन्स मोटरसाइकल है। भारत के सबसे फास्ट एथलीट और सबसे फास्ट टीवीएस अपाचे का यह मिलन एक खास जुनून का जश्न है - एक जुनून जो बिना रूके और बिना किसी समझौते के स्पीड बनाए रखने की चाहत को दर्शाता है। श्री विमल सुंबली, हैड बिज़नेस- प्रीमियम, टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा, ''टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 सेगमेन्ट में पहली बार पेश किए गए फीचर्स के साथ शानदार परफोर्मेन्स का अनुभव देती है। अपने बोल्ड स्ट्रीटफाइटर डिज़ाइन, लाईटवेट आर्किटेक्चर और फुर्तीले हैण्डलिंग कैरेक्टर्स के साथ इसे सटीकता से डिज़ाइन किया गया है। 1982 से टीवीएस रेसिंग में चार दशकों की विरासत के साथ टीवीएस अपाचे स्पीड एवं परफोर्मेन्स आधारित इनोवेशन को नया आयाम दे रही है। वहीं भारत के सबसे तेज़ एथलीट श्री गुरिंदरवीर सिंह भी इसी दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति करते हैं। उनकी अपनी खुद की सीमाओं को पार करने की प्रतिबद्धता के साथ, यह एसोसिएशन से कहीं बढ़कर है- जो स्पीड की दुनिया के दो दिग्गजों का मिलन है, जो सबसे आगे रहने की अटूट चाहत से जुड़ा है।'' श्री गुरिंदरवीर सिंह ने फेडरेशन कप में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में 10.09 सेकंड का ऐतिहासिक समय दर्ज कर भारतीय स्प्रिंटिंग को एक नई पहचान दी और स्पीड का एक नया राष्ट्रीय बेंचमार्क स्थापित किया। यह साझेदारी दो ऐसी ताकतों को एक साथ लाती है जो एक ही भावना से प्रेरित हैं - तेज़, बेहतर और उससे भी आगे बढ़ने की चाह। टीवीएस अपाचे और श्री गुरिंदरवीर सिंह दोनों एक साथ मिलकर स्पीड को नई परिभाषा देते हैं- जा सिर्फ एक परिणाम नहीं, बल्कि एक नई सोच है।

# केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पटना में 100 दिवसीय टीबी मुक्त-अभियान के अंतर्गत हो रहे जनजागरूकता अभियान की पॉचवी कड़ी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पटना के ओपीडी परिसर में "100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत Pediatric TB विषय पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन माननीय चिकित्सा निदेशक डॉ सुबोध कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ स्वीटी कुमारी, मंडल चिकित्सा अधिकारी के द्वारा की गई जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को आयोजन के उद्देश्य , महत्व एवं लक्ष्य से अवगत कराया। तत्पश्चात् कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ फैजान, DNB/Pediatric के द्वारा बच्चों में टीबी के लक्षणों, समय पर पहचान, उपलब्ध जॉचों तथा नियमित उपचार के महत्व के बारे में बताया। इसके उपरांत शिशु रोग विभागाध्ययक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ए. के. ओझा ने अपने संबोधन में Pediatric TB की रोकथाम, जॉच, टीकाकरण का महत्व एवं समय से चिकित्सकीय परामर्श के महत्व पर विशेष रूप से बल दिया। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सा निदेशक डॉ सुबोध कुमार मिश्रा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा Pediatric TB मामलों में जन जागरूकता, समय पर जॉच एवं नियमित उपचार की बहूत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, टीबी के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सा सहायता एवं BCG टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लगभग 200 से ज्यादा मरीजों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं Pediatric TB से संबंधित महत्वयपूर्ण जानकारी प्राप्त किया है।

# चोरों ने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया




नई सोच एक्सप्रेस

**वैशाली।** बरांटी थाना क्षेत्र के बरुआ बहुआरा गांव निवासी डॉ. दिनेश प्रसाद ने घर में घुसकर 5 हजार रुपये चोरी किए जाने को लेकर बरांटी थाना में दो अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि घटना रात करीब 12 बजे की है। दो अज्ञात चोर छत के रास्ते उनके घर में प्रवेश कर गए और उनके कमरे में बेड के नीचे रखे 5 हजार रुपये चुरा लिए। इसी दौरान अंधेरे में किसी वस्तु से टकराने के कारण तेज आवाज हुई जिससे घर के लोगों की नींद खुल गई। आवाज सुनकर परिजनों ने चोर-चोर का शोर मचाया खुद को पकड़े जाने की आशंका से दोनों चोर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद डॉ. दिनेश प्रसाद ने तत्काल डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को बुलाया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। बरांटी थाने की पुलिस ने आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## देश-राज्यों से बड़ी खबरें..

1 भारतीय क्रू वाले जहाज पर लगातार दूसरे दिन हमला, ओमान के तट पर मौजूद था;कल होर्मुज में अमेरिकी हमले में 3 भारतीय मारे गए

2 बेहद चिंताजनक, इसे तुरंत रोका जाना चाहिए',खाड़ी इलाकों में जहाजों पर हो रहे हमलों की भारत ने की निंदा

3 PM मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक शुरू,कर्नाटक CM शिवकुमार,तमिलनाडु CM विजय पहली बार इसका हिस्सा बने

4 दुनियाभर में अनिश्चितता,फिर भी भारत पूरे भरोसे के साथ आगे बढ़ रहा'; नीति आयोग की बैठक में बोले PM मोदी

5 एमपी-भाजपा ने तीनों राज्यसभा सीट निर्विरोध जीतीं,कांग्रेस उम्मीदवार नटराजन के रद्द नामांकन पर चुनाव आयोग की चुप्पी,कल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

6 सचिन बोलेः गहलोत को जितना वैभव से स्नेह,उतना ही मुझसे,पिता की पुण्यतिथि पर बेटों के साथ दिखे,राजेश पायलट की श्रद्धांजलि सभा में कई नेता पहुंचे

7 राजस्थान की तीन राज्यसभा सीटों पर भाजपा के सतीश पूनिया और अलका सिंह गुर्जर तथा कांग्रेस के नीरज डांगी को निर्विरोध निर्वाचित कर लिया गया है। नामवापसी की समय सीमा पूरी होने के बाद तीनों के निर्वाचन के प्रमाण पत्र सौंप दिए गए

8 कल्याण बनर्जी का अल्टीमेटम-ममता मुझे चुनें या अभिषेक को,TMC के तीसरे राज्यसभा सांसद का इस्तीफा;दावाः20 लोकसभा सांसद अलग गुट बना चुके

9 दुख की घड़ी में ममता बनर्जी का साथ नहीं छोड़ूंगा,शत्रुघ्न सिन्हा का बगावत करने से इनकार

10 शंकराचार्य बोलेः राम मंदिर में शुरू से चोरी हो रही,पूर्व कर्मचारी का दावाः CCTV फुटेज डिलीट करवाए;अयोध्या पहुंचे विनय कटियार बोलेःजांच हो

11 सबसे बड़ा विमेंस टी-20 वर्ल्डकप कल से,पहली बार 12 टीमें और 33 मैच;भारत ग्रुप ऑफ डेथ में,14 जून को पाकिस्तान से मुकाबला

12 पहली बार तीन देश होस्ट करेंगे FIFA वर्ल्ड कप, अमेरिका-कनाडा-मेक्सिको में 48 टीमों के बीच 104 मैच, नॉकआउट में 32 टीमें जाएंगी

13 भारी उठापटक के बाद लाल निशान में बंद हुआ बाजार,सेंसेक्स 150 अंक टूटा,निफ्टी 23,200 के नीचे

14 मोदी बोलेःकांग्रेस ने नाकामी का कलंक हिंदुओं पर लगाया, हमने सालों के काम महीनों में किए;शुभेंदु ने PM को झालमुड़ी खिलाई

15 ओमान तट के पास ऑयल टैंकर पर अमेरिकी हमले में 3 भारतीय लापता,यूएस के टॉप डिप्लोमैट को समन

16 अमेरिका आज ईरान पर हमला करेगा,राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी जानकारी

17 श्रीनगर में पाकिस्तान के खिलाफ जबरदस्त Protest,UN ऑफिस के बाहर गूंजा PoK का मुद्दा

18 कांग्रेस में विलय को तैयार ममता, लेकिन भतीजे अभिषेक ने मांग लिया खरगे वाला पद

19 पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर फिर किये घातक हमले,11 बच्चे समेत 13 की मौत

20 श्रीराम मंदिर चढ़ावा गबन मामलाः PMO ने मांगी रिपोर्ट, अयोध्या पहुंचे निर्माण समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र

21 उत्तर भारत को भीषण गर्मी से मिलेगी राहत... 11 जून से बदलेगा मिजाज,आंधी और बारिश का अलर्ट

22 डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी को ऑफिस में 12 साल पूरे करने पर दी बधाई,कहाःवो एक मजबूत,स्वस्थ और समझदार इंसान

23 ट्रंप का दावाः होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिका का कब्जा,10 करोड़ बैरल से ज्यादा तेल वैश्विक बाजार में पहुंचाया

24 देश के ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक क्रांति! अब सरकारी नियंत्रण से आजाद होगा कोयला,बाजार तय करेगा कीमतें!

25 ईरान का पलटवारःबहरीन और जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल-ड्रोन हमला, अराघची ने कहाः सुरक्षित रहना है तो क्षेत्र छोड़ दें

26 हरियाणवी डांसर Sapna Choudhary और वीर साहू के रिश्ते में दरार,मारपीट करने का आरोप...कोर्ट ने मिलने पर भी लगाई रोक

27 Jammu Kashmir:उरी में LOC के पास हुआ Blast,इलाज दौरान 2 जवानों ने तोड़ा दम

28 ममता बनर्जी की करीबी राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने पार्टी से दिया इस्तीफा

29 आंध्र प्रदेश के पर्यटकों की गाड़ी नीलगिरि घाट पर पलटी,एक ही परिवार के 14 लोग घायल

30 एलन मस्क को बड़ा झटका! Starlink की मंजूरी पर भारत ने लगाई रोक

31 अमेरिका ने फिर किए ताबड़तोड़ हमले,ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों को उड़ाने की दी धमकी

32 पीएम मोदी बोलेःनिर्वाचित मोदी का सबसे लंबा कार्यकाल मेरा सौभाग्य,यह सभी कार्यकर्ताओं की उपलब्धि;मोदी 4399 दिन से प्रधानमंत्री, नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ा

33 नीयत,नीति और निर्णय... पीएम मोदी बोलेः12 सालों में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ

34 कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस पर किए गए हमलों का जवाब देते हुए कहा कि इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने से सच्चाई नहीं बदलती। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए सरकार के पास उपलब्धियों के नाम पर सिर्फ इवेंट मैनेजमेंट और मनगढ़ंत कहानियां हैं

35 खरगे ने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में मोदी सरकार ने नारेबाजी के अलावा कुछ नहीं किया है,जबकि देश की जनता को महंगाई,बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के जाल में फंसाए रखा है।, "इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने से सच्चाई नहीं बदलती। जवाहरलाल नेहरू भारत के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले नेता थे। उनके नाम लगातार सबसे लंबे कार्यकाल का भी रिकॉर्ड है।

36 तीन दिन,तीन बड़ी मुलाकातेंः सोनिया-ममता फिर ममता-सोनिया और अब राहुल-अभिषेक, टूटती तृणमूल की घर वापसी की कवायद

37 ममता बनर्जी और सोनिया गांधी की मुलाकात के बाद कांग्रेस और टीएमसी के संभावित विलय की अटकलें तेज हो गईं। हालांकि टीएमसी ने इन खबरों को पूरी तरह बेबुनियाद बताया है। राहुल गांधी और अभिषेक बनर्जी की बैठक के बाद भी राजनीतिक चर्चाएं जारी हैं

38 TMC के 19 बागी लोकसभा सांसदों में शत्रुघ्न सिन्हा-यूसुफ पठान,ममता की करीबी सायोनी भी;अब तक 58 विधायक,2 राज्यसभा सांसद अलग हुए

39 भारत में बने पहले सी-295 सैन्य विमान ने वडोदरा में सफल पहली परीक्षण उड़ान भरी है। भारतीय वायुसेना ने इसे आत्मनिर्भर भारत और बढ़ती स्वदेशी एयरोस्पेस क्षमता का प्रतीक बताया है। यह विमान 40 विमानों की उस श्रृंखला का हिस्सा है,जो भारत में बनाए जाएंगे और वायुसेना को सौंपे जाएंगे

40 देश के कई शहरों में आज विरोध प्रदर्शन करेगी कॉकरोच जनता पार्टी,सोनम वांगचुक पहुंचेंगे पुणे

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



संक्षिप्त समाचार

## बिहार में पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग कराएं और पाएं बड़ा फायदा

**पटना।** बिहार सरकार ने स्वच्छ पर्यावरण, सड़क सुरक्षा तथा आम वाहन मालिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुराने वाहनों के वाहन स्क्रैपिंग प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं जनहितैषी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। परिवहन विभाग मंत्री दामोदर रावत ने बताया कि राज्य सरकार स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन व्यवस्था के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्रों के माध्यम से पुराने वाहनों के निस्तारण की व्यवस्था से सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण दोनों उद्देश्यों को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय हरित  व्यवस्था को बढ़ावा देने तथा प्रदूषण कम करने दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि वाहन स्क्रैपिंग की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सुगम और नागरिक हितैषी हो। बताते चलें कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश के आलोक में मंत्रीपरिषद की बैठक में गैर-सरकारी वाहनों की स्क्रैपिंग हेतु निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया रडढ में संशोधनों को मंजूरी प्रदान की है। नए प्रावधान में वाहन स्क्रैपिंग योजना का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया और सरल हो जाएगी। वाहन मालिकों को स्क्रैप कराये गये वाहनों के विरुद्ध प्राप्त सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट के आधार पर समकक्ष नये वाहन की खरीद करने पर मोटरवाहन कर में छूट का लाभ मिल सकेगा। वाहन स्वामी आसानी से अपने पुराने वाहनों के स्थान पर नए, सुरक्षित, ईंधन-कुशल एवं पर्यावरण-अनुकूल वाहन खरीद सकेंगे। वर्तमान व्यवस्था के तहत यदि कोई वाहन स्वामी अपने पुराने वाहन को अधिकृत आरवीएसएफ में स्क्रैप कराता है, तो उसे सीओडी प्रदान किया जाता है। इस प्रमाण-पत्र के आधार पर नया वाहन खरीदने एवं उसके निबंधन के समय वाहन स्वामी को मोटरयान कर में निर्धारित श्रेणी के अनुसार छूट का लाभ प्राप्त होता है। वर्तमान में गैर-परिवहन वाहनों पर 25 प्रतिशत, परिवहन वाहनों पर 15 प्रतिशत तथा कुछ विशेष श्रेणी के भारत स्टेज-1 तथा भारत स्टेज-2 के अनुसार निर्मित सभी मध्यम और भारी मालयान/यात्री मोटरयान पर 50 प्रतिशत तक मोटरयान कर में छूट का प्रावधान है। पुराने एवं प्रदूषणकारी वाहनों को हटाने से वायु प्रदूषण में कमी आएगी, ईंधन की बचत होगी तथा सड़क सुरक्षा में सुधार होगा। वैज्ञानिक तरीके से वाहन स्क्रैपिंग होने से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को भी कम किया जा सकेगा।

## कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने स्किल्स, स्केल और ट्रांसफॉर्मेशन के 12 वर्ष पूरे किए

**पटना।** भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री श्री जयन्त चौधरी के नेतृत्व में, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) स्किल्स, स्केल और ट्रांसफॉर्मेशन के बारह वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। यह दुनिया के सबसे बड़े स्किलिंग इकोसिस्टम में से एक के विकास और 'विकसित भारत 2047' की ओर भारत की यात्रा में इसके योगदान को रेखांकित करता है। भारत सरकार के माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री श्री जयन्त चौधरी ने कहा, "पिछले बारह वर्षों का सफ़र भारत की इस बढ़ती समझ को दर्शाता है कि स्किल्स, अवसर, प्रोडक्टिविटी और आर्थिक बदलाव के सबसे शक्तिशाली साधनों में से एक हैं। मंत्रालय ने एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने के लिए काम किया है जहाँ स्किल्स को फॉर्मल एजुकेशन के साथ-साथ सीखने, रोज़गार और आजीवन विकास का एक अभिन्न हिस्सा माना जाता है। जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी इंडस्ट्रीज़ को नया आकार दे रही हैं और काम करने का तरीका बदल रहा है, हमारा ध्यान भारत के युवाओं को न केवल मौजूदा अवसरों के लिए, बल्कि आने वाले वर्षों में उभरने वाली नौकरियों और एंटरप्राइज के लिए भी तैयार करने पर है। मज़बूत इंडस्ट्री पार्टनरशिप, डिजिटल इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने और वैश्विक मोबिलिटी के अवसरों के माध्यम से, हम एक ऐसी वर्कफ़ोर्स तैयार कर रहे हैं जो कॉन्फिडेंट और प्रतिस्पर्धी है और भारत की विकास यात्रा में योगदान देने के लिए तैयार है। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के बारह वर्ष पूरे होने पर, इसका पूरा ध्यान क्वालिटी को बेहतर बनाने, पहुँच बढ़ाने, इंडस्ट्री के साथ साझेदारी को मज़बूत करने, एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने, अप्रेंटिसशिप को तेज़ी से अपनाने और भारत को स्किल्ड टैलेंट के ग्लोबल हब के तौर पर स्थापित करने पर है। पिछले दशक की उपलब्धियाँ भारत की विकास यात्रा के अगले चरण के लिए एक मज़बूत आधार तैयार करती हैं, जो स्किल्स, इनोवेशन और मानवीय क्षमता से प्रेरित है।

## अभियान बसेरा-2 के सभी पात्र परिवारों को 21 तक दें बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र : दिलीप

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि अभियान बसेरा-2 के तहत सर्वेक्षित किसी भी पात्र वासभूमिहीन परिवार को लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि 15 जून से 21 जून 2026 तक विशेष अभियान चलाकर शेष सभी पात्र परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जाए। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक गरीब और वासभूमिहीन परिवार को सम्मानपूर्वक रहने के लिए भूमि उपलब्ध कराना है। इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। विभागीय समीक्षा के दौरान उन्होंने पाया कि अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत सर्वेक्षित कई परिवारों को अब तक बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। इसे गंभीरता से लेते हुए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. जायसवाल ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकारी भूमि, विशेषकर गैरमजरूआ खास एवं गैरमजरूआ आम भूमि पर वर्षों से बसे हुए वासभूमिहीन परिवारों की तत्काल जांच कर उनका सर्वेक्षण पूरा किया जाए तथा पात्र पाए जाने पर उन्हें अभियान बसेरा-2 के तहत बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र निर्गत किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में इस कार्य की नियमित निगरानी की जाएगी और प्रगति की समीक्षा मुख्यालय स्तर से की जाएगी।मंत्री ने कहा कि सरकारी भूमि पर बसे सर्वेक्षित परिवारों को नियमानुसार अधिकतम पांच डिसमिल भूमि का बंदोबस्त किया जाएगा। वहीं जहां सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां मुख्यमंत्री गृहस्थल क्रय सहायता योजना के तहत न्यूनतम तीन डिसमिल रैयती भूमि खरीदने के लिए एक लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तत्काल पूरी की जाए।उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अभियान की अवधि के दौरान प्राप्त लक्ष्यों को हर हाल में पूरा किया जाए। गरीबों को वासभूमि उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी स्तर पर उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी।

## राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन मनाया गया

**पुटकी।** करकेंद् नेहरू पार्क मे धनबाद में यादव महासभा के जिलाध्यक्ष राम नरेश सिंह यादव के नेतृत्व में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन केक काटकर एवं पौधरोपण करके बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर लालू प्रसाद यादव की लंबी उम्र के लिए भी कामना की गई। आगे कहा गया कि लालू प्रसाद ने दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक वर्ग के लिए हमेशा लड़ाई लड़ी और उनका हक और अधिकार दिलाने का काम किया। लालू प्रसाद यादव किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। मौके पर राजेश सिंह यादव, ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह, नन्दी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष रंजीत कुमार उर्फ जीतेंद्र यादव, सुधीर यादव, कामेश्वर यादव, सुरेश यादव, संतोष यादव, शिव शंकर यादव, नीतीश यादव, बलबीर यादव, शिवशंकर यादव, पंकज यादव, पप्पू यादव, प्रभात रंजन राय, कामू यादव, सोनू यादव, विक्रम यादव आदि गणमान्य लोग शामिल रहे और जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन की कार्रवाई जारी, कई ट्रैक्टरों पर प्राथमिकी दर्ज

नई सोच एक्सप्रेस



**गुमला।** उपायुक्त के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी, गुमला के नेतृत्व में जिले में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भंडारण के विरुद्ध विशेष छापामारी अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न प्रखंडों एवं थाना क्षेत्रों में व्यापक जांच एवं कार्रवाई की गई। छापामारी अभियान के तहत बसिया थाना क्षेत्र में 10 जून को अवैध रूप से बालू परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर चार ट्रैक्टरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। इनमें ट्रैक्टर संख्या JH07K9993 एवं JH20B4980 शामिल हैं, जबकि दो ट्रैक्टर बिना पंजीकरण संख्या अंकित पाए गए, जिनके विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई की गई। इसी प्रकार, 11 जून को घाघरा थाना क्षेत्र में अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर दो ट्रैक्टरों, जिनमें एक का पंजीकरण संख्या JH07L6810 है तथा एक अन्य ट्रैक्टर बिना पंजीकरण संख्या अंकित पाया गया, के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। अभियान के दौरान चिमनी भट्ठों एवं बालू भंडारण अनुज्ञप्तियों की भी जांच की गई। जांच के क्रम में निर्धारित प्रावधानों एवं शर्तों का उल्लंघन तथा अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित संचालकों को कारण पृच्छा (शो-कॉज) नोटिस निर्गत किया गया है तथा उनसे निर्धारित अवधि के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, सिसई अंचल अंतर्गत मौजा जिन्दा बरगांव में लगभग 38,000 घनफीट बालू अवैध रूप से भंडारित पाया गया, जिसे प्रशासन द्वारा जप्त कर लिया गया। इस संबंध में सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से इस प्रकार के विशेष अभियान नियमित रूप से संचालित किए जाएंगे। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि की सूचना प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## सांसद रविशंकर प्रसाद ने मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर किया जनसंपर्क और पूजा अर्चना

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद ने केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल के पूर्ण करने के ऐतिहासिक अवसर पर आज दरियापुर गोला स्थित ब्रह्म स्थान मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना की, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ, दीघार्यु और ऊजार्वान जीवन के लिए भगवान से प्रार्थना की, साथ ही पटना साहिब समेत पूरे प्रदेश और देशवासियों की तरक्की की कामना की। पूजा के बाद सांसद रविशंकर प्रसाद कार्यकतार्ओं के साथ पैदल ही ब्रह्म स्थान से लोगों से मिलते हुए बिड़ला मंदिर रोड तक गए। बांकीपुर विधानसभा अंतर्गत विश्वविद्यालय मंडल अध्यक्ष कृष्ण प्रकाश पप्पू, मंडल प्रभारी विमल कश्यप,वार्ड 39 पार्षद राहुल यादव, अजीत लाली, पूर्व मेयर संजय भी श्री प्रसाद के साथ थे।  ढोल - नगाड़ों की की धुन पर सांसद रविशंकर प्रसाद के साथ  सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता भी इस अभियान में शामिल थी। श्री प्रसाद ने जन संपर्क अभियान के माध्यम से केंद्र की मोदी सरकार के 12वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों से आम लोगों को अवगत कराया। उन्होंने प्रधानमंत्री के पिछले 12वर्षों के दौरान किए गए अविस्मरणीय निर्णयों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के बढ़ते सम्मान के साथ साथ मुश्किल दौर में भी देशवासियों को भरपूर मदद की बातों को साझा किया। श्री प्रसाद ने बातचीत में कहा की आज पूरा विश्व युद्ध के संकट से गुजर रहा है फिर भी भारत में शांति है, वैश्विक मंदी के बावजूद भारत अपनी अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने में सफल हो रहा है। देश में तेल और रसोई गैस की पर्याप्त व्यवस्था है और धीरे धीरे हम इस संकट से बाहर निकल रहे है। ये सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक स्तर पर कूटनीतिक जीत और देशहित में निर्णायक फैसलों के कारण संभव हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने मई 2014 में शपथ ली और तब से वे बिना रुके और थके लगातार देश की सेवा में निरंतर काम में जुटे हुए है।भारत 2047 तक विकसित देशों में शुमार होगा इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार प्रयास हो रहे है और उसी का परिणाम है की आज हमारा देश विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में नितिन अभिषेक और राजेश झा ने संभाला प्रदेश महामंत्री का पदभार

नई सोच एक्सप्रेस

» संगठन विस्तार और कार्यकर्ता सशक्तिकरण पर रहेगा फोकस : नितिन अभिषेक

» भाजपा को और मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से करेंगे कार्य : राजेश झा

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के नव नियुक्त महामंत्री नितिन अभिषेक और राजेश झा उर्फ राजू झा ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में अपने-अपने कक्ष में वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और हवन के साथ विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और दोनों नेताओं को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।पदभार ग्रहण के बाद नितिन अभिषेक ने कहा कि भाजपा ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उसके लिए वे शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कार्यकतार्ओं को संगठन की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहाकि सभी के सहयोग से भाजपा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। वहीं राजेश झा उर्फ राजू झा ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका वे पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है और संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकतार्ओं को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि आगामी राजनीतिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर संवाद और समन्वय स्थापित किया जाएगा।दोनों नेताओं ने कहा कि बिहार में भाजपा संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और कार्यकतार्ओं के परिश्रम के बल पर पार्टी नई उपलब्धियां हासिल कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन और कार्यकतार्ओं के सहयोग से संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा तथा जनता के बीच पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा।

## ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार ने स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर  का किया निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** ऊर्जा मंत्री  शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने गुरुवार को विद्युत भवन में स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में विद्युत प्रबंधन, विद्युत मांग एवं आपूर्ति की स्थिति, ग्रिड संचालन व्यवस्था, रियल-टाइम लोड प्रबंधन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ऊर्जा मंत्री को विद्युत प्रणाली के संचालन, ग्रिड प्रबंधन, फॉरकास्टिंग सिस्टम की जानकारी दी। साथ ही मंत्री को राज्य में बिजली उपलब्धता, ट्रांसमिशन एवं वितरण प्रणाली के संचालन की विस्तृत जानकारी भी दी गई। निरीक्षण के दौरान माननीय ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों के साथ विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के उपायों पर चर्चा की। इस दौरान नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड एवं बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री राहुल कुमार (भा.प्र.से.) ने राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति, स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। माननीय ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों से बिहार में संचारण प्रणाली के सभी स्तरों (765 केवी, 400 केवी, 220 केवी एवं 132 केवी) के ग्रिड उपकेंद्रों एवं संचरण लाइनों की जानकारी ली। ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार ने कहा कि स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर बिहार की विद्युत व्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने विद्युत प्रणाली की विश्वसनीयता एवं दक्षता बनाए रखने के लिए आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग तथा सतत निगरानी पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बढ़ती बिजली मांग को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उल्लेखनीय है कि राज्य में सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को निरंतर एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर कार्यरत विद्युत उत्पादन केंद्रों, संचरण कंपनियों एवं वितरण कंपनियों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर की स्थापना की गई है। विद्युत भवन, पटना के चौथी मंजिल पर स्थित यह केंद्र राज्य में विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए 24x7 संचालित रहता है। इसमें प्रतिदिन तीन पालियों में संचरण एवं वितरण के विद्युत अभियंताओं द्वारा राज्य के सभी बिजली उपकेंद्रों के साथ समन्वय स्थापित कर बिजली की वास्तविक उपलब्धता एवं आवश्यकता के आधार पर पावर सिस्टम का संचालन सुनिश्चित किया जाता है।

# भाजपा ने एक पेड़ मां के नाम, मन की बात और किसानों के ज्वलंत मुद्दों पर की विस्तृत चर्चा

नई सोच एक्सप्रेस



**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष बंशी यादव की अध्यक्षता में जिला मासिक बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा झारखंड प्रदेश के मंत्री सह संगठन प्रभारी मनीर उरांव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ संगठन के महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये किया गया। इसके उपरांत मंच का कुशल संचालन जिला महामंत्री अमलेश सिंह ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम, एक पेड़ मां के नाम अभियान और स्थानीय किसानों की समस्याओं पर गहन मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री सह संगठन प्रभारी मनीर उरांव ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने संगठन की मजबूती पर बल देते हुये कहा कि हमें महीने में आखिरी रविवार को होने वाली प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को पूरी गंभीरता से लेना है और बूथ स्तर पर यह सुनिश्चित करना है कि मन की बात कार्यक्रम हो। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को हमें जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के लिये 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को हर बूथ और पंचायत स्तर पर एक जनांदोलन का रूप देना है, जिससे हम अपनी आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित पर्यावरण प्रदान कर सकें। अध्यक्षीय संबोधन देते हुये जिला अध्यक्ष बंशी यादव ने स्थानीय मुद्दों, विशेषकर किसानों की बदहाली को लेकर राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार किसान-विरोधी है किसानों से उनका धान खरीद लिया गया है लेकिन महीनों बीत जाने के बाद में भी उन्हें अब तक भुगतान नहीं किया गया। आज किसान अपने ही पैसों के लिये दर-दर भटकने को मजबूर हैं। अब मानसून आ चुका है और खेती का समय आ गया है। ऐसे में सरकार अविलंब ही किसानों का बकाया पैसों को जारी करे और उन्हें उचित मूल्य पर सब्सिडी के साथ में उच्च गुणवत्ता वाले खाद और बीज मुहैया कराये। यदि किसानों की इन समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो भाजपा लातेहार उग्र आंदोलन करने के लिये बाध्य होगी। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन और कार्यक्रम समाप्ति की औपचारिक घोषणा जिला मंत्री ध्रुव कुमार पाण्डेय के द्वारा की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष लाल कौशल नाथ शाहदेव, पूर्व जिला अध्यक्ष लाल अमित नाथ शाहदेव, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, महिला मोर्चा प्रदेश नेत्री कल्याणी पाण्डेय समेत जिले के सभी पदाधिकारी एवं सभी मंडल अध्यक्ष प्रमुखता से उपस्थित रहे।

## बाल श्रम मानवता पर कलंक, बच्चों को मिले शिक्षा और सम्मान का अधिकार :_ डॉ. प्रेम कुमार

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बाल श्रम समाज और मानवता पर एक गंभीर कलंक है। प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित बचपन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उचित पोषण तथा सम्मानजनक जीवन का अधिकार प्राप्त है। बच्चों से मजदूरी कराना न केवल उनके मौलिक अधिकारों का हनन है, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य को भी प्रभावित करता है।डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत सरकार एवं बिहार सरकार बाल श्रम उन्मूलन के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, समग्र शिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन योजना तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने और उन्हें श्रम से मुक्त कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी विकसित राष्ट्र की पहचान उसके बच्चों की स्थिति से होती है। यदि बच्चे शिक्षित, स्वस्थ और सुरक्षित होंगे तो देश का भविष्य भी सशक्त होगा। समाज के प्रत्येक नागरिक, अभिभावक, शिक्षक, उद्योगपति तथा सामाजिक संगठनों का दायित्व है कि वे बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता फैलाएं और किसी भी बच्चे को मजदूरी करने के लिए विवश न होने दें।उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे बाल श्रमिकों की पहचान कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बच्चों के हाथों में औजार नहीं, बल्कि पुस्तकें और कलम होनी चाहिए। यही विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आधार है।

## अमर शहीद रसिक हांसदा को शहादत दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि

नई सोच एक्सप्रेस



**धनबाद।** जल, जंगल, जमीन और अपनी माटी की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी एवं अमर शहीद रसिक हांसदा के शहादत दिवस पर बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। वर्ष 1979 में 11 जून के दिन क्षेत्र के लोगों के अधिकारों और अस्तित्व की लड़ाई लड़ते हुए तत्कालीन दबंग बीसीसीएल व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष के दौरान वे शहीद हुए थे। शहादत दिवस के अवसर पर मथुरा प्रसाद महतो ने शहीद रसिक हांसदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व एक विशाल जुलूस निकाला गया, जो शहीद नेपाल रवानी चौक पहुंचा। वहां उपस्थित लोगों ने नेपाल रवानी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान "शहीद तुम्हें नहीं भूलेंगे" के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद रसिक हांसदा की धर्मपत्नी रोबनी देवी ने अपने परिजनों के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। इस अवसर पर लखी सोरेन, बीसीकेयू नेता हरि प्रसाद पप्पू, डॉ. नीलम मिश्रा, शहीद के पुत्र महादेव हांसदा, जेसीएमयू के उमाशंकर चौहान, मनु आलम, अजय रवानी, नन्दलाल महतो, भूषण महतो, अभिषेक कुमार, जीतेन्द्र पासवान सहित दर्जनों समर्थकों और क्षेत्रवासियों ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि शहीद रसिक हांसदा का संघर्ष जल, जंगल, जमीन और स्थानीय लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए था। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को अपने अधिकारों एवं स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने और उनके संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# आंधी-बारिश आकाशीय बिजली से पति-पत्नी समेत10 लोगों की मौत

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार में मानसून की एंट्री हो चुकी है। मौसम विभाग ने 15 जून तक राज्य के सभी जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही आकाशीय बिजली की चेतावनी जारी की गई है। पिछले साल 17 जून को बिहार में मानसून की एंट्री हुई थी। इस बार 6 दिन पहले मानसून बिहार पहुंच गया है। 4 जून को केरलम में एंट्री के बाद से मानसून 8 दिन में 17 राज्यों में पहुंच चुका है। इसके अगले 2-3 दिनों में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में पहुंचने की संभावना है।गुरुवार को पटना, बक्सर, सुपौल, मधेपुरा, सीवान, बगहा, जहानाबाद, बेतिया, समस्तीपुर, बेगूसराय, भागलपुर और छपरा समेत 12 जिलों में बारिश हुई। आकाशीय बिजली में 8 लोगों की मौत हुई है। इसमें खगडिया में 6, मधेपुरा में दो भागलपुर व सहरसा में एक-एक लोगों की मौत की खबर है। मिली जानकारी में गुरुवार को खगड़िया में बिजली से अलग-अलग जगहों पर 6 लोगों की मौत हुई है। पौरा थाना क्षेत्र के कन्हौली गांव में तेज बारिश के दौरान कन्हौली दुखहरण बाबा स्थान के पास पेड़ के नीचे खड़े लोगों पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। इसमें पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान कन्हौली निवासी 55 साल के विद्यानंद यादव, 30 साल के आशुतोष यादव और आशुतोष यादव के बेटे के रूप में हुई है। वहीं देवठा वार्ड संख्या 7 में बिजली गिरने से जवाहर शर्मा (35 वर्ष) की भी मौत हो गई। सहरसा मे आकाशीय बिजली गिरने से 35 साल के किसान हीरा यादव की मौत हो गई। हीरा अपने खेत मुंग देखने गए थे और फिर मूंग को तोड़कर वापस लौट रहे थे इसी दरमियान आकाशीय बिजली और बारिश की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मधेपुरा में बिजली गिरने से पति-पत्नी की मौत हो गई। मक्का का फसल तैयारी कर बोरी में भरते समय दंपती पर ठनका गिरा, जिससे दोनों की जान चली गई। इधर, बिहार के करीब 1 करोड़ यूजर्स के फोन पर मौसम विभाग ने सुबह-सुबह अलर्ट मैसेज भेजा है। इसमें लिखा गया कि अगले 3 घंटे अरवल, भोजपुर, जहानाबाद, नालंगा, पटना, सारण, वैशाली में भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है। इस दौरान 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, यह प्री-मानसून गतिविधियों का असर है, जिसके कारण राज्य के अधिकांश हिस्सों में अगले 24 घंटे तक मौसम बदला रहेगा।

# ऐश्वर्या और अक्षय के पुराने वीडियो ने दर्शकों को डुबोया यादों में



बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और अभिनेता अक्षय खन्ना के वायरल हो रहे पुराने वीडियों ने दर्शकों को 90 के दशक की यादों में फिर से डुबो दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल यह वीडियो लगभग 27 साल पुराना बताया जा रहा है, जब दोनों कलाकार अपनी सुपरहिट फिल्म ताल के प्रचार के लिए अमेरिका के मियामी शहर में एक लाइव स्टेज शो में प्रस्तुति दे रहे थे। उस दौर में ताल एक बड़ी फिल्म थी, और इसके गाने एआर रहमान द्वारा संगीतबद्ध किए गए थे, जो आज भी संगीत प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। इस वीडियो में ऐश्वर्या और अक्षय, फिल्म के टाइटल ट्रैक ताल पर ऐसे ऊर्जावान तरीके से थिरकते नजर आ रहे हैं कि देखने वाले मंत्रमुग्ध हो गए। वीडियो में ऐश्वर्या राय ने सफेद रंग का एक खूबसूरत परिधान पहना हुआ है, जिसमें वह किसी परी की तरह लग रही हैं, उनकी अदाएं और भाव-भंगिमाएं दर्शकों का दिल जीत रही हैं। वहीं, अक्षय खन्ना भी पूरे जोश और तालमेल के साथ उनका साथ निभाते दिख रहे हैं। दोनों की स्टेज पर जबरदस्त ऊर्जा और केमिस्ट्री को देखकर वहां मौजूद विदेशी दर्शक भी झूमने पर मजबूर हो गए थे। यह वीडियो साल 1999 का है, जब फिल्म ताल रिलीज हुई थी और उसके गानों ने धूम मचा दी थी। फिल्म में ऐश्वर्या और अक्षय के साथ दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर भी मुख्य भूमिका में थे। यह अनदेखा वीडियो अचानक इंटरनेट पर फिर से सामने आया है और आते ही इसने सनसनी मचा दी है। लोग इसे इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म्स पर धड़ल्ले से शेयर कर रहे हैं। ताल के गानों की आज भी लोकप्रियता को देखते हुए, इतने सालों बाद ऐश्वर्या और अक्षय को इस तरह लाइव डांस करते देखना उनके प्रशंसकों के लिए एक बड़ा और सुखद आश्चर्य है। वीडियो में ऐश्वर्या के चेहरे के भावों की बारीकी और अक्षय का विशिष्ट अंदाज लोगों को बेहद पसंद आ रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद, फैंस अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि आज के नए अभिनेताओं में वह सादगी और खासियत नहीं है जो पहले के कलाकारों में होती थी। एक यूजर ने टिप्पणी की, ऐश्वर्या राय तब भी उतनी ही खूबसूरत थीं और आज भी उनका कोई मुकाबला नहीं है। वहीं, कुछ लोग अक्षय खन्ना के डांस और उनके स्टाइल की जमकर तारीफ कर रहे हैं, उनके जोश और ऊर्जा की प्रशंसा करते नहीं थक रहे।



# डॉन 3 के नुकसान की भरपाई की पेशकश की रणवीर ने पूनम ने की प्रशंसा



सिंटा (सीआईएनटीएए) की अध्यक्ष और अनुभवी अभिनेत्री पूनम ढिल्लों ने अभिनेता रणवीर सिंह की जमकर तारीफ की है। फिल्म डॉन 3 को लेकर चल रहे विवाद के बीच पूनम ने रणवीर को एक निष्पक्ष इंसान बताते हुए खुलासा किया कि फिल्म छोड़ने के बावजूद रणवीर ने नुकसान की भरपाई की पेशकश की और अपनी साइनिंग राशि भी लौटा दी है। अभिनेत्री ने कहा कि किसी भी एक्टर के लिए ऐसा करना आसान नहीं होता, और उन्होंने अभिनेता की इस ईमानदारी और व्यावसायिक नैतिकता की खूब प्रशंसा की है। सिंटा की अध्यक्ष होने के नाते पूनम ढिल्लों ने रणवीर सिंह को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रणवीर ऐसे इंसान नहीं हैं जो जानबूझकर किसी का नुकसान करें। पूनम ढिल्लों का एक इंटरव्यू हाल ही में काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने डॉन 3 से जुड़े विवाद पर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि फिल्म छोड़ने का फैसला भले ही रणवीर सिंह ने लिया होगा, लेकिन इसके पीछे जरूर कोई बड़ी और ठोस वजह होगी, क्योंकि वह ऐसे इंसान नहीं जो जानबूझकर किसी को कोई ठेस पहुंचाए या नुकसान पहुंचाए। फ्री प्रेस जर्नल को दिए इस इंटरव्यू में पूनम ढिल्लों ने कहा कि कोई भी इस बारे में पूरी जानकारी नहीं दे सकता कि वास्तव में क्या हुआ है, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रणवीर और एक्सेल एंटरटेनमेंट के बीच लंबे समय से अच्छे रिश्ते हैं और दोनों ने साथ में कई बार काम किया है। अपनी बात आगे रखते हुए पूनम ढिल्लों ने कहा, अगर वह इस फिल्म में काम करने से परहेज कर रहे हैं, तो जरूर इसमें कोई महत्वपूर्ण वजहें हो सकती हैं। लेकिन इन सब में सबसे अच्छी बात ये है कि वह सारे नुकसान की भरपाई करने की बात कह रहे हैं और उन्होंने साइनिंग अमाउंट भी लौटा दिया है। इंडस्ट्री में सारे एक्टर्स इतना बड़ा फैसला नहीं ले सकते, यह उनके चरित्र और ईमानदारी को दर्शाता है। उन्होंने यह भी बताया कि सिंटा हमेशा अपने सदस्यों के साथ खड़ा रहेगा और उनके हितों की रक्षा करेगा। पूनम ढिल्लों ने आगे कहा कि एफडब्ल्यूआईसीई की तरफ से जारी किया गया नॉन-कोऑपरेशन आदेश सभी को चौंकाने वाला था। उन्होंने कहा कि उस वक्त ऐसा लगा जैसे किसी तीसरे पक्ष ने अचानक आकर लड़ाई छेड़ दी हो, जिससे मामला सुलझाने के बजाय और उलझ गया। लेकिन अब बात मेकर्स और रणवीर सिंह के बीच है, और दोनों पक्ष आपसी बातचीत के बाद कोई समाधान निकालने की कोशिश कर रहे हैं, जो एक सकारात्मक कदम है। बता दें कि डॉन 3 विवाद के बीच रणवीर सिंह के पिता ने पूनम ढिल्लों से संपर्क किया था और इस मामले में सहयोग के लिए एक्ट्रेस का शुक्रिया अदा भी किया था।

# रानी ने बचपन में ही देख लिया था कुछ बडा करने का सपना



बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए एक बेहद भावुक और हृदयस्पर्शी किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि जब वे बहुत छोटी थीं, तभी से उनके मन में यह गहरा सपना था कि वे जीवन में कुछ बहुत बड़ा करें, ताकि अपने मम्मी-पापा को हर खुशी और ऐशो-आराम दे सकें, जिनकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। रानी मुखर्जी इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने एक पुराने इंटरव्यू के कारण चर्चा में हैं। इस इंटरव्यू में रानी ने खुलासा किया कि बचपन में जब भी वे किसी दुकान पर जाती थीं और उनका मन किसी खिलौने या किसी अन्य चीज को खरीदने का करता था, तो उनकी पहली प्रतिक्रिया अपनी मां के चेहरे को देखना होती थी। अगर उन्हें जरा भी यह अंदाजा होता था कि उनकी मां के पास उस वक्त उतने पैसे नहीं हैं या वे उसे खरीदने में असमर्थ होंगी, तो रानी चुपचाप अपनी इच्छाओं का दमन कर लेती थीं। वे कभी भी रोने-धोने या जिद करने का नाटक नहीं करती थीं, बल्कि अपनी भावनाओं को अंदर ही दबा लेती थीं। रानी ने बड़ी ही सरलता से यह भी बताया कि वे बचपन से ही अपनी उम्र के अन्य बच्चों की तुलना में कहीं अधिक समझदार थीं। जहां सामान्यतः बच्चे सिर्फ अपनी फरमाइशों और खिलौनों के बारे में सोचते हैं, वहीं रानी बहुत छोटी उम्र में ही अपने घर की परिस्थितियों, पैसों की तंगी और अपने माता-पिता की भावनाओं को गहराई से समझने लगी थीं। वे अपनी मां को किसी भी तरह के तनाव या मुश्किल में नहीं देखना चाहती थीं, इसलिए अपनी इच्छाओं को दबाकर उनके चेहरे पर मुस्कान बनाए रखने का प्रयास करती थीं। वे मन ही मन खुद से यह वादा करती थीं कि एक दिन वे इतनी कामयाब और अमीर बनेंगी कि उन्हें किसी भी चीज को खरीदने से पहले सोचना न पड़े और वे अपने माता-पिता की हर अधूरी ख्वाहिश को चुटकियों में पूरा कर सकें। उनके सपनों की उड़ान हमेशा उनके परिवार की खुशियों से ही शुरू होती थी। रानी के पिता राम मुखर्जी एक फिल्म निर्देशक थे और मां कृष्णा मुखर्जी एक प्लेबैक सिंगर थीं, इसलिए घर में सिनेमा का माहौल तो था ही, जिसने रानी को बहुत कम उम्र में ही अभिनय के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। रानी मुखर्जी ने आगे चलकर अपनी इसी समझदारी, कड़ी मेहनत और लगन के दम पर बॉलीवुड में कदम रखा और एक से बढ़कर एक ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं।

# नर्सिंग पेशे के प्रति गलत धारणा पर कंगना रनौत ने बोला तीखा हमला



बॉलीवुड एक्ट्रेस और राजनेता कंगना रनौत ने अपनी आगामी फिल्म भारत भाग्य विधाता के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर कहा कि नर्सें हमारी स्वास्थ्य सेवा की सबसे मजबूत रीढ़ होती हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि इस पेशे को समाज में अक्सर यौनिक नजरिए से देखा जाता है। समाज में नर्सिंग के पेशे को लेकर व्याप्त गलत धारणाओं और यौन उत्पीड़न के नजरिए पर कंगना ने तीखा हमला बोला है। नर्सिंग पेशे की जमीनी हकीकत बयां करते हुए कहा कि नर्सों को न सिर्फ बहुत कम सैलरी मिलती है, बल्कि उनसे जरूरत से ज्यादा काम भी कराया जाता है। उन्हें बदले में वह सम्मान और सराहना कभी नहीं मिलती जिसकी वे असल हकदार हैं। उन्होंने फिल्म के एक डायलॉग का हवाला देते हुए बताया कि लोग अस्पताल में नर्सों को देखकर टाइमपास के लिए दो-चार बातें करने की कोशिश करते हैं, जो समाज की बेहद ओछी और कड़वी सच्चाई को दिखाता है। कंगना का मानना है कि जब भी अस्पताल का जिक्र होता है, तो लोग सिर्फ डॉक्टरों के योगदान की बात करते हैं, जबकि मरीजों की देखभाल से लेकर अस्पताल की साफ-सफाई और पूरे सिस्टम को चलाने की असली रीढ़ नर्सें, वार्ड बॉयज और चौकीदार जैसे सपोर्ट स्टाफ ही होते हैं, जिन्हें हमेशा नजरअंदाज कर दिया जाता है। कंगना की फिल्म भारत भाग्य विधाता मुंबई में हुए 26/11 के खौफनाक आतंकी हमलों के दौरान कामा अस्पताल के जांबाज स्टाफ की बहादुरी की कहानी बयां करती है। फिल्म में कंगना खुद एक आम स्टाफ नर्स के किरदार में हैं, जिसकी मेहनत अक्सर लोगों की नजरों से ओझल रह जाती है। इस थ्रिलर फिल्म में यह दिखाया गया है कि कैसे आतंकियों के हमले के बीच अस्पताल के इन सीधे-साधे और चुपचाप काम करने वाले कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर 400 से ज्यादा मासूम लोगों की जान बचाई थी। कंगना ने बताया कि कामा अस्पताल का यही बहादुर स्टाफ आतंकी अजमल कसाब की पहचान करने में अहम गवाह बना था। इतना सब कुछ झेलने के बाद भी इन फ्रंटलाइन वर्कर्स ने अद्भुत साहस दिखाया और देश के साथ मजबूती से खड़े रहे, अपनी जिम्मेदारियों को निभाया। फिल्म के नाम को लेकर एक बेहद दिलचस्प बात बताते हुए कंगना ने खुलासा किया कि भारत भाग्य विधाता टाइटल असल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों से प्रेरित है। उन्होंने बताया कि साल 2025 में प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के अलग-अलग वर्गों के लिए खास नाम दिए थे, जैसे दिव्यांगजनों को और विधवाओं की योजना को कल्याणी, हाथ से काम करने वाले कारीगरों को विश्वकर्मा और देश के मेहनतकश मजदूरों व ग्राउंड वर्कर्स को भारत भाग्य विधाता कहा था। यह बात फिल्म की टीम के दिल को छू गई, जिसके बाद उन्होंने इसे अपनी फिल्म का टाइटल बनाने का फैसला किया क्योंकि नर्सें और अस्पताल का स्टाफ भी देश के असली भाग्य विधाता हैं। इस फिल्म के दमदार ट्रेलर ने दर्शकों को झकझोर कर रख दिया है और यह साफ कर दिया है कि इनके बिना हमारा पूरा सिस्टम एक दिन भी नहीं टिक सकता।

# मैं वापस आऊंगा को लेकर चर्चाओं में शरवरी वाघ



अपनी आगामी फिल्म मैं वापस आऊंगा को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी वाघ चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उन्हें एक ऐसी महिला का किरदार निभाने का मौका मिला, जो उनकी अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से काफी अलग है, जिसके चलते उन्हें नई भाषा और संस्कृति को समझना पड़ा। अपने इस अनुभव को लेकर शरवरी वाघ ने कहा, घर में मैं मराठी भाषा बोलती हूं और मेरी परवरिश पूरी तरह मराठी संस्कृति के बीच हुई है। ऐसे में एक पंजाबी महिला का किरदार निभाना मेरे लिए एक नया और दिलचस्प अनुभव था। शरवरी ने कहा, भाषाएं हमेशा से मुझे आकर्षित करती रही हैं। मेरा मानना है कि भारत जैसे देश में कलाकारों के लिए सीखने और समझने के अवसर कभी खत्म नहीं होते। यहां इतनी सारी भाषाएं और संस्कृतियां हैं कि हर नया किरदार किसी नई दुनिया का दरवाजा खोल देता है। एक अभिनेता के लिए सिर्फ डायलॉग बोलना ही काफी नहीं होता, बल्कि उस भाषा की भावना, उसके लहजे और उससे जुड़ी संस्कृति को समझना भी जरूरी होता है। अभिनेत्री ने कहा, भले ही मैं नई भाषाएं सीखने को लेकर उत्साहित रहती हूं, लेकिन मेरी मातृभाषा मराठी आज भी मेरे दिल के सबसे करीब है। जब भी मुझे किसी सीन के लिए भावनात्मक रूप से खुद को तैयार करना होता है या किसी खास एहसास से जुड़ना होता है, तो मैं अक्सर मराठी गाने सुनती हूं। मराठी भाषा के शब्द मेरे दिल को सबसे गहराई से छूते हैं। शरवरी ने कहा, अपनी जड़ों से जुड़ा रहना और साथ ही नई चीजें सीखना, दोनों ही जरूरी हैं। महाराष्ट्र से होने का एक फायदा यह भी मिला कि मुझे दूसरी भाषाओं को समझने और अपनाने में आसानी हुई। भारत की कई भाषाएं एक-दूसरे से किसी न किसी रूप में जुड़ी हुई हैं। यही वजह है कि नई भाषा सीखने की प्रक्रिया मेरे लिए मुश्किल के बजाय आनंददायक रही। फिल्म मैं वापस आऊंगा भारत के विभाजन की पृष्ठभूमि में बुनी गई एक प्रेम कहानी है। फिल्म में शरवरी के अलावा दिलजीत दोसांझ और नसीरुद्दीन शाह जैसे दिग्गज कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# फैशन आइकन से दमदार अभिनेत्री तक : 41 वर्ष की हुईं सोनम कपूर, जानिए उनके सफर की खास बातें

बॉलीवुड की स्टाइल क्वीन और चर्चित अभिनेत्री सोनम कपूर आज अपना 41वां जन्मदिन मना रही हैं। हिंदी फिल्म उद्योग में अपनी अलग पहचान बनाने वाली सोनम कपूर ने अभिनय, फैशन और सामाजिक मुद्दों पर बेबाक राय रखने के कारण विशेष लोकप्रियता हासिल की है। अभिनेता अनिल कपूर की बेटी होने के बावजूद उन्होंने अपने दम पर बॉलीवुड में एक विशिष्ट स्थान बनाया। 9 जून 1985 को मुंबई में जन्मी सोनम कपूर का बचपन फिल्मी माहौल में बीता। हालांकि अभिनय में आने से पहले उन्होंने पर्दे के पीछे काम करना पसंद किया और वर्ष 2005 में संजय लीला भंसाली की चर्चित फिल्म ब्लैक में सहायक निर्देशक के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद भंसाली ने ही उन्हें वर्ष 2007 में फिल्म सांवरिया से लॉन्च किया। फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही, लेकिन सोनम की मासूम अदाकारी और स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। वर्ष 2009 में आई दिल्ली-6 ने उनके अभिनय को नई पहचान दी। इसके बाद उन्होंने कई अलग-अलग तरह की फिल्मों में काम किया, लेकिन वर्ष 2013 उनके करियर का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। रांझणा और भाग मिल्खा भाग जैसी फिल्मों की सफलता ने उन्हें बॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्रियों की कतार में खड़ा कर दिया। दोनों फिल्मों में उनके अभिनय की समीक्षकों और दर्शकों ने जमकर सराहना की। सोनम कपूर ने वर्ष 2015 में सलमान खान के साथ प्रेम रतन धन पायो में काम किया। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और 200 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने में सफल रही। इसके बाद वर्ष 2016 में आई नीरजा उनके करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में शामिल हो गई। एयर होस्टेस नीरजा भनोट के साहसिक जीवन पर आधारित इस फिल्म में उनके अभिनय को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। वर्ष 2018 सोनम के लिए बेहद खास रहा। एक ओर पैडमैन और संजू जैसी सफल फिल्मों में उनकी मौजूदगी चर्चा में रही, वहीं दूसरी ओर उन्होंने उद्योगपति आनंद आहूजा से विवाह कर अपने जीवन की नई शुरुआत की। वर्ष 2022 में वह बेटे वायु की मां बनीं और इसके बाद से परिवार को अधिक समय देने लगीं। सोनम कपूर को केवल अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि फैशन इंडस्ट्री की ट्रेंडसेटर के रूप में भी देखा जाता है। वर्ष 2009 में उन्हें अंतरराष्ट्रीय कॉस्मेटिक ब्रांड लॉरियल का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया था। रेड कार्पेट पर उनके स्टाइल स्टेटमेंट अक्सर सुर्खियां बटोरते रहे हैं। वर्ष 2023 में फिल्म ब्लाइंड में नजर आने के बाद सोनम ने फिल्मों से कुछ दूरी बनाई है, लेकिन उनके प्रशंसक आज भी उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। अपने अभिनय, आत्मविश्वास और फैशन सेंस से लाखों दिलों पर राज करने वाली सोनम कपूर का सफर आज भी युवा कलाकारों के लिए प्रेरणा बना हुआ है।



# अफगानिस्तान के खिलाफ पहले एकदिवसीय में उतरते ही रोहित शर्मा बनायेंगे रिकार्ड



एजेंसी, मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा शनिवार को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले एकदिवसीय में उतरते ही एक नया रिकार्ड अपने नाम कर लेंगे। इसी के साथ ही रोहित सबसे अधिक उम्र में एकदिवसीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। रोहित ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है और अब उनका इस मैच में खेलना तय है। रोहित मैदान में उतरते ही दिग्गज बल्लेबाज रहे मोहिंदर अमरनाथ का सबसे अधिक उम्र में एकदिवसीय खेलने का रिकार्ड तोड़ देंगे। रोहित अफगानिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरते ही 39 साल और 44 दिन की उम्र में खेलने वाले क्रिकेटर बन जाएंगे। इससे पहले, यह रिकॉर्ड 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे मोहिंदर अमरनाथ के नाम दर्ज था। अमरनाथ ने भारत के लिए अपना आखिरी एकदिवसीय 1989 में 39 साल और 36 दिन की उम्र में खेला था। इस सीरीज में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के अलावा ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या चोट के चलते नहीं खेलेंगे। रोहित की नजरें इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर अब अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करने पर लगी रहेंगी। उनका लक्ष्य भारत को 2027 विश्व कप का खिताब जिताकर इस प्रारुप से संन्यास लेने का है।

## स्टोक्स को दूसरे टेस्ट के लिए कप्तानी के साथ ही टीम से बाहर करने पर भड़के वॉन

एजेंसी, लंदन

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने नाइटक्लब विवाद को लेकर बेन स्टोक्स को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए कप्तानी से हटाने के साथ ही टीम से बाहर करने पर नाराजगी जतायी है। इंग्लैंड और मेहमान टीम न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट केनिंग्टन ओवल, लंदन में 17 जून से खेला जाएगा पर इस मैच से पहले इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने स्टोक और गस एटकिंसन को टीम से बाहर कर दिया है। ईसीबी ने जो रूट को दूसरे टेस्ट के लिए कप्तान बनाया है। इस फैसले पर भड़े वॉन का मानना है कि स्टोक्स ने जरूर गलती की है, मगर उन्हें कप्तानी से नहीं हटाना चाहिए थे। बता दें, बेन स्टोक्स की अगुवाई में ही इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में हुए पहले टेस्ट में जीत दर्ज कर तीन मैच की इस सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई थी। वॉन ने कहा कि स्टोक्स ने नीयम तोड़कर गलती की थी पर उन्होंने सवाल किया कि क्या यह गलती इतनी गंभीर थी कि उन्हें कप्तानी के पद से हटाया जाए।



वॉन ने लिखा, स्टोक्स ने नियम तोड़ा। हां, उन्होंने गलती की। लेकिन क्या यह इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान के तौर पर हटाने लायक गलती है? मुझे ऐसा नहीं लगता। वॉन ने कहा कि ईसीसी को कार्रवाई का पूरा अधिकार है पर वह स्टोक्स को लीडरशिप रोल से हटाने के किसी भी कदम से सहमत नहीं हैं। उन्होंने लिखा, ईसीब को इतना साहसी और मजबूत होना होगा कि वह वही करे जो उसे सही लगता है। अगर इसका मतलब उसे निकालना है तो ठीक है, लेकिन मैं इस मुद्दे पर उस फैसले से सहमत नहीं हूं।

वॉन ने स्टोक्स का बचाव ऐसे समय में किया है जब टीम प्रोटोकॉल तोड़ने के बाद इंग्लैंड के कप्तान का भविष्य चर्चा का विषय बन गया है। यह मानते हुए कि वॉन ने तर्क दिया कि सजा गलती के हिसाब से होनी चाहिए। टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की हाल की सफलता में स्टोक्स की भूमिका को देखते हुए पूर्व कप्तान ने कहा कि फैसले में गलती होने पर कप्तानी अपने आप नहीं चली जानी चाहिए। वॉन ने यह भी सवाल उठाया कि क्या सिर्फ़ पेनल्टी ही खिलाड़ियों को गलतियां दोहराने से रोकने के लिए काफी है

## टी20 विश्वकप से 60 गुना अधिक है फीफा विश्वकप की इनामी राशि

एजेंसी, सेन डियागो

अमेरिकि, कनाडा और मैक्सिको में संयुक्त रुप से हो रहे टी20 विश्कवकप में पिछले बार से भी अधिक इनामी राशि मिलेगी। वहीं अगर टी20 क्रिकेट विश्वकप से तुलना की जाये तो फीफा विश्व की इनामी राशि 60 गुना अधिक है। इस प्रकार देखा जाये तो क्रिकेट और फुटबॉल जैसे दो सबसे लोकप्रिय खेलों के विश्वक कप की इनामी राशि में भारी अंतर है। जिससे सभी हैरान हैं। फीफा विश्व कप 2026 में इस बार कुल 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट से पहले ही फीफा



ने इस साल की इनामी राशि घोषित कर दी है। जिसमें पिछली बार के मुकाबले लगभग 50 प्रतिशत से अधिक की बढ़त हुई है। पिछली बार 2022 में फीफा वर्ल्ड प अर्जेंटीना ने खिताब जीता था, और उस समय कुल इनामी राशि 440 मिलियन डॉलर थी। वहीं साल 2026 में यह आंकड़ा बढ़कर 655 मिलियन डॉलर (लगभग 6241 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया है। अब अगर इस विशाल राशि की तुलना हाल ही में संपन्न हुए टी20 विश्व कप 2026 से करें, तो यह अंतर और भी हैरान करने वाला हो जाता है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने भारत में आयोजित टी20 विश्व कप 2026 जीतकर लगातार दूसरी बार खिताब जीता था। ऐसे में उसे कुल प्राइज मनी 11.25 मिलियन डॉलर में से विजेता के तौर पर 2.63 मिलियन डॉलर (लगभग 24.28 करोड़ रुपये) मिले थे। वहीं फीफा विश्व कप 2026 की कुल प्राइज मनी टी20 वर्ल्ड कप की तुलना में 60 गुना अधिक है।

## लिविंगस्टोन अब लंदन स्पिरिट की कप्तानी करते दिखेंगे

**एजेंसी, लंदन**। इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन अब द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में लंदन स्पिरिट की कप्तानी करते दिखेंगे। आईपीएल 2025 की विजेता टीम के सदस्य रहे लिविंगस्टोन का लक्ष्य ऐसे में लॉड्र्स में अपनी टीम को जीत दिलाना रहेगा। लिविंगस्टोन अभी अच्छे फॉर्म में हैं और इसी कारण से उन्हें टीम की कमान सौंपी गयी है। इसकी घोषणा लंदन स्पिरिट ने एक विशेष वीडियो के जरिये की है। लिविंगस्टोन ने कहा, मैं इस गर्मी में लंदन स्पिरिट की कप्तानी करने को लेकर बेहद से उत्साहित हूं। लॉड्र्स सिर्फ एक मैदान नहीं, बल्कि क्रिकेट का एक पवित्र स्थल है जहां यहां आने वाले दर्शक हर मैच को यादगार बना देते हैं। हमारी टीम में असाधारण प्रतिभा है, और मेरा लक्ष्य इस सीजन में इतिहास रचना है। इससे साफ है कि झलकता है कि वह इस चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार हैं और टीम को प्रेरित करने के लिए उत्सुक हैं। लंदन स्पिरिट के इतिहास में लिविंगस्टोन चौथे ऐसे खिलाड़ी होंगे जिन्हें यह महत्वपूर्ण भूमिका सौंपी गई है। उनसे पहले इयोन मॉर्गन, डेनियल लॉरेंस और केन विलियमसन जैसे दिग्गज इस टीम की कप्तानी संभाल चुके हैं। मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने भी लिविंगस्टोन पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया।

## मानव सुथार अब वारविकशर की ओर से काउंटी चैंपियनशिप में खेलेंगे

एजेंसी, नई दिल्ली

युवा लेग स्पिनर मानव सुथार अब इंग्लैंड की काउंटी चैम्पियनशिप में वारविकशर टीम की ओर से खेलते दिखेंगे। वारविकशर क्लब ने सुथार को अगले दो काउंटी चैम्पियनशिप मैचों के लिए शामिल किया है। 23 साल के सुधार अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद सभी की नजरों में आये हैं। उन्होंने पहली पारी में सिर्फ 33 रन देकर छह विकेट जबकि दूसरी पारी में भी 29 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। इस प्रभावशाली प्रदर्शन के कारण ही



अब उन्हें काउंटी क्रिकेट में अवसर मिला है। सुथार ने इससे पहले घरेलू क्रिकेट में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था।

उनके नाम 29 प्रथम श्रेणी मैचों में 129 विकेट दर्ज हैं, जो उनकी निरंतरता और कौशल का प्रमाण है। यह अनुभव उन्हें काउंटी क्रिकेट के चुनौतीपूर्ण हालातों और अनुभवी बल्लेबाजों के खिलाफ गेंदबाजी करने में निश्चित रूप से मदद करेगा। वारविकशर के साथ उनका यह अल्पकालिक अनुबंध उन्हें काउंटी चैम्पियनशिप के अगले दो मैचों के लिए चयन के लिए उपलब्ध कराएगा। उनका पहला मैच 12 से 15 जून तक यॉर्कशर के खिलाफ स्कारबोरो में खेला जाएगा। वहीं इसके बाद वह अगले सप्ताह टॉनटन में समरसेट के खिलाफ भी खेलते दिखेंगे। यह भारतीय स्पिनर के लिए इंग्लैंड के माहौल में ढलने और अपनी स्किल्स को परखने का एक शानदार अवसर होगा।

# बिजनेस

## यूएचएम वैकेशन की स्टॉक मार्केट में कमजोर शुरुआत, डिस्काउंट लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

एजेंसी, नई दिल्ली

बी टू बी ट्रैवल सर्विस ऑफर करने वाली कंपनी यूएचएम वैकेशन के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में गिरावट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 166 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 20 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 132.80 रुपये के स्तर पर हुई। कमजोर लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी देर में ही ये शेयर 126.20 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर आ गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 39.80 रुपये यानी 23.98 प्रतिशत का नुकसान हो गया। यूएचएम वैकेशन का 36 करोड़ रुपये का आईपीओ चार से आठ जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला




था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 2.36 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 100 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था। नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 86 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 3.86 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 29 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 4.20 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ में नई शेयरों के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी मार्केटिंग और प्रमोशन करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 11 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 5.27 करोड़ रुपये हो गया। इसके अगले वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का मुनाफा उछल कर 7.18 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से लेकर 28 फरवरी 2026 तक कंपनी को 8.05 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 20.49 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 30.66 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में 40.20 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से लेकर 28 फरवरी 2026 तक कंपनी को 45.29 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका था।

## शुरुआती कारोबार में रिकवरी के मूड में शेयर बाजार

**एजेंसी, नई दिल्ली** । घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती कारोबार के दौरान निचले स्तर से रिकवरी करता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। लगातार लिवाली होने के बावजूद पहले एक घंटे का कारोबार होने तक दोनों सूचकांक लगातार लाल निशान में ही बने हुए थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से आईसीआईसीआई बैंक, ओएनजीसी, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के शेयर 1.36 प्रतिशत से लेकर 0.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एचसीएल टेक्नोलॉजी, इंफोसिस, ट्रेंट लिमिटेड, टीसीएस और एटरनल के शेयर 3.28 प्रतिशत से लेकर 1.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

## केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा ने एमसीएलआर दरें बढ़ाई, नई दरें 12 जून से प्रभावी

एजेंसी, नई दिल्ली

निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के दो प्रमुख बैंकों केनरा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी सीमांत लागत आधारित उधारी दर (एमसीएलआर) में 0.05 फीसदी की बढ़ोतरी की है। दोनों की नई एमसीएलआर दरें 12 जून से प्रभावी होंगी। केनरा बैंक ने गुरुवार को जानकारी दी कि 24 घंटे के लिए एमसीएलआर बढ़कर अब 7.95 फीसदी, 1 महीना के लिए 8 फीसदी, 3 महीने के लिए 8.25 फीसदी, 6 महीने के लिए 8.60 फीसदी, 1 साल के लिए 8.75 फीसदी (कोई बदलाव नहीं), 2 साल के लिए 9.00 फीसदी और 3 साल के लिए 9.05 फीसदी हो जाएगा। एमसीएलआर की दरों में बढ़ोतरी के बाद ग्राहकों के लिए कर्ज लेना और महंगा हो जाएगा।




बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी कुछ अवधि की एमसीएलआर की दरों में 0.05 फीसदी बढ़ोतरी की है। बैंक के अनुसार एमसीएलआर की दर 7.80 फीसदी से बढ़कर अब 7.85 फीसदी हो जाएगी। 24 घंटे के लिए एमसीएलआर अब 7.85 फीसदी, एक महीना के लिए 7.95 फीसदी, 3 महीने के लिए 8.20 फीसदी, 6 महीने के लिए 8.50 फीसदी और 1 साल के लिए 8.75 फीसदी हो जाएगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के एमसीएलआर दर में वृद्धि से होम लोन, ऑटो लोन और अन्य फ्लोटिंग रेट वाले लोन की ब्याज दरों पर असर पड़ सकता है।

**क्या होता है एमसीएलआर :** एमसीएलआर वह आधार दर होती है, जिस पर बैंक अपने अधिकांश लोन की ब्याज दर तय करते हैं। इन बैंकों के फैसले का असर ग्राहकों के आवासीय ऋण, वाहन ऋण और व्यक्तिगत ऋण की मासिक किस्तों पर पड़ सकता है। केनरा और बैंक ऑफ बड़ौदा ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने रेपो रेट में लगातार दूसरी बार कोई बदलाव नहीं किया। फिलहाल रेपो रेट 5.25 फीसदी पर स्थिर बनी हुई है।

## केंद्र सरकार ने ईथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर शून्य किया

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने ईथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क को पूरी तरह से हटा दिया है। यह शुल्क छूट पेट्रोल के ई22, ई25, ई27 और ई30 संस्करणों पर लागू होगी। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में बुधवार को एक अधिसूचना में जानकारी दी है कि 22 फीसदी से लेकर 30 फीसदी तक ईथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। अधिसूचना के मुताबिक 22, 25, 27 और 30 फीसदी ईथेनॉल




मिश्रण वाले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 'शून्य' होगा। यह उत्पाद शुल्क छूट ग्राहकों को ईथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों के मई के दूसरे पखवाड़े में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगभग 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है।

## सर्राफा बाजार में बड़ी गिरावट, सोना और चांदी की घटी चमक

**एजेंसी, नई दिल्ली** । घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान जबरदस्त गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई कमजोरी के कारण चेन्नई के अलावा देश के दूसरे सर्राफा बाजार में सोना आज 3,970 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 4,320 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। वहीं चेन्नई में सोने के भाव में 4,020 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 4,380 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आ गई है। भाव में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,48,850 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,50,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,36,440 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,37,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी बड़ी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,49,000 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,36,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## स्टॉक मार्केट में वाह केमिकल्स की प्रीमियम लिस्टिंग, मुनाफे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी, नई दिल्ली

टेक्सटाइल इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाले केमिकल का उत्पादन करने वाली कंपनी वाह केमिकल्स का 13.45 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 60 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 4,000 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके



लिए उन्हें 2,40,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 22.42 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें 1.14 लाख शेयर मार्केट मेकर के लिए रिजर्व रखे गए हैं। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 47.46 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए भी 47.46 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.08 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए मारवाड़ी चंदाराणा इंटरमीडियरीज ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। मानसी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।